राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI No-DELHIN/2017/75336
www.uttambharatnews.com
email:- uttambharat05@gmail.com
आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी, विक्रम संवत , 2082
वर्ष : 09 अंक : 270
नई दिल्ली
बृहस्पतिवार, 15 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ : 12
मूल्य ₹ 3.00
@uttambharatofficial @uttambharat

# उत्तम भारत



"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली, हरियाणा से प्रकाशित एवं चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित

03 सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने... 06 यह महंगाई नहीं,नग्न बाजारवाद का... 12 बांग्लादेश में फैक्ट्री में लगी भीषण आग, झुलसने से 16...

# दिल्ली-एनसीआर में दीपावली में पटाखें फोड़ने की सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा




नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दीपावली के त्योहार के दौरान 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर के बीच दिल्ली-एनसीआर में हरित पटाखों की बिक्री और उसे फोड़ने की बुधवार को अनुमति दी।

मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अन्य की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

पीठ ने इस पर पहले लगे प्रतिबंध में ढील देते हुए कहा कि उद्योग जगत चिंतित है और प्रतिबंध के कारण पारंपरिक पटाखों की तस्करी होती है जिससे अधिक नुकसान होता है।

पीठ ने कहा, हमें एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा। हरियाणा के 22 जिलों में से 14 जिले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि जब प्रतिबंध लगाया गया था, तब कोविड-19 के दौरान को छोड़कर वायु गुणवत्ता में बहुत अधिक अंतर नहीं आया था। पीठ ने कहा, 'अर्जुन गोपाल मामले में आए फैसले के बाद ग्रीन पटाखों की अवधारणा शुरू की गई थी। पिछले छह वर्षों में ग्रीन पटाखों ने उत्सर्जन में काफी कमी की है। 14.10.2024 से 1.1.2025 तक इनके निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

पीठ ने आदेश दिया कि ग्रीन पटाखे केवल निर्धारित स्थानों पर ही फोड़े जा सकते हैं। पीठ ने पटाखे फोडने के लिए सुबह छह बजे से सात बजे के तक और रात आठ बजे से 10 बजे तक की अनुमति दी है। शीर्ष अदालत ने 10 अक्टूबर को संकेत दिया था कि वह दीपावली के दौरान ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल की अनुमति दे सकती है लेकिन एक निश्चित समयावधि के साथ। अदालत ने उस दिन कहा था कि दिल्ली-एनसीआर में पटाखे फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध 'न तो व्यावहारिक है और न ही आदर्श' क्योंकि ऐसे प्रतिबंधों का अक्सर उल्लंघन होता है और न्यायसंगत संतुलन की आवश्यकता है।

## कोर्ट के फैसले का रेखा गुप्ता ने किया स्वागत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति दिए जाने के बाद, इस फैसले का स्वागत किया जा रहा है। दिल्ली सरकार की ओर से इस निर्णय को जनता की भावनाओं के अनुरूप बताया गया है। दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, 'दिल्ली सरकार के विशेष आग्रह पर राजधानी में ग्रीन पटाखों के उपयोग की अनुमति प्रदान करने हेतु सर्वोच्च न्यायालय का आभार। उन्होंने कहा कि यह निर्णय दीपावली जैसे पवित्र पर्व पर जनभावनाओं और उत्साह का सम्मान करता है, साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण के प्रति संतुलित दृष्टिकोण को भी दशार्ता है।

## सचदेवा ने पटाखे फोड़ने की अनुमति दिये जाने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दीपावली के मौके पर हरित पटाखे फोड़ने की अनुमति दिये जाने वाले उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। सचदेवा ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली के सनातनियों को दीपावली पर पटाखे फोड़ने की यह छूट उनके सही वोट चुनाव का परिणाम है। भाजपा लगातार कहती रही थी कि दीपावली की एक रात के पटाखे फोड़ना राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की वृद्धि के लिए जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि इसके कई अन्य कारण जिम्मेदार होते हैं लेकिन प्रदेश की पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) सरकार जानबूझकर पटाखों को ही प्रदूषण का दोष दे रही थी। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व मंत्री गोपाल राय हिन्दू विरोधी करार देते हुए कहा कि ये दोनों वामपंथी राजनीति के प्रतीक हैं और उनकी सरकार जानबूझकर न्यायालय में ऐसे आंकड़े रखती थी जिनसे प्रभावित होकर शीर्ष अदालत गत कुछ वर्ष से दीपावली पर पटाखे फोड़ने पर रोक लगा रही थी।

# छिंदवाड़ा में एक और बच्चे की मौत, जहरीले सीरप ने ली 24 मासूम की जान



- वर्तमान में दो और बच्चे नागपुर के अस्पतालों में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। एक महीने के इलाज के बाद तोड़ा दम
- चौरई तहसील के ग्राम ककई बिल्वा निवासी अम्बिका विश्वकर्मा की तबीयत सितंबर की शुरूआत में बिगड़ी थी। स्थानीय स्तर पर इलाज से जब कोई सुधार नहीं हुआ तो परिजन उसे 14 सितंबर को नागपुर ले गए थे

नई दिल्ली। छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से बच्चों की मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार सुबह चौरई क्षेत्र की एक और मासूम, 3 साल 6 माह की अम्बिका विश्वकर्मा की नागपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मौत के साथ ही मध्य प्रदेश में सिरप कांड से मरने वाले बच्चों का आंकड़ा अब 24 पर पहुंच गया है। वर्तमान में दो और बच्चे नागपुर के अस्पतालों में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। एक महीने के इलाज के बाद तोड़ा दम

जानकारी के अनुसार, चौरई तहसील के ग्राम ककई बिल्वा निवासी अम्बिका विश्वकर्मा की तबीयत सितंबर की शुरूआत में बिगड़ी थी। स्थानीय स्तर पर इलाज से जब कोई सुधार नहीं हुआ तो परिजन उसे 14 सितंबर को नागपुर ले गए थे।

वहां डॉक्टरों ने जांच में किडनी फेल होने की पुष्टि की थी। करीब एक महीने तक चले इलाज के बाद बुधवार सुबह अम्बिका ने दम तोड़ दिया। अम्बिका की मौत के साथ ही प्रदेश में इस जहरीले सिरप से मरने वाले बच्चों की कुल संख्या 24 हो गई है। इससे पहले परासिया के मोरडोंगरी निवासी एक वर्षीय गर्विक पवार ने भी नागपुर के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। लगातार हो रही मौतों से जिले में हड़कंप मचा हुआ है।

## संक्षिप्त सार

### पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में 100 प्रतिशत की वृद्धि: रक्षा मंत्री



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों और पूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता योजनाओं में 100 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दी है। बुधवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये योजनाएं पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा केन्द्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से लागू की जाती हैं। वित्तीय सहायता में की गई प्रमुख बढ़ोतरी इस के तहत अनुदान 4,000 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 8,000 रुपए प्रति माह प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। यह सहायता 65 वर्ष से अधिक आयु वाले उन पूर्व सैनिकों के आश्रितों और विधवाओं को आजीवन दी जाएगी, जिनकी कोई नियमित आय नहीं है और जो गैर-पेंशनभोगी हैं। वहीं शैक्षणिक अनुदान 1,000 रुपए से बढ़ाकर 2,000 रुपए प्रति माह प्रति विद्यार्थी कर दिया गया है। यह सहायता अधिकतम दो आश्रित बच्चों को कक्षा 1 से स्नातक तक या दो वर्षीय परास्नातक कोर्स कर रही आश्रित विधवाओं को दी जाएगी। विवाह अनुदान में भी बढ़ोतरी की गई है। इसे 50,000 रुपए से बढ़ाकर 1,00,000 रुपए प्रति लाभार्थी कर दिया गया है।

### गोवा के मंत्री रवि नाइक का निधन, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक



नई दिल्ली। गोवा के कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री रवि नाइक का अचानक कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया। उनके परिवार ने इसकी पुष्टि की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वरिष्ठ नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें एक समर्पित लोक सेवक बताया, जिन्होंने गोवा के विकास में अमिट योगदान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'गोवा सरकार में मंत्री रवि नाइक के निधन से दुखी हूं। उन्हें एक अनुभवी प्रशासक और समर्पित लोक सेवक के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने गोवा के विकास पथ को समृद्ध बनाया। वे विशेष रूप से वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित थे। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। ओम शांति।

### एनकाउंटर के नाम पर जनता को डराया जा रहा है : अखिलेश यादव



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार केवल एनकाउंटर की राजनीति कर रही है ताकि लोगों को डराया जा सके, लेकिन राज्य की कानून-व्यवस्था सुधारने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है। अखिलेश यादव ने कहा, 'यह सरकार एनकाउंटर करवाकर लोगों को भयभीत करना चाहती है। वे यह दिखाना चाहते हैं कि कानून व्यवस्था सुधार ली है, जबकि सच्चाई यह है कि कई निर्दोष इसका शिकार बने हैं। कई मामलों में तो पुलिसकर्मियों को भी जेल जाना पड़ा है। जैसे जौनपुर में 8-10 पुलिसकर्मी जेल में हैं।' अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर गोरखपुर और लखनऊ के गोमती रिवर फ्रंट पर स्वर्गीय कवि केदारनाथ सिंह की प्रतिमा लगाई जाएगी। उन्होंने कहा, गोमती रिवर फ्रंट लखनऊ की शान है, हम वहां केदारनाथ सिंह जी को सम्मानित करेंगे।

# बीजेपी ने जारी की 12 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट

## मैथिली ठाकुर को मिला टिकट



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट 2025) जारी कर दी है। दूसरी लिस्ट में 12 प्रत्याशियों के नाम हैं। एक दिन पहले ही बीजेपी में शामिल हुई मैथिली ठाकुर को बीजेपी ने अलीनगर विधानसभा सीट से टिकट दिया है। इसी के साथ, बीजेपी ने हायाघाट से राम चंद्र प्रसाद को टिकट दिया है। वहीं, मुजफ्फरपुर सीट से रंजन कुमार चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे। गोपालगंज से सुभाष सिंह को टिकट मिला है। बनियापुर से केदार नाथ सिंह को प्रत्याशी बनाया है। छपरा सीट से छोटी कुमारी को बीजेपी ने टिकट दिया है। सोनपुर सीट से विनय कुमार सिंह बीजेपी के कैंडिडेट होंगे। रोसड़ा (अ.जा) सीट से बीरेंद्र कुमार को टिकट मिला है। बाढ़ विधानसभा सीट से सियाराम सिंह को बीजेपी ने प्रत्याशी बनाया है। अगिआंव सीट से महेश पासवान को टिकट मिला है। शाहपुर सीट से राकेश ओझा को बीजेपी ने चुनावी मैदान में उतारा है। बक्सर सीट से पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा को टिकट मिला है।

| क्रमांक | विधानसभा का नंबर और नाम | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 81 - अलिनगर | मैथिली ठाकुर |
| 2. | 84 - हायघाट | राम चंद्र प्रसाद |
| 3. | 94 - मुजफ्फरपुर | रंजन कुमार |
| 4. | 101 - गोपालगंज | सुभाष सिंह |
| 5. | 115 - बनियापुर | केदार नाथ सिंह |
| 6. | 118 - छपरा | छोटी कुमारी |
| 7. | 122 - सोनपुर | विनय कुमार सिंह |
| 8. | 139 - रोसड़ा (अजा) | बीरेंद्र कुमार |
| 9. | 179 - बाढ़ | डॉ. सियाराम सिंह |
| 10. | 195 - अगिआंव (अजा) | महेश पासवान |
| 11. | 198 - शाहपुर | राकेश ओझा |
| 12. | 200 - बक्सर | आनंद मिश्रा, पूर्व आईपीएस |

# गुप्तकाशी में चतुर्थ सीमांत पर्वतीय बाल विज्ञान महोत्सव का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुप्तकाशी में चतुर्थ सीमांत पर्वतीय बाल विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सीमांत क्षेत्रों में सुविधाओं और सेवाओं के विस्तार हेतु राज्य में सीमांत क्षेत्र विकास परिषद का गठन किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत जनपदों में अब ऐसे नवाचार केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहाँ आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी उपयोगी जानकारी और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित चतुर्थ सीमांत पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव के राज्य स्तरीय आयोजन का दीप प्रज्वलित शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न जनपदों से आए बाल वैज्ञानिकों के साथ जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक जल संसाधन एवं संरक्षण, आपदा प्रबंधन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा ऊर्जा संरक्षण आदि विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भव्य आयोजन से सीमांत जनपदों के प्रतिभावान बाल वैज्ञानिकों को नई दिशा और अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर रूद्रप्रयाग जिले में आपदा प्रबंधन केंद्र के निर्माण के लिए जिलाधिकारी को कार्ययोजना बनाने के निर्देश देने के साथ ही पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बणसू जाखधार में विभिन्न कार्यों के लिए 50 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, सीमांत क्षेत्र के उद्यमी इंद्र सिंह रावत और सीमांत सेवा फाउंडेशन के डॉ. पाटनी को सम्मानित करने के साथ ही यूकॉस्ट की रुद्रप्रयाग डैशबोर्ड पुस्तक का विमोचन भी किया। इस जीआईएस आधारित रिमोट सिस्टम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की योजनाओं से जुड़ी सूचनाएँ एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी। चतुर्थ सीमांत पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव की थीम जलवायु परिवर्तन अनुकूलन रणनीतियां तथा आपदा जोखिम प्रबंधन एकीकरण है। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक जल संसाधन एवं संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा को बढ़ावा देना और ऐसी रणनीतियाँ विकसित करना है।

# अब्दुल कलाम जयंती : पीएम और राजनाथ ने दी श्रद्धांजलि, उनके विचारों को बताया प्रेरणादायी



पीएम मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने डॉ. कलाम के योगदान को रेखांकित करते हुए उनके विचारों को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में प्रेरणादायी बताया प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। उन्हें एक ऐसे दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में याद किया



नई दिल्ली। भारत के पूर्व राष्ट्रपति और 'मिसाइल मैन' के नाम से विख्यात डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर देशभर में उन्हें याद किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

पीएम मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने डॉ. कलाम के योगदान को रेखांकित करते हुए उनके विचारों को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में प्रेरणादायी बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। उन्हें एक ऐसे दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने युवा मन को प्रज्वलित किया और हमारे देश को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। उनका जीवन हमें याद दिलाता है कि सफलता के लिए विनम्रता और कड़ी मेहनत बेहद जरूरी है। डॉ. कलाम का सपना एक सशक्त, आत्मनिर्भर और करुणामय भारत था और हम उनके इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने 1.07 मिनट का वीडियो भी शेयर किया, जिसमें वे बता रहे हैं, 'कलाम साहब का जीवन इतना व्यापक, विशाल और गहरा रहा है कि उन्हें याद करने पर गर्व होता है, लेकिन साथ में एक कसक भी रहती है कि काश वह हमारे साथ होते। यह जो कमी महसूस होती है, इसको भरना सभी के लिए चुनौती है।' उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि अब्दुल कलाम जी के आशीर्वाद से उन्होंने हम देशवासियों को जो शिक्षा-दीक्षा दी है, उसे हम अवश्य पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे। यह उन्हें हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। वे राष्ट्रपति बने और मैं समझता हूं कि उसके पहले वे राष्ट्र रत्न थे। कलाम साहब का जीवन हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। हम सब अपने संकल्प को पूरा करने के लिए पूरी जान से जुटेंगे।' राजनाथ सिंह ने भी डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'दूरदर्शी वैज्ञानिक, प्रेरणादायी नेता और सच्चे देशभक्त डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।' उन्होंने डॉ. कलाम के रक्षा, विज्ञान और युवा सशक्तीकरण के क्षेत्र में योगदान को याद किया। राजनाथ ने लिखा, 'भारत की रक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने में उनका समर्पण अविस्मरणीय है। 'भारत के मिसाइल मैन' आज भी पीढ़ियों को बड़े सपने देखने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने डॉ. कलाम की विरासत को हर भारतीय के दिल में अंकित बताया। डॉ. कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में हुआ था।

**सौगात** — बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ तब मिलना शुरू हुआ जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने

# सीएम योगी की चेतावनी, बोले- जिसने भी रंग में भंग डाला होगा सलाखों के पीछे



- सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में परिवार से ऊपर कोई सोच नहीं थी। सैफई परिवार के अलावा किसी और की चिंता नहीं होती थी। चाचा-भतीजा और महाभारत के किरदारों की राजनीति में गरीबों की योजनाएं लूट ली जाती थीं।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दीपावली के पहले यह प्रदेश के गरीब परिवारों के लिए एक बड़ा उपहार है।

सीएम योगी ने कहा कि त्योहारों का उद्देश्य यही है कि हम अकेले नहीं, बल्कि सामूहिक रूप से इस उत्साह का हिस्सा बनें। 2021 में राज्य सरकार ने तय किया था कि वर्ष में दो बार होली और दीपावली के अवसर पर उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थियों को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर दिए जाएंगे। इसी क्रम में आज प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को यह सौगात दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में सभी त्योहार, होली, दीपावली, ईद, क्रिसमस, गुरु पर्व, जन्माष्टमी या रामनवमी पूरी शांति, सौहार्द और उमंग के साथ मनाए गए हैं। अब वह सरकार नहीं है जो दंगाइयों के सामने घुटने टेक दे। यह सरकार जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में जवाब देना जानती है। उत्साह और उमंग के त्योहार में यदि किसी ने व्यवधान डाला तो जेल की सलाखें उसका इंतजार कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी लोककल्याणकारी सरकार का दायित्व होता है कि वह शासन की योजनाओं का लाभ ईमानदारी से उन गरीबों, वंचितों और दलितों तक पहुंचाए, जो इसके पात्र हैं। आजादी के बाद पहली बार गरीबों को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ तब मिलना शुरू हुआ जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने। 2014 के पहले गैस कनेक्शन लेना भी एक संघर्ष था, लेकिन पीएम मोदी ने 11 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिलाए। अकेले उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को इसका लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि पहले गरीब लकड़ी, कोयले या उपलों में खाना पकाते थे जिससे परिवार बीमार पड़ते थे। आज उज्ज्वला योजना ने नारी गरिमा को सम्मान दिया है और घर-घर में स्वास्थ्य और सुविधा का उजाला फैलाया है।

सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में परिवार से ऊपर कोई सोच नहीं थी। सैफई परिवार के अलावा किसी और की चिंता नहीं होती थी। चाचा-भतीजा और महाभारत के किरदारों की राजनीति में गरीबों की योजनाएं लूट ली जाती थीं। नौकरियों में डकैती, विकास के पैसे में छीना-झपटी होती थी और त्योहार भी दंगों की भेंट चढ़ जाते थे। डबल इंजन की सरकार आने के बाद अब प्रदेश को परिवार मानकर काम हो रहा है।

# ओरछा में हो रहा दिव्य और भव्य श्रीराम राजा लोक का निर्माण : मुख्यमंत्री. यादव



- ओरछा में हो रहे हैं 239 करोड़ रूपए से अधिक लागत के कई निर्माण कार्य

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि श्रीराम का नाम ही काफी है। यथा नाम तथा गुण।

राम अपने गुणों से, अपने आचरण से, अपनी पितृभक्ति से और प्रजाजन का पालनहार बनकर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम बने। ओरछावासी बड़े ही भाग्यशाली हैं कि भगवान श्रीराम ने अपने दरबार के लिए ओरछा को चुना। ओरछा के लोगों को हर दिन अवधपति श्रीराम राजा सरकार के दरबार दर्शन का पुण्य मिलता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को निवाड़ी जिले के ओरछा में श्रीराम राजा लोक के दूसरे चरण के निर्माण कार्यों के भूमिपूजन सहित अन्य विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्ण विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर श्रीराम राजा लोक में दूसरे चरण के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओरछा के प्रमुख मंदिर पहुंचकर श्रीराम राजा सरकार के दरबार में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने श्रीराम राजा लोक के भव्य निर्माण के लिए पहले चरण में मंजूर एवं वर्तमान में निमार्णाधीन कार्यों का मौके पर जाकर अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओरछा के साथ चित्रकूट में भी करीब 2200 करोड़ रूपए के निर्माण कार्य चल रहे हैं। श्रीराम वन गमन पथ और श्रीकृष्ण के लीला स्थलों को तीर्थ क्षेत्र बनाया जाएगा। इसके लिए सरकार ने राशि मंजूर कर दी है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश इलेक्ट्रानिक विकास निगम एवं एक एनजीओ के बीच करार की प्रक्रिया पूरी होने पर संस्था को लेटर ऑफ अवार्ड भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवाड़ी शहर को 'नगर पालिका परिषद' का दर्जा देने के लिए जल्द ही परीक्षण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ओरछा को धार्मिक पर्यटन सहित एयर एम्बुलेंस एवं हेलीकॉप्टर सेवाओं से भी जोड़ा जाएगा। इसके लिए एयर स्ट्रीप बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने नेंदुआ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन कर नया अस्पताल बनाने की घोषणा की। साथ ही क्षेत्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नए सड़क मार्गों के निर्माण की भी घोषणा की गई।

P-02:28 paga09_jhn.qxd 10/15/2025 10:16 PM Page 1



# चौमुहां के गांव बझेज़ का जिला पंचायत राज अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चौमुहां।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बझेज़ का जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जयसवाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गांव की साफ-सफाई को लेकर डीपीआरओ ने नाराजगी जाहिर की। जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जयसवाल ने बताया कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत बझेज़ में सामुदायिक शौचालय, निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल ,पंचायत भवन , आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया गया है । दीपावली के त्यौहार के अवसर पर गांव की विशेष साफ-सफाई के लिए पंचायत सचिव को निर्देशित किया है । उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए कहा कि वह अपने घर की प्लास्टिक को इधर-उधर न फेंके , प्लास्टिक को अपने घर मे ही एक जगह पर एकत्रित कर ले । पंचायत का सफाई कर्मचारी प्रत्येक सप्ताह आपके घर से एकत्रित प्लास्टिक को ले जाएगा । जिसे रिसाइकिल कर दोबारा उपयोग में लाया जा सकेगा । घरों से निकलने वाला प्लास्टिक इधर-उधर फेकने से गांव में गंदगी होती है । गन्दगी से बीमारियां होती है । गांव को साफ और स्वच्छ रखने के प्लास्टिक से मुक्ति जरूरी है । इस अवसर पर एडीओ पंचायत नवेश कुमार सुमन, पंचायत राजेश सिंह, बीसी चौधरी धर्मेंद्र सिंह , पंचायत सहायक उपस्थित रहे ।

# जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष का ज़िला स्तरीय शिविर का डीएम ने किया उद्घाटन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** सेठ बी0एन0 पोद्दार इंटर कॉलेज के ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी मेला में वित्त मंत्रालय द्वारा प्रारंभ ÷आपकी पूंजी, आपका अधिकार÷ जन-जागरण अभियान के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष विषय पर एक ज़िला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा किया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया।

कार्यक्रम में परियोजना निदेशक ए0के0 उपाध्याय, अग्रणी जिला प्रबंधक रवीन्द्र कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय प्रबंधक केनरा बैंक बरुण कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक आर0एस0 वर्मा, एल0डी0ओ0 भारतीय रिजर्व बैंक नितिन कुमार, डी0डी0एम0 नाबार्ड अभिषेक शुक्ला, शाखा प्रबंधक इंडियन ओवरसीज़ बैंक सुश्री चंचल पालिया, शाखा प्रबंधक इंडियन ओवरसीज़ बैंक सिविल लाइंस, वरिष्ठ सलाहकार सी0एफ0एल0 अमित चतुर्वेदी, शिविर प्रबंधक/ प्रबंधक केनरा बैंक अग्रणी जिला बैंक अंशुल कुमार वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता फंड के इस ज़िला स्तरीय जागरूकता शिविर का उद्घाटन करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष और संतोष का अनुभव हो रहा है। यह शिविर केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि उन लाखों लोगों के अधिकारों को पुनर्स्थापित करने का प्रयास है, जिनकी मेहनत की कमाई वर्षों से बिना दावे के पड़ी हुई है।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2014 में डीईए फंड योजना की शुरुआत इसी उद्देश्य से की थी कि ऐसे बैंक जमा, जिन पर दस वर्ष या उससे अधिक समय तक कोई दावा नहीं किया गया, उन्हें एक सुरक्षित कोष में रखा जाए। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह धनराशि किसी भी स्थिति में सरकार या बैंक की संपत्ति नहीं बनती, बल्कि जमाकर्ता या उसके कानूनी उत्तराधिकारी इसे किसी भी समय वापस प्राप्त कर सकते हैं। 31 मार्च 2024 तक, डीईए फंड में कुल रुपए 78,212.53 करोड़ की दावा नहीं की गई, जो जमाराशियाँ स्थानांतरित की जा चुकी हैं। 30 जून 2025 तक, भारतीय बैंकों ने लगभग रुपए 67,000 करोड़ की अतिरिक्त राशि इस फंड में स्थानांतरित की है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का योगदान सबसे अधिक रुपए 58,330.26 करोड़ है, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक ने रुपए 19,329.92 करोड़ के साथ सबसे बड़ा योगदान दिया है। निजी क्षेत्र के बैंकों ने भी रुपए 8,673.72 करोड़ स्थानांतरित किए हैं, जिनमें आईसीआईसीआई बैंक का योगदान रुपए 2,063.45 करोड़ है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि लोगों की भारी-भरकम धनराशि अब भी अनजाने में बैंकों में बिना दावे के पड़ी हुई है। यह हमारा दायित्व है कि हम इस धन को उसके वास्तविक मालिक तक पहुँचाएँ। इस दिशा में भारतीय रिज़र्व बैंक ने हाल ही में डीईए फंड के परिचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है, जो 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हो चुके हैं। अब बैंक ई-कुबेर प्रणाली पर ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक दावे और स्थानांतरण कर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया और तेज व पारदर्शी हो जाएगी। सभी नागरिकों से जिलाधिकारी ने आग्रह किया है कि उदगम पोर्टल का उपयोग कर अपने नाम से जुड़ी दावा न की गई जमा राशि की खोज अवश्य करें। अपने बैंक खाते सक्रिय रखें, के0वाई0सी0 अपडेट कराएं और समय-समय पर खाते का उपयोग करें। यदि आपके माता-पिता, रिश्तेदार या दिवंगत परिजनों के पुराने खाते हैं, तो उनके दावे बैंक में जाकर दर्ज कराएँ।

# दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज को लेकर एसएसपी ने लिया बाजारों को जायजा, की व्यापारियों से वार्ता



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज जैसे आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। देर रात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने एसपी सिटी राजीव कुमार, सीओ सिटी आईपीएस आशना चौधरी और कोतवाली प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा के साथ भारी पुलिस बल के साथ शहर के मुख्य बाजारों में पैदल गश्त की।

पुलिस टीम ने कृष्णा नगर क्षेत्र, विशेषकर सर्राफा बाजार और ज्वेलरी शोरूमों का निरीक्षण किया। एसएसपी ने दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए व्यापारियों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की जांच की और निर्देश दिए कि सभी कैमरे पूरी तरह चालू रखें, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत रिकॉर्ड किया जा सके। एसएसपी श्लोक कुमार ने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान बाजारों में पुलिस की लगातार उपस्थिति बनी रहेगी, ताकि लोग निश्चिंत होकर खरीदारी कर सकें। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्राहकों से भी बातचीत की और उन्हें पुलिस की मुस्तैदी का भरोसा दिलाया। शहर के विभिन्न स्थानों पर पिकेट और गश्त दलों की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

एसएसपी श्लोक कुमार ने स्पष्ट कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि मथुरा पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर सक्रिय है और त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# मोबाइल बैन, वेद अनिवार्य: श्रीजज़्खोर का गुरुकुल, जहां तैयार हो रही संस्कारवान जेन जेड



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** आज जहां पूरी दुनिया की जेन जेड मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया के प्रभाव में खोई हुई है, वहीं भारत के राजस्थान के डीग कस्बे में एक अनोखा गुरुकुल भविष्य की तस्वीर बदल रहा है। आधुनिक जीवनशैली के दबाव और पश्चिमी प्रभाव से अलग, यहां बच्चे मोबाइल और टीवी से दूर, शास्त्रों और वेदों का गहन अध्ययन कर रहे हैं। नेपाल जैसे पड़ोसी देश में हाल ही में जेन जेड द्वारा उपद्रव और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने की घटनाएं चर्चा में रहीं। इसके विपरीत भारत में इसी पीढ़ी के युवा संस्कृति-संरक्षक के रूप में उभर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस ÷बुलंद भारत÷ का सपना दिखाते हैं, उसकी झलक यहां की अनुशासित और संस्कारित जीवनशैली में मिलती है। इस जेन जेड पीढ़ी को नैतिकता, धर्म, संस्कृति और मूल्य सिखा रहा है डीग के श्रीजज़्खोर गोधाम में संचालित गणेशदास भक्तमाली वेद विद्यालय। यहां वैदिक परंपरा से शिक्षा प्राप्त कर रहे बटुक ब्रह्मचारियों को भारत की संस्कृति, परंपराओं और रक्षार्थ तैयार किया जा रहा है। ब्रह्ममुहूर्त में उठना, गो सेवा करना, यज्ञ और हवन के साथ नियमित सूर्य उपासना तथा वेद मंत्रोच्चारण का अभ्यास उनकी दिनचर्या का हिस्सा है। वृंदावन स्वामी राजेन्द्र दास महाराज का कहना है ÷हमारा उद्देश्य विलुप्त होती सनातन संस्कृति की रक्षा करना है। हम एक पथभ्रष्ट भावी पीढ़ी के बजाय संस्कारवान युवा शक्ति का निर्माण करना चाहते हैं, जो भविष्य में गो भक्त, संत भक्त, राष्ट्र भक्त, राष्ट्र रक्षक और सनातन संस्कृति के संवाहक बनें। जिस भी समय देश को इन युवाओं की आवश्यकता हो, वे सबसे आगे खड़े हों।÷

दिनचर्या आसान नहीं, मोबाइल सोशल मीडिया बैन

इस शिक्षा मंदिर में मोबाइल, कंप्यूटर और टीवी जैसी चीजें पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। बच्चों को सप्ताह में केवल एक बार अभिभावकों से फोन पर बात करने की अनुमति होती है और माह में एक बार माता-पिता उनसे मिल सकते हैं।

# राष्ट्रहित में हाथ मिलाने में कुछ भी गलत नहीं : सुले

**पुणे।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के विपक्षी महाविकास आघाड़ी (एमवीए) में शामिल होने की चर्चा के बीच, राकांपा (एसपी) नेता सुप्रिया सुले ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रहित में साथ आने में कुछ भी गलत नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एमवीए के वरिष्ठ नेता मनसे को गठबंधन में शामिल करने पर विचार-विमर्श करेंगे और निर्णय लेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या एमवीए को राज ठाकरे के रूप में एक नया सहयोगी मिल गया है, सुले ने कहा, ''राष्ट्रहित में साथ आने में कुछ भी गलत नहीं है।''

सुले ने पुणे में संवाददाताओं से कहा, ''लेकिन, राज ठाकरे को एमवीए में शामिल करने का फैसला वरिष्ठ नेता लेंगे। ये बड़े राजनीतिक फैसले हैं और ऐसे निर्णय कैमरों के सामने नहीं लिए जाते। ऐसी चर्चाएं बैठकों में होती हैं। हम बैठक के बाद निर्णय की जानकारी देंगे।''

सुले का यह बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही राज ठाकरे, राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे सहित शीर्ष विपक्षी नेताओं के साथ महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस चोकालिंगम से मिले और मतदाता सूची सहित चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को उठाया।

राज ठाकरे की सक्रिय भागीदारी से इस बात पर नए सिरे से चर्चा शुरू हो गई है कि क्या मनसे विपक्षी गठबंधन एमवीए में शामिल होगी।

# जीआरपी ने चोरी के मोबाइल सहित दबोचे दो शातिर



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** जीआरपी द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मथुरा जंक्शन से दो मोबाइल फोन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीआरपी थाना प्रभारी यादराम सिंह यादव अपनी टीम के साथ रेलवे जंक्शन मथुरा पर चेकिंग कर रहे थे। वहां उन्हें गेट नंबर 3 के पास स्वचालित सीढियों के नीचे बैठे मिले दो संदिग्ध व्यक्तियों से उन्होंने पूछताछ की। संतोष जनक जवाब न मिलने पर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 40 हजार रूपए की कीमत के दो ओप्पो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

गिरफ्तार किए गए दिलीप कुशवाहा पुत्र सेवाराम निवासी गोपियां पुरा थाना सराछोज़ जिला मुरैना मध्य प्रदेश व हरीश पुत्र राधेश्याम निवासी बोदला पथवारी मंदिर थाना जगदीशपुरा आगरा ने बताया कि वह ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों का मोबाइल चुराकर जंक्शन पर आते जाते लोगों को बेच देते थे।

# सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने मौलाना नासिर खान साहब को जामा मस्जिद का शाही इमाम बनने पर जुब्बा पहन कर दी मुबारकबाद



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मौलाना नासिर खान साहब को शाही इमाम जामा मस्जिद का बनने पर हसीन मैरिज हॉल में एक प्रोग्राम हुआ जिसमें मुख्य अतिथि रामपुर जिले के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी थे और मौलाना नासिर कसाब को जामा मस्जिद का शाही इमाम बनने पर उनको जुब्बा बनाकर मुबारकबाद दी

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि मौलाना नासिर खान साहब हमारे मदरसे के सीनियर साथी हैं और वह एक छोटे कस्बे बिलासपुर से निकलकर रामपुर शहर आए और उन्होंने अपनी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है मौलाना नासिर खान साहब से हमारे उस्ताद मुफ्ती महबूब अली खान भी काफी मोहब्बत करते थे एल्डर कमेटी के अध्यक्ष के बी माथुर एडवोकेट का अभी कुछ दिनों पहले ही इंतकाल हो गया था सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने एल्डर कमेटी के अध्यक्ष के बी माथुर साहब के घर आवास विकास जाकर 2 मिनट का मोन रखकर उनकी आत्मा के लिए अल्लाह से दुआ की और इस दुख की घड़ी में वालों की भी सवेंरे जमील अता करने की दुआ की यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी महबूब पक्ष एडवोकेट ने दी

# गन्ने के खेत में लगी आग 2 एकड़ गन्ना जलकर खाक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**दढ़ियाल।** चौकी क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की शाम को गन्ने के खेत में आग लग गई। आग लगने के कारण 2 एकड़ गन्ना जलकर खाक हो गया। सूचना पाकर पहुंचे किसान ने किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट आई।

जानकारी अनुसार बताया जाता है कि चौकी क्षेत्र के गांव नारायणपुर निवासी मुनेश चौहान ने अपने खेत में गन्ने की फसल लगा रखी है। जबकि मुनेश चौहान के खेत के पास ही पीपली नायक निवासी किसान इलियास का खेत है। बुधवार की शाम लगभग 5 बजे इलियास ने अपने खेत में धान की फसल काटने के बाद बचे हुए अवशेष को इखट्टा कर रहा रहा । किसी तरह पराली में आग लग गई। पराली से आग की चिंगारी मुनेश चौहान के गन्ने के खेत में पहुंच गई। गन्ने की खड़ी फसल ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। गन्ने के खेत में आग लगने की सूचना पाकर खेत स्वामी मुनेश चौहान के होश उड़ गए। आनन फानन में मुनेश चौहान ने अपने खेत की ओर दौड़ लगा दी।किसान अपने परिजनों को लेकर खेत पर पहुंच गया। आंख का विकराल लोग देखकर किसान के होश उड़ गए। किसी तरह अन्य साथियों की मदद से आग पर काबू पाया गया, जब तक आग पर काबू पाया तब तक दो एकड़ गन्ना जलकर खाक हो गया । पीड़ित ने पुलिस को सूचना दे दी सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। समाचार भेजे जाने तक दोनों पक्ष में समझौते का प्रयास चल रहा था।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंच ट्रस्ट (रजि.) के नोएडा के जि़ला अध्यक्ष बने एमपी सिंह यादव---



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नोएडा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंच के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय बिंदल जी के निर्देशन में संगठन के विस्तार के क्रम में श्री एमपी सिंह यादव जी को नोएडा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया वही श्री संजय छाबड़ा जी को महामंत्री, श्री वीरेंद्र यादव जी को उपाध्यक्ष तथा श्री भारत यादव जी को मेरठ मंडल का विधि सलाहकार नियुक्त किया गया।

श्री एमपी सिंह यादव एक वरिष्ठ समाजसेवी, किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं नोएडा के प्रतिष्ठित व्यापारी हैं। उन्होंने औपचारिक रूप से दो दर्जन से अधिक साथियों के साथ व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की और संगठन को तन-मन-धन से सहयोग का आश्वासन दिया। अपने स्वागत समारोह में श्री एमपी सिंह यादव ने प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय बिंदल जी का फूल माला व पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान भी किया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय बिंदल ने कहा कि हम श्री एमपी सिंह यादव जी को नोएडा के जिला अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई देते हैं और पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हैं कि उनके नेतृत्व में व्यापार मंडल को नई दिशा और गति मिलेगी।

इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय बिंदल, प्रदेश चेयरमैन श्री बलप्रीत सिंह, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री हेमराज माहौर, सुंदर ट्रेडिंग कंपनी के ऑनर श्री विनोद यादव जी तथा श्री प्रमोद यादव जी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कन्हैया लाल जी, युवा महानगर अध्यक्ष (गाजियाबाद) श्री सूरज सिंह जी, श्री जयदेव जी, श्री कुलदीप सिंह जी सहित अनेक गणमान्य व्यापारी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बीएसएफ शिविर में 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**कांकेर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बुधवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक शिविर में 32 महिलाओं समेत 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह घटनाक्रम महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सली नेता मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति और 60 अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा हथियार डालने के बाद हुआ है। कांकेर, गढ़चिरौली का पड़ोसी जिला है।

अधिकारियों ने बताया कि माओवादियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) के सदस्य राजमन मंडावी और राजू सलाम के नेतृत्व में माओवादी कार्यकर्ताओं का समूह कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र में बीएसएफ की 40वीं बटालियन के कामतेरा शिविर में पहुंचा।उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने 39 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया, जिनमें सात एके-47 राइफल, दो 'सेल्फ लोडिंग' राइफल, चार इंसास राइफल, एक इंसास एलएमजी (लाइट मशीन गन) और एक 'स्टेन गन' शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन माओवादियों में पांच डिविजनल कमेटी सदस्य- प्रसाद ताड़मी, हीरालाल कोमरा, जुगनू कोवाची, नरसिंह नेताम और नंदे (राजमन मंडावी की पत्नी) हैं।

# पुलिस अधीक्षक को जन्मदिन की शुभकामनाएं



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र का आज मदद एक आस फाउंडेशन ने बुके देकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी आज पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र का जन्मदिन पर संस्थाओं के पद अधिकारियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली आज पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के कार्यालय पहुंचकर संस्था के पदाधिकारी ने उनका आशीर्वाद लिया और उनकी लंबी उम्र की कामना की रामपुर में जिस तरीके से पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र का कार्य देखने को मिल रहा है उसे रामपुर की जनता बड़ी ही खुश है मदद एक आस फाउंडेशन के वरिष्ठ पदाधिकारी संदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र का आज जन्मदिन है और उनका आशीर्वाद हमारे लिए बहुत ही जरूरी है

# कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात की



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर/टाण्डा ।** नवागत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के साथ राईस मिल एसोसिएशन ने एक मीटिंग का आयोजन कियाद्य जिसमें राईस मिलर्स वालो ने अपनी-अपनी मीलों से सम्बंधित जानकारी दी व वाहनों की नो एंट्री की बात रखी। जिसमें कोतवाली प्रभारी ने आश्वासन दिया है इस समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान राईस मील ऐसोसिएशन के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी पूर्व पालिका अध्यक्ष पति मकसूद उर्फ लाला हाजी अंसब हाजी जबुर हाफिज तसलीम ज़ाहिद कैलिस ज़ाहिद हाजी रिदाऊल मोहम्मद राशिद मीडिया प्रभारी हाफिज अकरम हाजी गुरु आदि मौजूद रहे।

# शादी का वादा कर महिला का यौन शोषण करने, धमकाने के आरोप में मामला दर्ज

**मुंबई।** पुलिस ने मुंबई के एक व्यक्ति के खिलाफ 31 वर्षीय एक महिला को शादी का झूठा वादा कर कथित तौर पर उसका यौन शोषण करने और धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। आरोपी अमेरिका में पीएचडी कर रहा है और पीड़िता भी उसी देश में अध्ययन कर रही है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपी (29) मध्य मुंबई के लोअर परेल का निवासी है, जबकि पीड़िता यहां माहिम की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि आरोपी के पिता एक निजी बैंक में उच्च पद पर हैं।

उन्होंने बताया कि कथित अपराध एक जनवरी से 12 जून के बीच बांद्रा के एक आलीशान होटल और अमेरिका में हुआ। एक अधिकारी ने बताया, 'घटना तब सामने आई जब पीड़िता हाल में बांद्रा थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंची।'

प्राथमिकी के अनुसार, आरोपी इलिनोइस विश्वविद्यालय, अर्बाना-शैंपेन (यूआईयूसी) में पीएचडी का छात्र है और पीड़िता से शादी के प्रस्ताव के लिए एक संपर्क के ज़रिए मिला था।

अधिकारियों ने बताया कि शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 (धोखे से यौन संबंध बनाना), 115 (2) (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना), 351 (2) (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने के अभियोग में बालअपचारी को लिया गया पुलिस निगरानी में

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मिलक।** वादी की लिखित तहरीर बावत अभियुक्तगण द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर ले जाने एवं जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना मिलक पर मु0अ0सं0 440/25 धारा 137(2)/64(1)/351(3) बीएनएस व ङ पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था । अभियोग उपरोक्त की विवेचना के क्रम में उक्त अभियोग के वाँछित बाल अपचारी को निगरानी पुलिस में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

# अलग-अलग स्थानों से तीन वारंटी गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** कोर्ट से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया है।बुधवार को प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने दिनेश पुत्र सीताराम निवासी मुहल्ला कायस्थान,शराफत पुत्र रिफाकत निवासी धावनी हसनपुर व जसविंदर सिंह पुत्र दीदार सिंह निवासी नवाबगंज आदि को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है।उक्त सभी व्यक्तियों के विरुद्ध न्यायालय में वाद विचाराधीन है और वह तारीखों पर हाजिर नही हो रहे थें।


**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम – नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए बोलियां आमंत्रित करता है:–

1. **खुली ई–निविदा सं. 2025/आईआरसीटीसी/कैटगरी/रिफ्रेशमेंट रूम/नवंबर/25:** 5 वर्ष की अवधि के लिए रिफ्रेशमेंट रूम में खानपान सेवाओं के प्रावधान हेतु ई–नीलामी बोली दस्तावेज़। एमटीसी (ए) = 41.59 वर्ग मीटर, एआईआई (ए1) = 264.48 वर्ग मीटर, जेयू (ए1) = 231 वर्ग मीटर, एमबी (ए) = 135.08 वर्ग मीटर, बीएनडब्ल्यू (ए) = 75.19 वर्ग मीटर, सीएनबी (ए1) = 323.3 वर्ग मीटर, पीआरवाईजे (ए1) = 339 वर्ग मीटर, एएफ (ए) = 114.89 वर्ग मीटर, पीटीए (ए) = 47.22 वर्ग मीटर, ओराई (ए) = 88.11 वर्ग मीटर और यूडीजेड (ए) 127.23 वर्ग मीटर। बोली–पूर्व बैठक: **23.10.2025 प्रात: 11:00 बजे।** जमा करने की अंतिम तिथि: **17.11.2025 अपराह्न 15:00 बजे तक।**
2. **खुली ई–निविदा संख्या 2025/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी/ओपनटेंडर/नवंबर–25:** बी, सी और डी श्रेणी के रेलवे स्टेशनों पर फूड प्लाजा की स्थापना, संचालन और प्रबंधन हेतु ई–निविदा सह नीलामी हेतु: एचडीडब्ल्यू (बी) 92.90 वर्ग मीटर। बोली–पूर्व बैठक: **23.10.2025 को सुबह 11:00 बजे।** जमा करने की अंतिम तिथि: **17.11.2025 को दोपहर 15:00 बजे तक।**
3. **खुली ई–निविदा (दो बोली प्रणाली):** ''माता वैष्णोदेवी रेल टूर पैकेज'' के अतिथियों को ऑफबोर्ड सेवाएँ प्रदान करने हेतु। बोली–पूर्व बैठक: **24.10.2025 को 15:00 बजे।** जमा करने की अंतिम तिथि: **06.11.2025 को 15:00 बजे।**
4. **खुली ई–निविदा संख्या 2025/आईआरसीटीसी/आरएन/सीए और ओ एंड एम/दानापुर/ओटी:** रेल नीर प्लांट, दानापुर के उन्नयन और क्षमता वृद्धि हेतु – मशीनों की डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग और पैकेज्ड पेयजल बॉटलिंग प्लांट का संचालन और रखरखाव। जमा करने की अंतिम तिथि: **03.11.2025 को 15:00 बजे तक।**
5. **खुली ई–निविदा संख्या 2025/आईआरसीटीसी/आरएन/ओएंडएम/अंबरनाथ:** अंबरनाथ (मुंबई) में 05 वर्ष की अवधि के लिए पीईटी प्रीफॉर्म निर्माण इकाई सहित रेल नीर ब्रांड नाम के तहत पैकेज्ड पेयजल बॉटलिंग प्लांट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और मशीनों की कमीशनिंग तथा संचालन एवं रखरखाव हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जमा करने की अंतिम तिथि: **03.11.2025 को 15:00 बजे तक।**

विवरण के लिए **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com** पर जाएँ। दस्तावेज़ डाउनलोड करना और प्रतिभागिता केवल **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर ही की जा सकती है।

यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट है, तो उसे केवल **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

आईआरसीटीसी लिमिटेड, चौथा तल, टावर–डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029



**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना
ई–टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र. सं. | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-BR-116- 170-MB DATE 13.10.2025 | मुरादाबाद डिवीजन के मुरादाबाद–गाजियाबाद खंड के पुल संख्या 116 UP (1x27.14m+1x12.2m), पुल संख्या 170 UP (3x18.3m) और राजा का सहसपुर–संभल हातिम सराय खंड के पुल संख्या 6 SL (2x18.3m), पुल संख्या 17SL (1x24.60m+3x12.2m) पर साइड पाथवे का प्रावधान का कार्य। | ₹ 3796663.39 | ₹ 75900/- | 08 (आठ) महीने | निविदा जमा करने का समय दिनांक 07.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात्। |
| 2 | 32-W-BR-31- OIL -BATH DATE 13.10.2025 | नई दिल्ली – गाजियाबाद खंड पर पुल संख्या 31 (12x45.7 मीटर) (नया यमुना पुल) पर रोलर बेयरिंग के लिए ऑयल बाथ बॉक्स उपलब्ध कराना। | ₹ 14,44,895.90 | ₹ 28900/- | 08 (आठ) महीने | निविदा जमा करने का समय दिनांक 07.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात्। |
| 3 | 32-W-SIDEPATHWAY -BR-90 DATE 13.10.2025 | दिल्ली शाहदरा–श्यामली– सहारनपुर सेक्शन पर पुल संख्या 90 (1x18.3 मीटर), पुल संख्या 245 (1x18.3 मीटर), पुल संख्या 307 (1x18.3 मीटर), पुल संख्या 316 (1x18.3 मीटर) पर साइड पाथवे का प्रावधान। मुरादाबाद डिवीजन पर लक्सर–देहरादून सेक्शन पर (5x18.3) मीटर के नंबर 3 डीएन, (2x45.75) मीटर के 21 यूपी पर पुल संख्या 140 (1x45.7 मीटर)। | ₹ 65,25,023.70 | ₹ 130500/- | 08 (आठ) महीने | निविदा जमा करने का समय दिनांक 07.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात्। |

**नोट** : उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देखा व् डाउनलोड किया जा सकता है। **3174/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 29 अक्टूबर को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की याचिका पर सुनवाई टल गई है। मामले की अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को होगी। न्यायमूर्ति कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंगलवार को गीतांजलि की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल द्वारा स्थगन की मांग के बाद सुनवाई 15 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी थी। वहीं, फिर से सोनम वांगचुक की पत्नी की तरफ से वकील कपिल सिब्बल ने याचिका में संशोधन करने की इजाजत मांगी है। अब 29 अक्टूबर को मामले



- सर्वोच्च न्यायालय में दायर अपने हलफनामे में, लेह प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत वांगचुक की हिरासत का बचाव करते हुए कहा कि सभी प्रासंगिक तथ्यों पर विचार करने के बाद यह कार्रवाई कानूनी रूप से की गई थी

की सुनवाई होगी। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ को करनी है। इससे पहले, सर्वोच्च न्यायालय ने नोटिस जारी कर केंद्र सरकार और अन्य प्राधिकारियों से इस मामले में जवाब मांगा था। सर्वोच्च न्यायालय में दायर अपने हलफनामे में, लेह प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत वांगचुक की हिरासत का बचाव करते हुए कहा कि सभी प्रासंगिक तथ्यों पर विचार करने के बाद यह कार्रवाई 'कानूनी रूप से' की गई थी। लेह के जिलाधिकारी रोमिल सिंह डोंक ने कहा कि 26 सितंबर को हिरासत आदेश पारित किया गया था। उन्होंने कहा कि वह इस बात से 'संतुष्ट थे और अभी भी संतुष्ट हैं' कि व्यक्ति को हिरासत में रखा जाए। यह आदेश राज्य की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और समुदाय के लिए आवश्यक सेवाओं के लिए हानिकारक गतिविधियों पर आधारित था। शीर्ष अदालत में दायर हलफनामे में कहा गया है, 'कानून के अनुसार, मेरे समक्ष प्रस्तुत सामग्री पर विधिवत विचार करने और स्थानीय अधिकार क्षेत्र की उन परिस्थितियों पर व्यक्तिपरक संतुष्टि प्राप्त करने के बाद, जहां सोनम वांगचुक राज्य की सुरक्षा, लोक व्यवस्था बनाए रखने और समुदाय के लिए आवश्यक सेवाओं के लिए हानिकारक गतिविधियों में लिप्त रहे थे, जैसा कि हिरासत के आधारों में उल्लेख किया गया है, मैंने हिरासत का आदेश पारित किया है।' वांगचुक को अवैध रूप से हिरासत में लिए जाने और हिरासत के दौरान उसके साथ अनुचित व्यवहार किए जाने के आरोपों का खंडन करते हुए, लेह प्रशासन ने याचिकाकर्ता के दावों को 'निराधार' करार दिया और कहा कि हिरासत ह्रासंविधान के अनुच्छेद 22 और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम की धारा 8 के तहत प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालन करते हुए की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब तस्कर गिरफ्तार, 2000 क्वार्टर शराब और कार जब्त

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के दक्षिण जिले के विशेष स्टाफ टीम ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता पाई है। स्पेशल स्टाफ की टीम ने एक सक्रिय और कुख्यात शराब सप्लायर कन्हैया लाल उर्फ विकास को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर 2000 क्वार्टर शराब से भरे 40 कार्टन और शराब ले जाने वाली एक कार भी जब्त की गई है। दक्षिण जिले में अवैध शराब की बिक्री और आपूर्ति पर अंकुश लगाने के लिए स्पेशल स्टाफ लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में स्थानीय मुखबिरों की सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर अनुराग सिंह के नेतृत्व में टीम ने फील्ड ऑपरेशन चलाया। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक सक्रिय शराब सप्लायर कार में घूम रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद, टीम ने नई दिल्ली में बत्रा अस्पताल के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद, बदरपुर से महरौली की ओर आ रही एक संदिग्ध कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन पुलिस को देख कार चालक भागने लगा। इसके बाद टीम ने कार को रोका और चालक को पकड़ लिया। उसकी पहचान तुगलकाबाद एक्सटेंशन निवासी कन्हैया लाल उर्फ विकास के रूप में हुई।

### महंगी कारें चुराने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, दो शातिर गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली की वाहन चोरी निरोधक दस्ता ने वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से मास्टर (नकली) चाबियों का इस्तेमाल कर महंगी गाड़ियां चुराने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया और दो शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बुधवार को बताया कि एएटीएस की टीम लगातार संगठित वाहन चोरों पर नजर रख रही थी। गत 26 सितंबर को विशेष सूचना के आधार पर टीम ने सतीश (37) और मनोज (36) को गिरफ्तार किया था। जोकि राजधानी के बुध विहार के निवासी है। पूछताछ में मुख्य आरोपी सतीश ने अपने अंतर्राज्यीय रैकेट का खुलासा किया। वह एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले से ही 26 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें गैंगस्टर एक्ट, हत्या के प्रयास और चोरी शामिल हैं।

### एक साल से फरार भगोड़ा अपराधी दिल्ली से गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा (उत्तरी क्षेत्र-द्वितीय) ने एक बड़ी कार्रवाई में पॉक्सो अधिनियम और दुष्कर्म के एक मामले में पिछले डेढ़ साल से फरार चल रहे एक भगोड़ा अपराधी (पीओ) निवास सिंह (24) को गिरफ्तार किया है। उपायुक्त पंकज कुमार ने बुधवार को बताया कि निवास सिंह स्वरूप नगर थाने में मई 2024 में दर्ज मामले में वांछित था। उसने एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण और उसका यौन उत्पीड़न किया था। पुलिस ने 15 दिनों में लड़की को बरामद कर लिया था लेकिन आरोपी फरार हो गया था और अदालत ने उसे 26 अप्रैल को भगोड़ा अपराधी घोषित किया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नरेंद्र बेनीवाल की निगरानी और निरीक्षक संदीप तुशीर के नेतृत्व में अपराध शाख की टीम ने इस मामले को उठाया।

### खंडेलवाल ने हरित पटाखे जलाने की अनुमति मिलने पर रेखा गुप्ता को दी बधाई

नई दिल्ली। चांदनी चौक से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने उच्चतम न्यायालय की ओर से दीपावली के मौके पर हरित पटाखे जलाने की अनुमति दिये जाने को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई दी है। खंडेलवाल ने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने दिवाली उत्सव के दौरान प्रमाणित ग्रीन पटाखों के उपयोग की अनुमति के वास्ते उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर एक सराहनीय, सक्रिय और संतुलित कदम उठाया है। उनका यह निर्णय हमारे त्योहारों से जुड़े सांस्कृतिक भावों और पर्यावरण की सुरक्षा दोनों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को दशार्ता है। उन्होंने कहा, अब जबकि शीर्ष अदालत ने 18 से 21 अक्टूबर तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति प्रदान कर दी है, यह सभी दिल्लीवासियों की जिम्मेदारी है कि हम इस दीपावली को जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ मनाएँ।

# दीपावली पर दिल्ली होगी जगमग : मुख्यमंत्री रेखा ने जारी किए निर्देश

## प्रकाश, सफाई और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान, सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई

- दिल्ली पुलिस (ट्रैफिक विंग) को निर्देश दिया गया है कि त्योहार के दौरान बाजारों और प्रमुख सड़कों पर अतिरिक्त बल तैनात किया जाए। प्रभावी यातायात योजना लागू की जाए ताकि भीड़-भाड़ वाले इलाकों और बाजारों में वाहनों और भीड़ का सुचारु प्रवाह बना रहे



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली सरकार ने दीपावली पर्व के मद्देनजर राजधानी को स्वच्छ, सुरक्षित और जगमग बनाने के लिए सभी विभागों को विशेष तैयारी के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में सभी संबंधित विभागाध्यक्षों और निकाय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं, ताकि दीपावली के दौरान नागरिकों को सुगम यातायात, स्वच्छ वातावरण और उत्सवी माहौल का अनुभव मिल सके।

दीपावली पर्व लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि यह पर्व उजास, वैभव और खुशियों का पर्व है। दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि स्वच्छता, अनुशासन और सामूहिक सहयोग का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि इस दीपावली पर दिल्ली जगमगाए, उजास से भरी दिखे और स्वच्छ रहे। सभी विभाग मिलकर यह सुनिश्चित करें कि नागरिकों को सुविधाजनक, सुरक्षित और उल्लासमय वातावरण मिले। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता से भी अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें, सफाई बनाए रखें और दीपावली को पर्यावरण-संवेदनशील उत्सव के रूप में मनाएं। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने दिल्ली सरकार के मुख्य सचित श्री राजीव वर्मा को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए हैं और कहा है कि आगामी पर्वों के दौरान सार्वजनिक भागीदारी और सामुदायिक आयोजन बड़े पैमाने पर होंगे। इसलिए सभी विभागों और एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रबंधन सुचारु रहे और नागरिकों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के इस आशय के निर्देश मुख्य सचिव श्री राजीव वर्मा ने सभी विभागाध्यक्षों को अलग-अलग दिशा-निर्देश जारी किए हैं और दीपावली के पर्व पर दिल्ली में सभी व्यवस्था चाक-चौबंद रखने का आदेश जारी किया है। मुख्य सचिव ने सभी स्थानीय निकायों, विद्युत विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्राधिकार में सभी सड़कों, बाजारों, कॉलोनियों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थलों की स्ट्रीट लाइटों की कार्यशीलता सुनिश्चित करें। किसी भी खराब लाइट की तुरंत मरम्मत की जाए, ताकि दीपावली के अवसर पर दिल्ली उजास से भर उठे। मुख्य सचिव ने दिल्ली पुलिस (ट्रैफिक विंग) को निर्देश दिया गया है कि त्योहार के दौरान बाजारों और प्रमुख सड़कों पर अतिरिक्त बल तैनात किया जाए। प्रभावी यातायात योजना लागू की जाए ताकि भीड़-भाड़ वाले इलाकों और बाजारों में वाहनों और भीड़ का सुचारु प्रवाह बना रहे। मुख्य सचिव वर्मा ने दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को आदेश दिए हैं कि वे सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाएं। कूड़े के समय पर निस्तारण और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि गलियों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक स्थलों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए ताकि दीपावली पर राजधानी स्वच्छ और आकर्षक दिखे। मुख्य सचिव ने बाजारों में स्ट्रीट वेंडर्स के उचित प्रबंधन और स्थान निर्धारण के लिए नगर निगम और स्थानीय पुलिस को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि त्योहारी सीजन में भी व्यवसाय प्रभावित न हो और सार्वजनिक सुविधा व सुरक्षा बनी रहे।

## हादसों के शिकार लोगों के परिजनों को बिधूड़ी ने सौंपे अनुग्रह राशि के चैक



नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पिछले दिनों दो हादसों के शिकार हुए दो व्यक्तियों के परिजनों को आज 10-10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि के चैक वितरित किए। इनमें एक व्यक्ति की मृत्यु सरिता विहार अंडरपास में डूबने से और दूसरे की मृत्यु कालकाजी में भारी बारिश के बाद अचानक पेड़ गिरने से हुई थी। बिधूड़ी ने एक सादे समारोह में सरिता विहार के अंडरपास में भरे पानी में 28 जून 2024 को डूबे 60 वर्षीय दिग्विजय सिंह चौधरी की पत्नी श्रीमती विनिता चौधरी को 10 लाख रुपए का चैक भेंट किया। इसी तरह कालकाजी में 14 अगस्त 2025 को एक पेड़ गिरने से 48 वर्ष के श्री सुधीर कुमार का निधन हो गया था। वह उस समय अपनी बेटी के साथ बाइक पर जा रहे थे कि उन पर पेड़ गिर गया और उनकी मृत्यु हो गई। बिधूड़ी ने उनकी पत्नी सुनीता देवी को भी अनुग्रह राशि का एक लाख रुपए का चैक सौंपा। उनकी अनुग्रह राशि के रूप में 10 लाख रुपए ही मंजूर हुए हैं लेकिन कुछ कागजी औपचारिकताओं के पूरा होने पर बाकी राशि अगले कुछ दिनों में दी जाएगी।बिधूड़ी ने कहा कि हम इस तरह हादसों के शिकार इन परिजनों का दुख कम नहीं कर सकते क्योंकि इन परिवारों की जो क्षति हुई है, उसकी कभी भरपाई नहीं की जा सकती लेकिन उनके जीवन की कुछ मुश्किलें अवश्य कम कर सकते हैं। बिधूड़ी तथा उपस्थित सभी लोगों ने मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके प्रयासों से इन परिवारों तक यह अनुग्रह राशि पहुंच सकी है। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार की ओर से दक्षिण—पूर्वी जिले के डीएम श्री सरवन बागरिया और कालकाजी के एसडीएम अनुज कुमार भारती भी उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष एवं वास्तु सम्मेलन में अभिनेत्री व ज्योतिषाचार्य डॉ. शची केशरी को मिला विशेष सम्मान

- देश-विदेश के विद्वानों की रही सहभागिता
- पूर्व में भी हो चुकी हैं अनेक सम्मानों से सम्मानित
- सम्मान समारोह में बांधा उत्साह का माहौल




नई दिल्ली। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के ज्योतिष विभाग में मां शारदा ज्योतिषधाम अनुसंधान संस्थानम्, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष एवं वास्तु सम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। 13 और 14 अक्टूबर को आयोजित इस सम्मेलन में देशङ्मविदेश के सैकड़ों ज्योतिषाचार्य, शोधार्थी और विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

संस्कृत विद्या धर्मविज्ञान संकाय के सभागार में सम्पन्न इस सम्मेलन की अध्यक्षता प्रोफेसर राजाराम शुक्ल, कुलपति सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रामस्नेही पाण्डेय तथा कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पंडित दिनेश शर्मा, मां शारदा ज्योतिष अनुसंधान संस्थान, इंदौर से शामिल हुए। सभी अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बनाया।

हिन्दी फिल्म और टेलीविजन जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डॉ. शची केशरी को इस सम्मेलन में विशेष अतिथि एवं वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने बहु-मंजिला इमारतों के वास्तु पर अपने अनुभव साझा किए और बिना तोड़फोड़ किए सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने के उपयोगी उपाय बताए। उनके विचारों को सभागार में उपस्थित विद्वानों का भरपूर समर्थन मिला और सभी ने करतलध्वनि से उनका अभिनंदन किया। डॉ. शची केशरी ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक दौर में ऊँची इमारतों और सीमित स्थानों के बीच अच्छे वास्तु का पालन पूरी तरह संभव है, बशर्ते दिशा, तत्व और ऊर्जा प्रवाह का सही संतुलन रखा जाए। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से यह बताया कि छोटे फ्लैट में भी सकारात्मक उर्जा बनाए रखने के लिए सरल उपाय अपनाए जा सकते हैं।

कार्यक्रम के समापन सत्र में डॉ. शची केशरी को विशेष अतिथि के रूप में मोमेंटो और प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने उनके अनुभव और योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने ज्योतिष और वास्तु के क्षेत्र में शोध व जनजागरण, दोनों ही स्तर पर उल्लेखनीय कार्य किया है।

डॉ. शची केशरी इससे पूर्व भी देश और विदेश में अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजी जा चुकी हैं। अभिनेत्री के रूप में उन्होंने कला के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई, वहीं ज्योतिषाचार्य के रूप में वे समाज में जागरूकता और विश्वास का प्रतीक बन चुकी हैं। दो दिवसीय यह सम्मेलन शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, जिसमें पारंपरिक ज्योतिष और आधुनिक जीवनशैली के बीच संतुलन पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजकों ने घोषणा की कि इस शृंखला का अगला अंतरराष्ट्रीय सत्र अगले वर्ष इंदौर में आयोजित किया जाएगा।

## त्योहारी सीजन पर पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा, राजधानी में चेकिंग अभियान तेज



नई दिल्ली। दीपावली और छठ समेत आगामी त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस ने कमर कस ली है। इस क्रम में जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस ने राजधानी में पैदल गश्त बढ़ा दी है। इस दौरान बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि इस एक्सरसाइज का उद्देश्य जनता में अपनी प्रत्यक्ष उपस्थिति और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से विश्वास की भावना पैदा करना है। पुलिस की बढ़ी हुई सक्रियता अपराधियों पर लगाम लगाने और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अपराधों को रोकने में भी मदद करती है। संबंधित क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारी गश्ती दलों का नेतृत्व कर रहे हैं।

## चार महीने बाद फिर जहरीली हुई दिल्ली की हवा, एनसीआर में ग्रैप-1 लागू



नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर से हवा जहरीली हो गई है। करीब चार महीने के बाद दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया है। बुधवार की सुबह दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में धुंध की मोटी चादर छाई रही। प्रदूषण की बढ़ती स्थिति को देखते हुए मंगलवार को ही ग्रैप-1 (ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान का पहला चरण) लागू कर दिया गया था। इसके तहत प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई कड़े कदम उठाए गए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, बुधवार सुबह 7:30 बजे तक दिल्ली का औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 206 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। वहीं, एनसीआर के अन्य शहरों में भी स्थिति चिंताजनक है। फरीदाबाद में एक्यूआई 189, गुरुग्राम में 156, गाजियाबाद में 145, ग्रेटर नोएडा में 123 और नोएडा में 136 दर्ज किया गया।

## नकली टूथपेस्ट और ईनो बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा, लाखों का सामान जब्त



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के जगतपुर गांव में चल रही नकली टूथपेस्ट और ईनो बनाने की दो फैक्ट्रियों पर वजीराबाद थाना पुलिस ने छापेमारी की है। पुलिस ने नकली क्लोजअप फैक्ट्री के मालिक नबील और उसके कुछ कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। वजीराबाद थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जगतपुर के एक किराए के मकान में बड़े पैमाने पर नकली उत्पाद बनाए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर संबंधित कंपनी के अधिकारियों को साथ लेकर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। गांव में पहुंचते ही पुलिस ने मकान को घेरकर उसकी तलाशी ली, जिसमें टेबलों पर बिखरा हानिकारक केमिकल, बिना लेबल के पाउडर के ढेर, नकली पैकिंग मशीनें, और कोनों में रखे रॉ मटेरियल के बोरे बरामद हुए हैं। छापेमारी में पुलिस ने भारी मात्रा में नकली क्लोजअप टूथपेस्ट के सैकड़ों तैयार ट्यूब और डिब्बे भर नकली ईनो पाउडर बरामद किया है। मौके से भारी मात्रा में नकली सामान बरामद हुआ है।

## अलका लांबा के खिलाफ आरोपों पर 29 को होगी बहस



नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट में जंतर-मंतर पर एक विरोध प्रदर्शन के दौरान निषेधाज्ञा के कथित उल्लंघन से जुड़े मामले में पूर्व विधायक अलका लांबा के खिलाफ बुधवार को सुनवाई हुई। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया की अदालत ने मामले को आरोपों पर बहस के लिए 29 अक्तूबर को सूचीबद्ध किया। अदालत ने पाया कि सीआरपीसी की धारा 207 का पूर्ण अनुपालन किया गया है। मामला जंतर-मंतर पर आयोजित एक विरोध प्रदर्शन के दौरान निषेधाज्ञा का कथित उल्लंघन करने से संबंधित है, जिसमें अलका लांबा आरोपी हैं।

## डीयू के 12 कॉलेजों को दी 108 करोड़ की सौगात



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने डीयू के 12 वित्तपोषित कॉलेजों को वित्तीय सहयोग देने के लिए वर्ष 2025-26 की तीसरी किस्त के रूप में 108 करोड़ रुपये की राशि जारी करने के आदेश दिए हैं। अब तक तीन किस्तों में कॉलेजों को 325 करोड़ रुपये की अनुदान राशि दी गई है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि यह राशि कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन, कॉलेजों के रखरखाव व आवश्यक पूंजीगत व्यय के लिए दी जा रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लगातार यह प्रयास कर रही है कि दिल्ली के सभी शिक्षण संस्थानों को समय पर पर्याप्त वित्तीय सहायता मिले ताकि शिक्षकों और कर्मचारियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े और न ही छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों में कोई बाधा आए। सरकार दिल्ली के उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राशि देने के बाद कॉलेजों में वित्तीय और अकादमिक स्थिति और मजबूत होगी। दिल्ली की पूर्ववर्ती सरकारें इन कॉलेजों को या तो अनुदान राशि देती ही नहीं थीं या समय पर राशि जारी नहीं करती थीं। इन कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जाता था।

**अभियान** | करोल बाग में हस्ताक्षर अभियान के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र पर साधा निशाना

# भाजपा की वोट चोरी लोकतंत्र पर कुठाराघात : देवेन्द्र यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने देशवासियों को लोकतंत्र के अंतर्गत सरकार चुनने का जो मूल अधिकार 'वोट का अधिकार' प्रदान किया था, उस पर भाजपा द्वारा की जा रही वोट चोरी सीधा-सीधा 140 करोड़ जनता के अधिकारों पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की नींव पर प्रहार है, जिसे देशवासी कभी स्वीकार नहीं करेंगे।



यादव बुधवार को करोल बाग जिला के नारायणा क्षेत्र में आयोजित भाजपा की कथित वोट चोरी के विरुद्ध कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान के दौरान जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन करोल बाग जिला कांग्रेस अध्यक्ष मदन खोरवाल के नेतृत्व में किया गया। हस्ताक्षर अभियान में भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर भाजपा की नीतियों के प्रति आक्रोश प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री कृष्णा तीरथ, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी सचिव सुखविन्दर सिंह डैनी, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, लोकसभा आर्ब्जवर एडवोकेट सुनील कुमार, दिल्ली महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह, हरनाम सिंह, चरणजीत राय, नरेश शर्मा नीटू, सुनील बजाज, ईश्वर बागड़ी, विनीत यादव, राहुल धानक, संचिता ब्रहम यादव, संदीप तंवर, वीर चतरथ, अवधेश तंवर, सतेन्द्र शर्मा, सुरेश कुमार तथा यजुपति उपाध्याय सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए हर स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों को रौंद रही है। बहुमत खिसकता देख वह चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत कर वोट चोरी की साजिश रच रही है। चाहे राज्य हो या केंद्र, भाजपा ने बार-बार जनादेश को अपहृत करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री राहुल गांधी ने भाजपा की इस साजिश को देश के सामने उजागर किया है और उनके नेतृत्व में चल रहे हस्ताक्षर अभियान को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा और आरएसएस की विचारधारा देश के सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज देश में दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले की घटना, एक आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या तथा रायबरेली में हरीओम वाल्मीकि की मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि भाजपा की सोच लोकतंत्र और सामाजिक न्याय दोनों के विपरीत है। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह अपने क्षेत्र में मतदाताओं के वोट चोरी न होने दें। उन्होंने कहा कि भाजपा की चाल यह है कि विपक्षी मतदाताओं के वोटों को स्थानांतरित कर दिया जाए या किसी अन्य के नाम से डाल दिया जाए। जब मतदाता मतदान केंद्र पहुँचता है, तो उसे पता चलता है कि उसका वोट पहले ही पड़ चुका है।

P-04:28 paga09_jhn.qxd 10/15/2025 9:33 PM Page 1



# किसानों को सुविधा देने के लिए मार्किट कमेटी हमेशा किसानों के साथ: विद्या सागर

**उत्तम भारत संवाददाता, होडल।** अनाज मंडी में बैठे आढ़तियों द्वारा किसानों के साथ धोखेबाजी की खबरें अक्सर आती रहती है। होडल अनाज मंडी में पलवल जिले के ज्यादातर किसान धान की फसल को बेचने के लिए लगातार जा रहे हैं, पलवल, हथीन अनाज मंडी से ज्यादा फसल का भाव किसानों को होडल की अनाजमडी में मिल रहा है होडल की अनाज मंडी में एक किसान ने आरोप लगाया था कि तौलाई के समय कांटों में गड़बड़ दिखाई देती है, लेकिन वही कुछ किसानों का कहना है कि होडल की अनाज मंडी में धान की फसल के अच्छे भाव मिल रहे हैं, मानपुर निवासी आड़ेती पिप्पा ने बताया कि किस होडल की अनाज मंडी में किसानो को अपनी फसल का अच्छा भाव मिल रहा है।



मंडी में धान लेकर आए किसान दीपक ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाली, होडल मार्केट कमेटी के सचिव विद्यासागर ने बताया कि पिछले वर्ष से ज्यादा अबकी बार होडल अनाज मंडी में धान की आवक हुई है , किसानों को सभी सुविधाएं मुहिया कराई जा रही हैं, अभी तक किसी किसान की कोई शिकायत उनके पास नहीं आई है, मंडी में आने वाले किसी भी किसान को अगर कोई भी दिक्कत है तो किसान मार्किट कमेटी होडल दफ्तर में आकर कभी भी अपनी शिकायत दे सकता है, किसानों को सुविधा देने के लिए सरकार हमेशा प्रयास कर रही है, सरकार किसान हित में काम करने के लिए पुरजोर मेहनत कर रही है। मार्केट कमेटी के कर्मचारी किसानों के बीच जाकर फसल बेचते समय उनका हाल-चाल भी पूछ रहे हैं,

# पलवल के प्रतिभागियों ने हमेशा प्रदेश स्तर पर परचम लहराया है : वरूण सिंगला

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल, सुखदेव तेवतिया।** जिला बाल कल्याण परिषद पलवल द्वारा आयोजित 4 दिवसीय बाल दिवस समारोह कार्यक्रम के दूसरे दिन जिला पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर भी मौजूद रही। प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने जिला पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला का पगड़ी बांध कर स्वागत किया।जिला पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने समारोह में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ ऐसे आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए किसी भी छात्र छात्रा के सर्वांगीण विकास के लिए यह बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि पलवल जिला के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जिला के प्रतिभाशाली बच्चों ने हरियाणा बाल कल्याण परिषद की प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रदेश स्तर पर परचम लहराया है जो पलवल जिला के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी पलवल जिला के बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जिला का नाम रोशन करेगें। साथ ही उन्होंने विधार्थियों को ट्रैफिक नियमों के पालन, महिला विरुद्ध अपराधों और अन्य अपराधों के प्रति जागरूक किया । उन्होंने कहा कि पलवल पुलिस हमेशा आपके साथ है बस सभी को जागरूक रहने की जरूरत है और किसी भी अनहोनी के बारे में तुरंत पुलिस को अवगत कराना चाहिए।जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर ने बताया कि जिला स्तरीय बाल दिवस कार्यक्रम के दूसरे दिन जिला पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने पहुंचकर हौसला अफजाई की है और बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को सराहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में जिले भर के स्कूलों से हजारों बच्चे हिस्सा ले रहे हैं जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बाल दिवस समारोह जैसे कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास की भावना का भी विकास होता है। इस मौके पर मंडल अधिकारी कुष्मेद्र का विशेष रूप से सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन जसबीर तेवतिया ने किया। इस मौके पर निर्णायक मंडल के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।



# देश और दुनिया में खेलों में मेवात का नाम रोशन कर रहे हैं मेवात के युवा: मुमताज पटेल

- नशा से बचकर खेलों पर ध्यान दें मेवात के युवा: मुमताज पटेल
- तावडू में शाहीन शम्स द्वारा आयोजित क्रिकेट लीग का उद्घाटन करने पहुंची, राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्य मुमताज पटेल
- कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और सोहना से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ शमसुद्दीन शम्स भी रहे मोजूद



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, अनिल मोहनियां ।** नशे से आज देश के युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। आज युवाओं को ज्यादा से ज्यादा खेलों पर ध्यान देना चाहिए और अपने स्वास्थ्य ,परिवार और अपने देश के बारे में विकास और तरक्की के लिए सोचना चाहिए। उक्त बातें राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्य हुए सोनिया गांधी के राजनीतिक सलाहकार मरहूम अहमद पटेल की पुत्री मुमताज पटेल ने तावडू में शाहीन शम्स द्वारा क्रिकेट लीग टूनार्मेंट का उद्घाटन करते हुए कही। इस दौरान मुमताज पटेल के तावडू में पहुंचने पर शाहीन शम्स और उनकी टीम द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मुमताज पटेल ने कहा कि कांग्रेस के युवा नेता शाहीन शम्स द्वारा तावडू में क्रिकेट लीग टूनार्मेंट का आयोजन कराना बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि मेवात में ऐसे कार्यक्रमों को करने की बहुत ही आवश्यकता है, क्योंकि आज मेवात का युवा नशे की और बढ़कर गैर कानूनी कार्यों में संलिप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज मेवात के सभी नेताओं और सभी युवाओं को एक मंच पर आकर मेवात में फैल रही नशाखोरी को रोकना होगा और युवाओं को सही पटरी पर लाने के लिए नशे के खिलाफ जागरूक करना होगा। मुमताज पटेल ने कहा कि नशे से मेवात का बेहाल हो रहा है और नशाखोरी मेवात के युवाओं में बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि आज अगर हम नशे की दलदल में फंसते रहे तो हमारा भविष्य अंधकार की ओर चला जाएगा। उन्होंने मेवात के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी है जो धीरे-धीरे व्यक्ति की जान लेता है। उन्होंने कहा कि हमें नशे से बचकर खेलों पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना चाहिए और अपने देश और परिवार का भी ध्यान रखकर उसके विकास में सहयोग करना चाहिए।

**शाहीन शम्स द्वारा आयोजित क्रिकेट लीग टूनार्मेंट में 64 टीमों ने लिया भाग**

इस दौरान मुमताज पटेल ने कहा कि तावडू क्रिकेट लीग टूनार्मेंट में तावडू खंड की 64 गांवों की टीमों ने भाग लिया है और वह सभी से टूनार्मेंट में भाग लेने के साथ-साथ अपील करती हैं कि खेल को खेल की भावना से खेलें। कोई हारे या जीते लेकिन सब प्यार और मोहब्बत के साथ अपना अच्छा खेल का परिचय दें और जो हारे वो और बेहतर आगे खेलने के लिए प्रयास करें और जो जीते वह खुशी-खुशी सब का सम्मान करें। उन्होंने बताया कि तावडू खंड के 64 गांवों की टीम इस टूनार्मेंट में हिस्सा ले रही है जो काफी सराहना की बात है। कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रहे डॉ शमसुद्दीन शम्स और कांग्रेस जिलाध्यक्ष शहीदा खां रहे मोजूद। इस दौरान सोहना तावडू विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रहे डॉक्टर शमसुद्दीन शम्स ने युवाओं को खेलों में भाग लेते हुए अच्छा खेल का परिचय देने की बात की और उन्होंने युवाओं को नशा व साइबर ठगी जैसे अपराधों से बचते हुए ज्यादा से ज्यादा खेलों पर ध्यान देने की बात की। इस दौरान कांग्रेस की जिला अध्यक्ष हाजी शहीदा खान ने युवाओं को संबोधित करते कहा कि मेवात की युवाओं को नशा छोड़ ज्यादा से ज्यादा खेलों का ध्यान देना चाहिए।

**शाहीन शम्स द्वारा प्रथम विजेता टीम को दिया जाएगा एक लाख और द्वितीय विजेता टीम को दिया जाएगा 51 हजार रुपए का नगद इनाम**

आपको बता दें कि इस टूनार्मेंट के आयोजक शाहीन शम्स द्वारा प्रथम स्थान पर आने वाली टीम को ड्ड एक लाख रुपए का इनाम नगद दिया जाएगा और दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को 51 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। शाहीन शम्स ने कहा कि मेवात में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। इतना ही नहीं मेवात के युवाओं को नशे और गैर कानूनी कार्यों से बचाने के लिए टूनार्मेंट के तहत जागरुक कर उन्हें ज्यादा से ज्यादा खेलों की ओर प्रभावित किया जा रहा है। जिससे मेवात के युवा खेलों में देश और दुनिया में अपना मेवात का नाम रोशन कर सके।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव में अधिक से अधिक युवाओं को बनाएं भागीदारी: एडीसी प्रदीप सिंह मलिक

- आगामी 29 व 30 अक्टूबर को बाल भवन सामुदायिक केंद्र में आयोजित होगा जिला स्तरीय युवा महोत्सव



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी कार्रवाई बारे दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी 29 व 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय युवा महोत्सव में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और कार्यक्रम को भव्यता एवं गरिमा के साथ संपन्न करवाया जाए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन सामुदायिक केंद्र, बाल भवन, नूंह में किया जाएगा। इस महोत्सव में भाग लेने के इच्छुक 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां 24 अक्टूबर तक जिला की किसी भी राजकीय आईटीआई में पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रतिभागियों को पंजीकरण फॉर्म के साथ आधार कार्ड, फैमिली आईडी, पासपोर्ट साइज फोटो तथा बैंक खाते की प्रति जमा करवानी अनिवार्य होगी। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव को लेकर जारी सभी हिदायतों का शत-प्रतिशत पालन किया जाए और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

उन्होंने बताया कि महोत्सव में समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, कहानी लेखन, कविता लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान मेला, तथा लोक वाद्य यंत्र (एकल व समूह) जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 3100 रुपये, द्वितीय को 2100 रुपये तथा तृतीय को 1100 रुपये की राशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने युवाओं से आह्वान किया कि वे 24 अक्टूबर तक पंजीकरण कर जिला युवा महोत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लें। इस अवसर पर उप-जिला शिक्षा अधिकारी सगीर अहमद, आईटीआई प्रिंसिपल सुधीर कुमार, शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय की प्रिंसिपल गीतिका, एफएलएन संयोजक कुसुम मलिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नूंह शहर में रैपिड एक्शन फोर्स ( आरएएफ ) के द्वारा संकट की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया का अभ्यास किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** नूंह शहर में रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने गृह मंत्रालय के दिशानिदेशों एवं कमान्डेंट किशोर कुमार के निदेशानुसार टीम द्वारा संकट की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआरसीएस) अभ्यास आयोजित किया गया।



इस अभ्यास का उद्देश्य संकट के समय में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने की क्षमता को परखना और उसे और अधिक सुदृढ़ बनाना था। अभ्यास के तहत टीम ने सदर पुलिस स्टेशन नूंह का दौरा किया, जहाँ पर संकट की संभावित स्थिति का अवलोकन किया गया।

रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) टीम ने अभ्यास के दौरान विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों जैसे स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल और धर्मशाला आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने यह जाना कि किसी आपदा या संकट की घड़ी में इन संस्थानों की सुरक्षा, निकासी योजना तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया कैसी होनी चाहिए।

इसके साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) टीम ने आस-पास के क्षेत्रों का भू-ज्ञान भी किया, जिसमें मुख्य मार्गों, गलियों, और वैकल्पिक रास्तों का अध्ययन शामिल रहा ताकि किसी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव दल शीघ्रता से प्रभावित क्षेत्र तक पहुँच सकें।

रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के अधिकारी ने बताया कि ऐसे अभ्यास समय-समय पर किए जाते हैं ताकि जवानों को किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार रखा जा सके। इससे आपदा प्रबंधन तंत्र को भी मजबूती मिलती है।

इस मौके पर आरएएफ की दो टीमें गठित की गईं —

पहली टीम का नेतृत्व ए.सी. सतीश कुमार एवं इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीना ने किया, जबकि दूसरी टीम का नेतृत्व ए.सी. प्रेम कुमार और इंस्पेक्टर देवकरण मीना ने किया। दोनों टीमों ने समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया की उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अभ्यास को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

## समाचार

# नई सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक मुकेश शर्मा ने किया

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** वार्ड 36 के अशोक विहार फेस-3 में सराय वाला रोड तथा शीतला कॉलोनी, ई ब्लॉक में छोटूराम चौक से गली नंबर 5 होते हुए डिपो तक नई सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक मुकेश शर्मा जी के छोटे भाई हरविंदर शर्मा जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती रेखा सैनी जी, पार्षद श्रीमती सुनीता वर्मा जी, दिनेश सैनी जी और क्षेत्र के अनेक सम्मानित नागरिकों, समाजसेवियों एवं आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान हरविंदर शर्मा जी ने कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा। इसके बन जाने से अब आवागमन सुगम होगा, स्थानीय लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का समग्र विकास गति पकड़ेगा। उन्होंने कहा, विधायक मुकेश शर्मा जी का संकल्प है कि गुरुग्राम को सुविधाओं, स्वच्छता और सुगमता से सुसज्जित एक मॉडल शहर बनाया जाए। जनसेवा और विकास की इस यात्रा में हम सदैव जनता के साथ और उनके लिए समर्पित हैं। स्थानीय निवासियों ने इस पहल के लिए विधायक मुकेश शर्मा जी और हरविंदर शर्मा जी का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र में विकास की नई राह खुलेगी और लोगों के दैनिक जीवन में सुविधा बढ़ेगी।



# एचएसवीपी सर्कल गुरुग्राम की बैठक संपन्न

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** एचएसवीपी सर्कल गुरुग्राम की मीटिंग सेक्टर 14 यूनियन ऑफिस में हुई जिसकी अध्यक्षता सर्कल प्रधान श्री कमलजीत गोडिया ने की उसमें राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान श्री अजीत सहरावत राज्य महासचिव श्री राम निवास ठाकरान ने बताया की कर्मचारीयो में अपनी मांगों को लेकर भारी रोष है रोष को देखते हुए राज्य कमेटी ने फैसला लिया की मुख्य प्रशासक पंचकूला को अपनी 10 सूत्रीय मांगों का नोटिस दिया हुआ है जिसमें आने वाली 17 अक्टूबर को सभी एचएसवीपी अधीक्षक अभियंता व एचएसवीपी प्रशासक कार्यालय प्रदर्शन करते हुए मुख्य प्रशासक पंचकूला के नाम ज्ञापन दिया जाएगा फिर भी सभी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आने वाली 6 नवंबर को मुख्य प्रशासक पंचकूला का पूरे प्रदेश से सारे कर्मचारी पंचकूला पहुंचकर मुख्य प्रशासक का घेराव करेंगे आज की मीटिंग में निबंधन पदाधिकारी ने भाग लिया सर्किल अध्यक्ष श्री किशोर कुमार वरिष्ठ उप प्रधान श्री तकदीर सिंह सहरावत श्री विजय मल्होत्रा श्री वजीर सिंह श्री संजीव यादव श्री वेद सिंह श्री रविंदर यादव श्री संतोष कुमार श्री विष्णु बालु श्री कुलदीप सिंह श्री सुरेंद्र सिंह फोरमैन आदि।



# वैश्य महाविद्यालय, रोहतक में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय, रोहतक में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में एवं ट्रैफिक पुलिस थाना, रोहतक के संयुक्त सहयोग से सड़क सुरक्षा विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी ज्ञान-समझ और जागरूकता का परिचय दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

# एसडीएम नूंह अंकिता पुवार ने की विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की प्रशंसा

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपेड़ा में दिवाली मेला का भव्य आयोजन
- मेले में बच्चों ने हस्तशिल्प उत्पादों, मिट्टी के दीयों, पर्यावरण अनुकूल सजावटी वस्तुओं, रंगोली डिजाइनों व गृह सज्जा सामग्री को किया प्रदर्शित



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, छपेड़ा में बुधवार को दिवाली मेला का आयोजन बड़े उत्साह व हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमंडल अधिकारी (ना.) नूंह, अंकिता पुवार ने शिरकत की। उन्होंने इस दिवाली मेले में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प उत्पादों, मिट्टी के दीयों, पर्यावरण अनुकूल सजावटी वस्तुओं, रंगोली डिजाइनों व गृह सज्जा सामग्री की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की इस रचनात्मक व कलात्मक प्रतिभा की प्रशंसा की।

एसडीएम ने कहा कि इस मेले में विद्यार्थियों ने जिस मेहनत, रचनात्मकता व स्वावलंबन की भावना के अपने उत्पादों को अपने हाथों से तैयार किया है, उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। स्कूल शिक्षा के साथ इस प्रकार की कलात्मक रूचि बच्चों में पैदा करने में स्कूल प्रिंसीपल व स्टाफ ने जो मेहनत व बच्चों को मोटिवेट किया है, वह भी सराहनीय प्रयास है।

इस मेले में प्रदर्शित किए गए उत्पाद न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता का बखान कर रहे हैं, अपितु भारतीय संस्कृति व पुरानी परंपराओं से जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने सभी स्टाल पर जाकर बच्चों के बनाए उत्पादों को देखा तथा उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वागत गीत, लोकनृत्य, कविताएं और लघु नाटिकाएं प्रस्तुत की। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों पर उपस्थित अतिथियों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया।

इससे पहले विद्यालय की प्रिंसीपल प्रोमिला कुमारी ने कार्यक्रम में पहुंचने पर एसडीएम अंकिता पुवार का स्वागत किया तथा मेले के आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूल में विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने व उनमें आत्मनिर्भरता व व्यावहारिक शिक्षा को जागृत करने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

स्कूल में प्रत्येक शनिवार को भी बच्चों से विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियां आयोजित करवाई जाती हैं।

कार्यक्रम के अंत में एसडीएम अंकिता पुवार ने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा विद्यालय परिवार द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, अभिभावक, पंचायत प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सराहनीय पहल : अपनी नेक कमाई से 155 विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर, छात्र-छात्राओं के चेहरों पर बिखरी मुस्कान

**उत्तम भारत संवाददाता, झज्जर।** खुशियां बांटने से कम नहीं होती बल्कि खुशियाँ और बढ़ती है इसी बात को ध्यान में रखते हुए झज्जर जिला मुख्यालय के अंतिम छोर पर बसे वीरों की देवभूमि कहे जाने वाले गांव धारौली की सामाजिक संस्था मां-मातृभूमि सेवा समिति द्वारा भाकली गांव के राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक पाठशाला के कक्षा एक से पांचवी तक के सभी 155 विद्यार्थियों को वस्त्र समर्पण सेवा कार्यक्रम में निःशुल्क स्वेटर वितरण की गई जिसे पाकर सभी विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे । वस्त्र समर्पण सेवा कार्यक्रम में भाकली गांव के मास्टर सतीश यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मेडी-जेईई करियर इंस्टीट्यूट, कोसली की तरफ से हरिप्रसाद ने विशिष्ट अतिथि - 1 और सुधीर कुमार, प्रो. कोमल इलेक्ट्रिक स्टोर, भाकली विशिष्ट अतिथि - 2 के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए । माननीय अभय सिंह, प्राचार्य, शहीद ज्ञान सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव भाकली ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । 22वी बार रक्तदान कर चुके युद्धवीर सिंह लांबा, अध्यक्ष, मां-मातृभूमि सेवा समिति, वीरों की देवभूमि धारौली ने बताया कि 1.समाजसेवी व शिक्षाविद सुखबीर जाखड़, चेयरमैन, रिलायंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स 2.हरियाणा सरकार में जूनियर इंजीनियर अजय मलिक, खानपुर कलां, सोनीपत 3.शिक्षाविद धर्मेंद्र यादव, मेडी-जेईई करियर इंस्टीट्यूट, कोसली 4.असिस्टेंट टैक्सेशन अफसर के पद पर कार्यरत संजीव घणघस, गांव जतई, भिवानी 5. समाजसेवी व 43 बार रक्तदान कर चुके रक्तदानी नितेश भौरिया, प्रो. अर्बन युवा रेडीमेड स्टोर, कोसली 6.मास्टर रोहित यादव प्रो. लेवी डिस्पोजल हाउस, कोसली 7.इंजीनियर अमित दांगी, गांव मदीना, रोहतक 8.भिवानी निवासी इंजीनियर अजय जांगड़ा, सरकारी बैंक में कार्यरत 9.पर्यावरण संरक्षण को समर्पित मंजीत सिंह, प्रो.श्री हंस बैग व स्टेशनरी हाउस, नत्थू राम काम्प्लेक्स, कोसली 10.कोसली स्टेशन में नाहड रोड पर सोनू मोटर वाइंडिंग सेंटर, प्रो. सोनू धारौली 11.डीपीई कुलवेन्द्र सिंह यादव,गांव मुमताजपुर, जिला रेवाड़ी 12.शिक्षा के साथ साथ सामाजिक सरोकार का दायित्व भी बेखुबी निभा रहे मास्टर श्री हरबीर मल्हान गिरधरपुर।




# कार्यालय ग्राम पंचायत वोवदवाला
## विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांकः मीमो /ग्राम निधि/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/निविदा/2025-26 दिनांकः 15.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत वोवदवाला में पंचम राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 24.10.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से विक्रम के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सीसी टाईल्स आदि। | 213544/- | 4271/- | 250/- | 3 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर नाली व पुलिया निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सरिया आदि। | 165149/- | 3303/- | 250/- | 3 माह |
| 3 | गजराम के घर से नहर तक नाली व दीवार निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सरिया आदि। | 599858/- | 11997/- | 250/- | 3 माह |
| 4 | भीमसैन के घर से नहर तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, अव्वल ईंट, आदि। | 231221/- | 4624/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तेः**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-वोवदवाला**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# बसंती देवी धर्मशाला में शिवसेना की बैठक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** बसंती देवी धर्मशाला में हुई बैठक में बोलते हुए शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि गोरखपुर से बिजनौर होकर जा रहे हरिद्वार गंगा एक्सप्रेसवे को किसी कारण दूसरी जगह कर दिया गया।

जो बिजनौर की जनता के साथ सरासर धोखा है जिसे शिवसेना बर्दाश्त नहीं करेगी क्योंकि हरिद्वार से निकलते ही गंगा जी बिजनौर में प्रवेश करती हैं और 81 किलोमीटर महात्मा विदुर जी की छोटे हुए निकलती है बिजनौर के अंदर बाढ़ आती है।

तो किसानों का नुकसान होता है अगर बिजनौर से होकर गंगा एक्सप्रेसवे निकलता है तो बंदे का काम एक्सप्रेस वे करेगा जिससे किसानों का कोई नुकसान नहीं होगा माननीय मुख्यमंत्री विदुर कोटी की सभा में घोषणा करके गए थे। गंगा एक्सप्रेसवे महात्मा विदुर जी की धरती बिजनौर से होकर के ही जाएगा हम चाहते हैं। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उप प्रमुख पंडित नरेश शर्मा और संचालन धर्मवीर सिंह तोमर द्वारा किया गया। कि योगी जी अपना वादा निभाओ बैठक में सुरेंद्र सिंह, संदीप उर्फ बिल्ला, बंटी शेरावत, मुकेश लंबा, अतुल शर्मा, पुलकित त्यागी ,राहुल त्यागी ,अजय शर्मा ,पंकज कुमार, शंकर, सुरेश सैलानी आदि शिव सैनिक मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं में जोश और जागरूकता का संचार किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडावर।** मंगलवार को मंडावर डिग्री कॉलेज, थाना मंडावर, जनपद बिजनौर में मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा, महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाना था।कार्यक्रम के तहत कॉलेज परिसर में सुबह 9ः00 बजे से दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिस्पर्धा की भावना, शारीरिक तंदुरुस्ती और टीम भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।200 मीटर दौड़ में बीएससी की छात्रा शबाना ने प्रथम, सानिया ने द्वितीय और सलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में सीमा ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय और प्राची ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, रस्साकशी प्रतियोगिता में शिवानी, नगमा, अंजलि, सनी, सलोनी, निशु, आंचल, तनु, प्रियांशी और हिमानी की टीम ने विजय प्राप्त की। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष श्री सुमित राठी, उपनिरीक्षक रामअवतार सिंह, उपनिरीक्षक श्रीमती प्रेरणा यादव, महिला कांस्टेबल जावित्री, कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. रेखा वर्मा और कॉलेज के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। इस आयोजन ने छात्र-छात्राओं में जोश और जागरूकता का संचार किया।

# नॉलेज शेयर कार्यशाला का हुआ आयोजन : जलीलपुर



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील के स्याऊ स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र जलीलपुर के सभागार मे नवाचार आधारित नॉलेज शेयरिंग कार्यशाला दो दिवसीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला आयोजन दिनांक 14 10.2025 तथा15-102025 को हुआ। जिसमें टीम आरपी द्वारा शिक्षकों के साथ जिला स्तर पर चयनित हुए नवाचारों की शेयरिंग की गई तथा ब्लॉक स्तर से भी कार्यशाला में आए हुए शिक्षको द्वारा भी उनके नवाचार तथा विचारों का साझाकारण किया गया।

इस अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि नवाचार आज के समय में शिक्षा के परिपेक्ष्य में विशेष आवश्यक है। हम नवाचार द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहजता से योगदान दे सकते हैं तथा उनकी समझ को आसानी से सुधार कर सकते है।

इस अवसर पर अनेक अध्यापकों के साथ-साथ खंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह, टीम ए .आर. पी. में सतेन्द्र कुमार, मुकेश यादव शालिनी अग्रवाल इरशाद अहमद इत्यादि उपस्थित रहे।

तथा कार्यशाला में उपस्थित शिक्षको नॉलेज शेयर किया गया।तथा जिला स्तर पर चयनित दीपशिखा राजपूत द्वारा निर्मित नवाचार %स्कूल चलें हम% का प्रस्तुतिकरण किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने मे डॉ.मा। मुनीर , जौली अग्रवाल,राजीव कुमार गिरीश कुमार, कमलाकांत, रिंमिष कुमार इत्यादि का योगदान रहा।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत किया गया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत महिला आरक्षी 87 प्रीति तोमर, महिला होम गार्ड 299 बीना व प्रधानाचार्य फिरोज खान, उप प्रधानाचार्या मनीषा कुमारी व प्रबंधक जेबुनिसा , सहायक अध्यापक मोहित चौधरी व मंजू चौधरी द्वारा मॉडर्न न्यू ईरा पब्लिक स्कूल ग्राम बाबरपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर में महिलाओं , छात्राओं व बालिकाओं को जागरूक किया मिशन शक्ति लघु फिल्मों को बालिकाओं को दिखाया गया तथा

*1. महिला हेल्प लाइन नंबर 181*
*2. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090*
*3. आपातकालीन नंबर 112*
*4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102*
*5. एंबुलेंस नंबर 108*
*6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098* 7. *साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना*

के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने , सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने , अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया , महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं महिलाओं को जागरूक किया गया

# श्मशानों व कब्रिस्तानों में प्राथमिकता के साथ होगा चारदीवारी का काम



*** निगम में शामिल 32 गांवों के पार्षदों के साथ नगरायुक्त ने किया विचार विमर्श**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगर निगम में शामिल 32 गांवों के विकास के सम्बंध में सम्बंधित पार्षदों के साथ आज नगरायुक्त शिपू गिरि ने विचार विमर्श किया और सुझाव लिए। उन्होंने पार्षदों के सुझावों पर उक्त 32 गांवों से सम्बंधित श्मशान व कब्रिस्तान आदि की मरम्मत व चारदीवारी आदि को प्राथमिकता के साथ कराने का भरोसा पार्षदों को दिया।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने निगम में शामिल 32 गांवों के पार्षदों से गांवों के विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि पार्षदों द्वारा दिए गए सुझावों पर प्राथमिकता से कार्य कराया जायेगा, लेकिन साथ ही स्पष्ट किया कि गांव क्षेत्र में अवैध रुप से काटी गयी कॉलोनियों में कोई विकास कार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उक्त 32 गांव क्षेत्रों में कार्य के सम्बद्ध में एसडीए से जांच करायी जायेगी, यदि अवैध कॉलोनी से सम्बंधित कोई प्रस्ताव होगा तो उस पर कार्य नहीं कराया जायेगा।

इससे पूर्व पार्षद चौधरी वीरसैन सिद्धू ने 32 गांवों से सम्बंधित श्मशानों की चारदीवारी तथा उनके सम्पर्क मार्ग ठीक कराने की मांग की। मंसूर बदर ने अंबाला रोड स्थित डबनीवाला कब्रिस्तान का सम्पर्क मार्ग ठीक कराने तथा उसकी चारदीवारी बनवाने की मांग करते हुए कहा कि चारदीवारी न होने से लोग कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे कर रहे हैं। पार्षद समीर अहमद ने ग्राम खतरीवाला श्मशानघाट की चारदीवारी कराने की मांग की। पार्षद सुनील पंवार ने शौचालयों की मरम्मत और उनका रखरखाव ठीक कराने की ओर ध्यान दिलाया। कुछ पार्षदों ने गांवों में बिजली की पर्याप्त व्यवस्था एवं कूड़ा उठान में और अधिक सक्रियता लाने पर भी जोर दिया। नगरायुक्त ने पार्षदों की मांग पर निर्माण सम्बंधी कार्य प्राथमिकता के साथ कराने का भी आश्वासन दिया।

बैठक में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, निगम के पशु कल्याण एवं चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा तथा उक्त पार्षदों के अलावा पार्षद मोहर सिंह, वीरेन्द्र उपाध्याय, स्वराज सिंह, सोपिनपाल, विनोद सैनी, अनिल गर्ग, संदीप के अलावा पार्षद प्रतिनिधि परविंद्र तोमर, अनिल शर्मा, जावेद अहमद आदि शामिल रहे।

# ट्रेन से टकराकर युवक की मौत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडावर।** थाना मंडावर क्षेत्र के चंदक चौकी के अंतर्गत चन्दक रेलवे लाइन के पास युवक की ट्रेन से टकराकर मौत हो गई ।जिसमें युवक का सर धड से अलग हो गया। मृतक की पहचान शुभम पुत्र पप्पू ग्राम फाजलपुर उम्र 24 वर्ष सूत्रों से पता चला है कि शुभम पुत्र पप्पू हरिद्वार नौकरी करता था। जब शुभम नौकरी समाप्त करके हरिद्वार से ट्रेन में आ रहा था। आते वक्त ट्रेन से हुआ हादसा। परिजनों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल।

# पैरेंटस-टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के द हेज़लमून स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी कक्षाओं के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों की विस्तृत जानकारी अभिभावकों को दी तथा उनके शैक्षणिक प्रदर्शन और सुधार के उपायों पर चर्चा की। विद्यालय की निर्देशिका शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷द हेज़लमून स्कूल का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं है, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास और जीवन कौशल का विकास करना भी है। प्रत्येक बच्चे में एक अलग प्रतिभा छिपी होती है, जिसे शिक्षक और अभिभावक मिलकर निखार सकते हैं। अभिभावकों का सहयोग ही हमारे विद्यार्थियों को सफलता के शिखर तक पहुँचाने की सबसे बड़ी शक्ति है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने अभिभावकों को विद्यालय और घर के बीच मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

मीटिंग के दौरान अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक और सहशैक्षणिक प्रयासों की सराहना की।

# मोटरसाइकिल चुराने का आरोप लगाया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर ।** क्षेत्र के ग्राम बूचा नांगल निवासी नासिर पुत्र इकरामुददीन ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति पर मोटरसाइकिल चुराने का आरोप लगाया था। पुलिस ने चैकिंग के दौरान तीन बाल अपचारियों को मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने नासिर की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर मामले की छानबीन शुरु कर दी थी। पुलिस ने इसीक्रम में मंगलवार को चैकिंग के दौरान तीन बाल अपचारियों को वादी नासिर की मोटरसाइकिल नम्बर क्त20٫॥ 8647 सहित निगरानी में ले लिया है।

पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा की वृद्धि करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरु कर दी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अब्दुल कादिर, कांस्टेबल मुकेश कुमार, कांस्टेबल विपिन कुमार एवं कांस्टेबल रणजीत कुमार आदि शामिल रहे।

# दुष्कर्म और जान से मारने के आरोपी को किया गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाई जा रहा है अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत चांदपुर पुलिस द्वारा वादिनी की तहरीर पर अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र रूप राम सिंह निवासी ग्राम बसेडा थाना चांदपुर जनपद बिजनौर द्वारा वादिनी के साथ गलत कार्य किया गया । और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई ।

पुलिस द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र रूप राम सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा मु0अ0स 506/2025 धारा 69/ 351(3) बीएन एस पंजीकृत किया गया । आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है । गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक संदीप पवार कां शैलेंद्रकांत विकास खोखर द्वारा गिरफ्तार किया।

# माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा शतरंज प्रतियोगिता



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अलीगढ़ में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में उर्दू से 14 बालिका वर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । यह एक टीम प्रतियोगिता थी जिसमें पांच बालिकाए शामिल थी ।

इन पांच बालिकाओ मे से तीन बालिकाए कंपोजिट विद्यालय सकतलपुर मिलक ब्लॉक जलीलपुर से शामिल थी ।

जिनका विवरण इस प्रकार है ।

कशिश - कक्षा 8
अर्चना- .कक्षा 7
मिताली- कक्षा 6 इन सभी ने अपने सभी मैच जीतकर अपने ब्लॉक का नाम रोशन किया व नेशनल के लिए टीम का स्थान पक्का किया ।

# रायवाला बाजार में होगी रात्रिकालीन सफाई



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** रायवाला बाजार क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई करायी जायेगी। यह सफाई कार्य मंगलवार अवकाश दिवस को छोड़कर 30 नवंबर तक हर रोज कराया जायेगा।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह ने इस सम्बंध में आदेश जारी किये। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर के व्यवसायिक क्षेत्रों में विशेष सफाई के लिए रात्रिकालीन सफाई करायी जायेगी। उन्होंने बताया कि अवकाश को छोड़कर हर रोज रात्रि में जैन मंदिर से लेकर जेबीएस तक मुख्य मार्ग, प्रताप नगर मार्किट, रायवाला चौक, शास्त्री मार्किट से रानी बाजार चौक तक विशेष सफाई कार्य कराया जायेगा। यह विशेष सफाई कार्य आगामी 30 नवंबर तक चलेगा।

# थाना चिलकाना प्रभारी संजीव कुमार का ट्रांसफर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चिलकाना/सहारनपुर।** थाना चिलकाना कुछ दिन पूर्व ही थाना चिलकाना का चार्ज सँभालने वाले ईमानदार इंस्पेक्टर संजीव कुमार को थाना सरसावा की कमान सौपी गयी है।वहीं नगर के गलियारों मे चर्चा है कि अवैध खनन पर लगातार कार्यवाही करना ओर कानून का सख्ती से पालन कराना तो उनके ट्रांसफर की वजह नहीं बनी। थाना चिलकाना का चार्ज सँभालते ही उन्होंने अवैध खनन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था ओर बड़े पैमाने पर कार्यवाही कर उन्होंने खनन की रैकी करने वालो को भी जेल की हवा खिलाने का काम किया था। सूत्रों द्वारा कही उनकी ईमानदार छवि तो उनके ट्रांसफर की वजह नहीं बनी क्योंकि वो अवैध खनन का गौ तस्करी का कार्य करने वालो की नजरो मे लगातार चुभ रहे थे। कारण जो भी हो उन्होंने अपने छोटे से कार्यकाल मे शासन ओर उत्तरप्रदेश के मुखिया बाबा योगी आदित्यनाथ जी की नीतियों पर चलकर गौ कशी ओर अवैध खनन पर अंकुश लगाने का कार्य किया।

# डी.पी.एस. बिजनौर में ए.आई. कार्यशाला : स्नेह पाल ने दिए नवाचार के सूत्र



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, अपने उत्कृष्ट शिक्षण-कार्य, सुसंस्कृत वातावरण और आधुनिक दृष्टिकोण के लिए सदैव अग्रणी रहा है। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को समय के अनुरूप नई तकनीकों से जोड़ना भी है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए विद्यालय में हाल ही में ÷ए.आई. (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) टूल्स पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला का मूल उद्देश्य यह था कि शिक्षक अपने अध्यापन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे आधुनिक साधनों का उपयोग कर शिक्षण को अधिक प्रभावशाली, रुचिकर और छात्र-केंद्रित बना सकें। वहीं कर्मचारियों के लिए यह प्रशिक्षण इस दिशा में था कि वे ए.आई. की सहायता से अपने दैनिक कार्यों को अधिक व्यवस्थित, सटीक और सुगम बना सकें। इस कार्यशाला का संचालन प्रोडक्ट मैनेजर स्नेह पाल द्वारा किया गया, जिन्होंने विभिन्न ए.आई. टूल्स का परिचय कराया और बताया कि इनका प्रयोग शिक्षण सामग्री तैयार करने, मूल्यांकन करने, रिपोर्ट बनाने तथा विद्यार्थियों की व्यक्तिगत प्रगति का विश्लेषण करने में कितनी सहायता प्रदान कर सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ए.आई. का प्रयोग शिक्षक के कार्य को प्रतिस्थापित नहीं करता, बल्कि उसे सशक्त बनाता है। यह तकनीक शिक्षक की रचनात्मकता और विद्यार्थियों की जिज्ञासा को नए पंख देती है। कार्यशाला के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पायल कपूर ने अपने उद्बोधन में कहा कि ÷कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज के युग की आवश्यकता ही नहीं, अपितु शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति है।÷ उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे इस तकनीक को अपनाकर अपने अध्यापन को नवोन्मेषी बनाएं और विद्यार्थियों के लिए शिक्षण को अनुभवात्मक बनाएं।

# महापौर ने मुख्यमंत्री से मांगी महापुरुषों की प्रतिमाएं लगवाने को स्वीकृति



**-निगम की भूमि श्रीरामलीला कमेटी को पुनः लीज पर देने के लिए भी मांगी स्वीकृति**

**-महापौर डॉ.अजय कुमार ने लखनऊ में की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ.अजय कुमार ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उन्हें महानगर के विभिन्न स्थानों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना तथा सम्बंधित चौराहों व मार्गो के नामकरण किये जाने के लिए एक पत्र देकर प्रतिमाओं की स्थापना के लिए स्वीकृति देने की मांग की। महापौर ने बेहट रोड स्थित नगर निगम की भूमि श्रीरामलीला सम्पत्ति कमेटी को पुनः लीज पर दिये जाने के सम्बंध में भी एक पत्र देकर अनुमति देने का अनुरोध किया। उक्त दोनों के सम्बंध में नगर निगम बोर्ड पहले ही सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर चुका है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने मुख्यमंत्री को श्रीमद्भागवत गीता भी भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ स्थित कार्यालय में मुलाकात कर मुख्यमंत्री को बताया कि महानगर के विभिन्न चौराहों व तिराहों पर महापुरुषों की प्रतिमाएं, चौराहों व मार्गो के नामकरण सम्बंधी अनेक प्रस्ताव नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित किये गए हैं। महापौर ने मुख्यमंत्री को प्रतिमा लगाये जाने वाले स्थलों की सूची (प्रस्तावों सहित) सौंपते हुए बताया कि राकेश कैमिकल तिराहे पर 'आदिकवि भगवान महर्षि वाल्मिकी' जी की मूर्ति लगवाने, दिल्ली रोड स्थित बड़े सरोवर पर 'लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल' की प्रतिमा स्थापित कर सरोवर का नाम 'राष्ट्रीय एकता सरोवर' रखने, जनपद में किसी चौक या बस स्टैण्ड का नाम ''पुण्यश्लोका माता देवी अहित्याबाई होल्कर' रखने तथा आईटीसी चौराहा के सर्किट हाउस रोड पर लोक माता देवी अहिल्याबाई होल्कर चौक बनाने, वार्ड संख्या 2 में साई धाम कॉलोनी के चौराहे का नाम 'माता पन्ना धाय' रखने व प्रतिमा लगवाने के प्रस्ताव नगर निगम बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से पारित किये गए हैं।

इसके अलावा चमन पैलेस बेरीबाग अथवा नवाबगंज चौक में से किसी एक स्थान पर 'भगवान महर्षि कश्यप चौक' का निर्माण कराने, जैन कॉलेज से बड़गांव जाने वाले मार्ग (निगम सीमा क्षेत्र) का नाम 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप' के नाम पर रखने तथा हकीकत नगर तिराहे के निकट श्री रामलीला पार्क पर 'हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान' की प्रतिमा लगाने व नामकरण करने के प्रस्ताव भी पारित किये गए है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने नगर निगम कार्यकारणी व सदन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुक्रम में मूर्तियों की स्थापना व नामकरण के सम्बंध में मुख्यमंत्री से स्वीकृति देते हुए आदेश जारी कराने का अनुरोध किया।

**कार्यालय सचिवालय मंझार, विकास खण्ड सरसावा सहारनपुर।**

**पत्रांकः-मीमो/मनरेगा/राज्य वित्त**/2025-26 **दिनांकः**-14/10/2025

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

समस्त शासकीय ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड सरसावा की ग्राम पंचायत मंझार में मनरेगा व राज्य वित्त योजनान्तर्गत निर्मित सी0सी0 व नाली निर्माण कार्यो की अनुमानित लागत 7 लाख है। 1. सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 2.80 लाख है। 2. सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य की अनुमा. नित लागत 4.00 लाख है। 3. सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 2.30 लाख है, के निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 15-10-2025 से 24-10-2025 को दोपहर 12 बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा व निर्धारित शुल्क जमा कराकर ग्राम सचिवालय से प्राप्त किये जा सकते है। सबसे कम दर की निविदा को स्वीकृत किया जायेगा। कार्य की नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में सचिवालय में आकर देखी जा सकती है। प्राप्त निविदाओं दिनांक 24-10-2025 को अपरान्ह 3 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिना कोई कारण बताये किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**(ग्राम सचिव) ग्राम पंचायत मंझार** **(ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत मंझार**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सरसावा सहारनपुर।**

**पत्रांकः**-633/3/न०पा०प०सर०-नि०सू०/2025-26 **दिनांकः**-14/10/2025

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

सर्व साधारण/इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार/अधिकृत डीलरों व फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सरसावा राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड मद के अन्तर्गत कार्य निविदा दरें प्राप्त करते हुये कार्य कराना चाहती है जिसके लिए **दिनांक** 25/10/2025 **तक दरें प्राप्त किये जाने हेतु निविदा दरें प्राप्त की जाती है।** जो कार्यालय नगर पालिका परिषद सरसावा में रखे निविदा/कुटेशन बाक्स में डाली जायेगी। **दिनांक** 25/10/2025 **समय दोपहर** 12:00 **बजे तक निर्धारित मूल्य देकर, कार्यालय नगर पालिका परिषद सरसावा, के कार्यालय से क्रय किये जा सकते है।** जो निविदा/दरें तद् दिनांक 25/10/2025 समय सायं 3:00 बजे अध्यक्षा/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सरसावा सहारनपुर के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी स्वीकृत/अस्वीकृत निविदाओं/निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्यशील दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि | धरोहर राशि | निविदा फार्म मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नगर में घूम रहे आवारा कुत्तो को पकडने (स्टेरिलाइजेशन) का कार्य। | निविदादाता द्वारा दी जाने वाली दरें प्रति कुत्ता | | 500.00 |
| 2 | नगर में आतंकी बंदरों को पकडने का कार्य। | निविदादाता द्वारा दी जाने वाली दरें प्रति बंदर | | 500.00 |
| 3 | नगर में शीत लहर व ठंड से बचाव हेतु जलाये जाने वाले अलाव हेतु सूखता (बोन फायर) लकडी की क्रयदारी | निविदादाता द्वारा दी जाने वाली दरें | | 500.00 |
| 4 | नगर पालिका परिषद सरसावा के समस्त सफाई कर्मचारियों (महिला/पुरूष) को गर्म वर्दी मय कपडा व सिलाई सहित का कार्य | निविदादाता द्वारा दी जाने वाली दरें प्रति कपडा/प्रति सिलाई | | 500.00 |

**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सरसावा** **अध्यक्षा नगर पालिका परिषद सरसावा**

P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/15/2025 5:59 PM Page 1



## सम्पादकीय

# लालू परिवार की मुश्किलें

बिहार चुनाव तपने लगा था, उसी दौरान सीबीआई की विशेष अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत 11 अन्य के खिलाफ आरोप तय कर दिए। अब चुनाव के दौरान ही 27 अक्तूबर से रोजाना अदालत सुनवाई करेगी, साक्ष्य पेश किए जाएंगे, बहस होगी और अंतिम चरण के मतदान 11 नवंबर से एक दिन पहले ही अदालत अपना अंतिम फैसला सुना सकती है। अर्थात लालू यादव और परिजनों को जेल भेजा जाएगा अथवा आरोप-मुक्त किया जाएगा। लालू पहले ही चारा घोटाले में, स्वास्थ्य के आधार पर, जमानत पर हैं। कई साल जेल की सजा भी काट चुके हैं। यह केस लालू यादव के रेलमंत्री कार्यकाल का है, जब केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी। लालू 2004-09 के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री थे। लालू के उस दौर में जमीन के बदले नौकरियां दी गईं और भूमि के सस्ते हस्तांतरण के बदले आईआरसीटीसी होटल के घोटाले सामने आए। विशेष जज विशाल गोगने ने लालू यादव के आपराधिक साजिश का मुख्य सूत्रधार होने की आशंका जताई है। आपराधिक साजिश के अलावा, धोखाधड़ी, सार्वजनिक पद के दुरुपयोग और जनसेवक द्वारा आपराधिक दुराचरण की धाराओं में आरोप तय किए गए हैं। अदालत ने 244 पन्नों के फैसले में कहा है कि तत्कालीन रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव ने सुजाता होटल, प्रेमचंद गुप्ता की पत्नी का होटल, के निदेशक विजय और विनय कोचर आदि के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची। रांची और पुरी के बीएनआर होटलों की उप-लीज के अनुबंधों में अनुचित लाभ दिए गए। बदले में कोचर बंधुओं ने पटना की कीमती जमीन लालू के करीबी, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रेमचंद गुप्ता की कंपनी को बेची। वह कंपनी लालू परिवार के नियंत्रण में आ गई। कंपनी के शेयर तेजस्वी और राबड़ी देवी के नाम कर दिए गए। जमीन हस्तांतरण भी मामूली कीमत पर उनके नाम हो गया। जिस संपत्ति का बाजार-मूल्य 94 करोड़ रुपए था और सर्किल रेट ही 32 करोड़ रुपए से अधिक था, वह 65 लाख रुपए में ही तेजस्वी और राबड़ी देवी के नाम कर दी गई। तब तेजस्वी नाबालिग थे, लेकिन करोड़ों रुपए की कंपनी और संपत्ति के मालिक थे। अदालत में वे कह रहे थे कि वे निर्दोष हैं। तो करोड़ों रुपए का हस्तांतरण उनके नाम कैसे हो गया? देश में किसी अन्य परिवार के साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ? अदालत का गंभीर संदेह है कि तत्कालीन रेलमंत्री ने टेंडर प्रक्रिया को भी प्रभावित किया। तेजस्वी यादव इस मामले को सियासी साजिश करार दे रहे हैं और लगातार लड़ने की हुंकार भर रहे हैं। भारत सरकार में रेल मंत्री लालू यादव थे, घोटाला परिवार में रचा गया, तो सियासी साजिश कौन करेगा? यूपीए सरकार मई, 2014 तक रही। दरअसल यह घोटाला चक्रव्यूह की तरह है। आखिरी लाभार्थी लालू परिवार है। चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप और अंततः कटघरे में जाने की नौबत राजद और इंडिया गठबंधन के लिए करारा धक्का साबित हो सकता है। भाजपा-एनडीए लालू परिवार के खिलाफ धुआंधार प्रचार करेंगे और इस घोटाले को जंगल-राज तथा चारा घोटाले की अगली कड़ी कहेंगे। आरोप किसी राजनीतिक दल के नहीं हैं, बल्कि एक विशेष जज की अदालत में तय किए गए हैं, लिहाजा यह राजनीति करार नहीं दी जा सकती। अलबत्ता लालू परिवार इस अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती जरूर दे सकता है। जमीन के बदले नौकरी घोटाले के किरदार लालू की बेटियां-मीसा भारती, हेमा यादव-भी हैं। दरअसल जांच एजेंसियों को लालू परिवार के आर्थिक संसाधनों की सम्यक जांच करनी चाहिए। राबड़ी देवी और बच्चों ने न तो अच्छी नौकरी की और न ही उद्योग स्थापित किए, लेकिन उनके पास फॉर्म हाउस, घर, संपत्तियां कहां से आईं? कमोबेश देश को इस भ्रष्ट चक्रव्यूह की जानकारी मिलनी चाहिए।

## विशेष

# जदयू के भविष्य पर सवाल

1999 से अस्तित्व में आया जनता दल यूनाइटेड अब कब तक कायम रह पाएगा, उसका भविष्य क्या होगा, ये सवाल अब बिहार चुनाव के वक्त उठने लगे हैं। 2005 से नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू सत्ता में बना हुआ है, बीच में थोड़े अंतराल के लिए नीतीश सरकार हटी, लेकिन फिर भी दो दशकों से बिहार की राजनीति जदयू और नीतीश कुमार के इर्द-गिर्द ही घूम रही है। इससे पहले लालू प्रसाद लंबे वक्त बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे और वे अब भी प्रासंगिक बने हुए हैं। तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल ने 2020 के चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें नीतीश कुमार ही पिछड़ गए थे। अगर भाजपा का साथ नहीं होता तो शायद नीतीश कु मार को सत्ता भी नहीं मिलती। तेजस्वी यादव अब भी जदयू और भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। चुनाव में चाहे राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन की हार हो या जीत हो, लालू यादव और तेजस्वी यादव हर हाल में प्रासंगिक बने रहेंगे, क्योंकि भाजपा के खिलाफ वे मजबूती से डटे हैं। जबकि नीतीश कुमार भाजपा के आगे इतना झुक चुके हैं कि अब धराशायी होने के ही आसार उनके लिए बने हैं। भाजपा का इतिहास भी इसकी गवाही देता है कि जो क्षेत्रीय दल उसके मुकाबले मजबूत होता है, उसे गठबंधन में साथ लेकर भाजपा पहले उसे कमजोर करती है, न कर पाए तो उसे भीतर से तोड़ती है, या फिर उसका विलय कर लेती है। किसी भी तरह गठबंधन के दल इतने ताकतवर न हो पाएं कि वे अपनी शर्तें भाजपा के सामने रखें, ऐसी रणनीति पार्टी की रहती है। अटल बिहारी वाजपेयी के काल की भाजपा में ऐसा नहीं था, तब क्षेत्रीय दलों का अपना रसूख और जगह बरकरार थे। अब मोदी-शाह युग की भाजपा है। जिसमें हर हाल में बड़ा भाई भाजपा को ही रहना है। बिहार में पिछले 20 सालों से भाजपा बड़ा भाई बनने का मौका देख रही थी। अब जबकि नीतीश कुमार शारीरिक तौर पर कमजोर हो चुके हैं, जदयू में शरद यादव के कद का कोई दूसरा नेता नहीं है, जो नीतीश कुमार को सही सलाह दे सके, नीतीश के बेटे निशांत कुमार सक्रिय राजनीति में नहीं हैं और राज्य में भाजपा का प्रभाव वाला प्रशासन चल रहा है, ऐसे में नीतीश कुमार को राजनैतिक तौर पर कमजोर करने का मौका भाजपा के हाथ लगा। इस बार सीट बंटवारे में जदयू और भाजपा दोनों ही 101-101 सीट पर चुनाव लड़ेंगी। जबकि चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) 29 सीटों पर, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा छह-छह सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। पिछले चुनाव में जदयू ने 115 सीटों और भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा था। कम सीटों पर नीतीश कुमार का मान जाना खुद जदयू के नेताओं के लिए झटका है, उनके लिए बड़े भाई या छोटे भाई बनने से बड़ा सवाल ये है कि अब जदयू बचेगा या नहीं? सीट शेयरिंग में भाजपा के अलावा केवल चिराग पासवान ही जीते हुए नजर आ रहे हैं, जिन्होंने 30 सीटें मांगी थी और 29 मिल गई हैं। दरअसल चिराग पासवान इस बार बिहार में कई महीनों से तल्ख तेवर अपनाए हुए थे। नीतीश सरकार के कामकाज और राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था का सवाल वो उठाते रहे और बीच-बीच में आम सभाएं कर अपनी ताकत मोदी को दिखाते रहे।

# इस्राइल-हमास युद्धविरामः आशा की किरण या अस्थायी विराम?

-ललित गर्ग-

गाजा की धरती लम्बे दौर से संघर्ष, हिंसा, विनाश और तबाही की त्रासदी की गवाह रही है, आज फिर एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ शांति की एक हल्की किरण दिखाई तो देती है, परंतु उसके चारों ओर धुएँ और राख का अंधकार अब भी विद्यमान है। हाल ही में हुए युद्ध-विराम ने न केवल मध्यपूर्व बल्कि समूचे विश्व को राहत की एक साँस दी है। गाजा में अमन-चैन की ओर जो सुखद कदम बढ़े हैं, उनका स्वागत होना चाहिए। परंतु यह सवाल भी उतना ही प्रासंगिक है कि क्या यह शांति स्थायी होगी, या यह केवल अगली लड़ाई से पहले का ठहराव भर है? समूची दुनिया चाहती है कि यह युद्ध विराम स्थायी हो क्योंकि इस्राइल और हमास के संघर्ष ने करीब बाइस लाख से अधिक लोगों को बेघर करके भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। ऐसे में दोनों पक्षों के लिये समझौते के पहले चरण को पूरी तरह से लागू करना बेहद जरूरी होगा। जिसमें बंधकों व कैदियों की रिहाई, गाजा में मानवीय सहायता को अनवरत जारी रखना और इस्राइली सेनाओं की गाजा के मुख्य शहरों से आंशिक वापसी सुनिश्चित करना भी शामिल है। यह सब दूसरे चरण की बातचीत पर निर्भर हैं।

यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो इसके बाद ही दूसरे चरण की बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। यह बेहद मुश्किल चुनौतियों वाला चरण होगा। इस दौरान कई संवेदनशील मुद्दे सामने होंगे। सबकी निगाह इस पर होगी कि शांति समझौते के अगले चरण कब पूरे होते हैं और वे सही तरह पूरे होते भी हैं या नहीं? इस पर संशय इसलिए है, क्योंकि यह स्पष्ट नहीं कि इजरायली सेना गाजा में कितना पीछे हटेगी और वहां के प्रशासन को संचालित करने का कैसा तंत्र तैयार होगा और क्या उस पर हमास सहमत होगा? इसके अतिरिक्त जहां हमास को हथियार छोड़ने हैं, वहीं इजरायल को स्वतंत्र फिलस्तीन देश की राह आसान करनी है। हमास का कहना है कि हथियार तब छोड़े जाएंगे, जब स्वतंत्र फिलस्तीन का रास्ता साफ होगा। इस पर इजरायल तैयार नहीं दिख रहा है। यह ठीक है कि स्वयं की ओर से प्रस्तावित गाजा शांति समझौते पर अमल शुरू होने के अवसर पर मिस्र जाने के पहले इजरायल पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी पहल को पश्चिम एशिया में शांति की स्थापना का पथ करार दिया और इजरायली प्रधानमंत्री से ईरान से समझौता करने को कहा। ऐसे किसी समझौते की सूरत तब बनेगी, जब ईरान इजरायल को मिटाने की अपनी जिद छोड़ेगा।

गाजा की वर्तमान स्थिति किसी एक राष्ट्र या एक नीति की देन नहीं है; यह दशकों से चली आ रही अविश्वास, असमानता और राजनीतिक स्वार्थों की परिणति है। इस बार के संघर्ष ने जिस तरह से निर्दोष नागरिकों, बच्चों और महिलाओं को अपना शिकार बनाया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि युद्ध चाहे किसी भी नाम पर लड़ा जाए, उसका परिणाम हमेशा मानवीय त्रासदी ही होता है। अस्पताल, विद्यालय, धार्मिक स्थल-कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं रहा। अमेरिकी मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बाद हमास ने आखिरकार शेष जीवित बचे बीस इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। जिसके बाद इस्राइल में किसी बड़े उत्सव जैसा जश्न दिखा। बहरहाल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अभी भी इस्राइल-हमास जोखिमभरा युद्धविराम समझौता नाजुक बना हुआ है। इसकी वास्तविक परीक्षा आने वाले दिनों में होगी। इस संघर्षरत क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये जरूरी है कि प्रमुख हितधारकों की ओर से गंभीर एवं ईमानदार प्रयास लगातार होते रहें। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती भूतहा खण्डहर एवं तबाही में तब्दील हो चुके गाजा के पुनर्निर्माण की होगी। दो साल से लगातार जारी युद्ध के चलते यह इलाका मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है।

एक नाजुक समय में जब युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि मानवीय विवेक का पुनर्जागरण भी है। यह समझना आवश्यक है कि शांति कोई समझौता नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है। यही कारण है कि यह युद्धविराम पूरी मानवता के लिए एक ह्यआशा की किरणह्व बनकर उभरा है। यह उस संभावना का प्रतीक है कि जब दुनिया के शक्तिशाली देश, विशेषकर अमेरिका, यूरोप, और अरब राष्ट्र अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं से ऊपर उठकर मानवीय सरोकारों को महत्व देते हैं, तो समाधान की दिशा में रास्ता बनता है। फिर भी इस शांति की वास्तविकता पर प्रश्नचिह्न बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही इस युद्धविराम को अपने कूटनीतिक प्रयासों की उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया हो, पर सच यह है कि युद्ध तब रुका जब उसकी भयावहता अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी थी। यह विराम किसी की ह्लकूटनीति की जीतह्व से अधिक, मानवीय विवशता की उपज है। अंतरराष्ट्रीय दबाव, मानवीय संगठनों की सक्रियता और आम नागरिकों की पुकार ने मिलकर इस विराम को संभव बनाया। अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यह शांति टिके, युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला फैले। क्योंकि जब तक गाजा के लोगों को जीवन की मूलभूत सुविधाएँ-पानी, भोजन, दवा, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन नहीं मिलते, तब तक शांति केवल कागजों पर दर्ज रहेगी। वास्तविक शांति केवल तब संभव है जब अन्याय, दमन और असमानता के ढाँचे टूटें। शांति का अर्थ केवल हथियारों का मौन नहीं, बल्कि हृदयों का परिवर्तन है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली संसद को संबोधित करते हुए गाजा शांति समझौते को पश्चिम एशिया की ऐतिहासिक सुबह की संज्ञा दी। वे कुछ भी दावा करें, फिलहाल यह कहना कठिन है कि प्रमुख मुस्लिम देश इजरायल को मान्यता देने के लिए तैयार होंगे। भले ही ट्रंप यह कह रहे हों कि गाजा शांति समझौते को सभी मुस्लिम देशों का समर्थन मिला, लेकिन वस्तुस्थिति इससे अलग है। जब यह समझौता सामने आया था, तब उसे समर्थन देने और ट्रंप की प्रशंसा करने वालों में पाकिस्तान भी था, पर अब वह इस समझौते को समर्थन देने से केवल पीछे ही नहीं हट गया, बल्कि उसने अपने यहां ऐसा माहौल बनाया कि उसके विरोध में कट्टरपंथी तत्व सड़क पर उतर आए। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान ने गाजा शांति समझौते को नकारने के लिए ही कट्टरपंथी तत्वों को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाया और फिर उन पर गोलियां भी चलवाईं, ताकि दुनिया और विशेष रूप से अमेरिका को यह संदेश जाए कि उसके लिए गाजा शांति समझौते को स्वीकार करना संभव नहीं। यहां अमेरिका को पाक के दोहरे चरित्र को समझ लेना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ, अरब लीग और विश्व की सभी बड़ी शक्तियों की जिम्मेदारी है कि वे इस युद्धविराम को केवल घोषणा भर न रहने दें। उसे स्थायी बनाने के लिए एक ठोस मानवीय पुनर्निर्माण योजना तैयार की जाए, जिसमें राजनीतिक समाधान, मानवीय सहायता और संवाद-तीनों को समान महत्व मिले।

गाजा के बच्चे जब फिर से स्कूलों में लौटेंगे, जब शरणार्थी अपने घरों में बस सकेंगे, जब भय की जगह भरोसा जन्म लेगा, तभी यह कहा जा सकेगा कि गाजा में शांति आई है। इजरायल को यहां ज्यादा उदारता का परिचय देना होगा, क्योंकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह बहुत ताकतवर है। हमास को भी हिंसा से बचना चाहिए।

द्वि-राष्ट्रीय व्यवस्था को जमीन पर ठीक से साकार करना हमास का लक्ष्य होना चाहिए। हमास को अपनी छवि सुधारने की चिंता करनी चाहिए, अगर उस पर यकीन किया गया है, तो उसे खरा उतरना होगा। गाजा में किसी भी सूरत में हिंसा की वापसी नहीं होनी चाहिए। आज यह युद्धविराम भले ही ह्यएक आशा की किरणह्व बना हो, परंतु उसे स्थायी प्रकाश में बदलना विश्व समुदाय के विवेक, संवेदनशीलता और सतत प्रयास पर निर्भर करता है।

# यह महंगाई नहीं, नग्न बाजारवाद का बेशर्म परीक्षण है!

-अनिल जैन-

जब आपूर्ति कम होती है तो बाजार में चीजें दिखाई नहीं पड़ती हैं और उनकी कालाबाजारी होती है। अभी न तो जमाखोरी हो रही है, न ही कालाबाजारी। हो रही है तो सिफ ʼऔर सिफ ʼबेहिसाब-बेलगाम मुनाफाखोरी। इसे नग्न बाजारवाद का बेशर्म परीक्षण भी कह सकते हैं। जाहिर है कि सरकार या सरकारों ने अपने आपको जनता से काट लिया है। यह हमारे लोकतंत्र का बिल्कुल नया चेहरा है- घोर जनद्रोही और शुद्ध बाजारपरस्त।

इस समय राष्ट्रीय जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से आ रही तमाम दारुण खबरों के बीच आम आदमी के लिए सबसे ज्यादा निराश-हताश करने और डराने वाली खबर यह है कि उसे महंगाई से राहत मिलने के कोई आसार नहीं हैं। 'बहुत हुई महंगाई की मार...' का नारा लगाकर 2014 में प्रधानमंत्री बने नरेन्द्र मोदी, उनकी सरकार और उनकी पार्टी तो अब कभी भूल से भी महंगाई का नाम नहीं लेती। दो महीने पहले स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था, 'मैं जल्दी ही एक बड़ा फैसला लेने जा रहा हूं, जो आपको 'डबल दिवाली' का अहसास कराएगा।' उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी की दरों में सुधार करने की बात करते हुए कहा था कि लोगों को दिवाली का तोहफा मिलेगा और उनका जीवन आसान होगा। फिर पिछले महीने यानी सितंबर की 21 तारीख को राष्ट्र के नाम संदेश में उन्होंने जीएसटी की दरों में कटौती का ऐलान करते हुए दावा किया कि इससे आम लोगों को 2.5 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित बचत होगी। उन्होंने यह दावा भी किया कि जीएसटी की दरों में सुधार से रोजमर्रा की कई जरूरी चीजें कर मुक्त और कई चीजें सिर्फ पांच फीसदी टैक्स के दायरे में आ गई हैं। प्रधानमंत्री ने अपनी इस घोषणा को 'जीएसटी बचत उत्सव' का नाम दिया।

प्रधानमंत्री की इस घोषणा का मीडिया ने जोर-शोर से प्रचार किया। खुद सरकार ने भी मोदी को 'गरीबों का मसीहा' बताते हुए इसके प्रचार-प्रसार पर अरबों रुपये फूंक डाले। जबकि हकीकत यह है कि जीएसटी की दरों में कटौती का यह फैसला जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में लिया गया था। गौरतलब है कि देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री जीएसटी परिषद के सदस्य हैं। इसलिए जीएसटी की दरों में कटौती का फैसला अकेले प्रधानमंत्री का नहीं बल्कि सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की सहमति से लिया गया था। ऐलान पीएम ने किया था। अगर सभी राज्य सहमत नहीं होते तो यह फैसला नहीं हो सकता था।

बहरहाल गाजे-बाजे के साथ हुई प्रधानमंत्री की घोषणा के बावजूद बाजार में रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं मसलन अनाज, दाल-दलहन, आटा, चीनी, मसाले, सब्जी, फल, दूध, खाद्य तेल, घी, दवाई, साबुन, कपड़ा, चप्पल-जूते आदि की कीमतों में रत्ती भर की कमी नहीं आई है। हां, कुछ चीजों के दामों में पहले की अपेक्षा कुछ बढ़ोतरी जरूर हो गई है। पेट्रोल और डीजल के दाम पहले से ही बढ़े हुए हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनके दामों में निरंतर कमी आ रही है। ऐसा नहीं कि महंगाई का कहर हाल के वर्षों में कोई पहली बार टूटा हो। महंगाई पहले भी होती रही है। जरूरी चीजों के दाम पहले भी अचानक बढ़ते रहे हैं, लेकिन थोड़े समय बाद फिर नीचे भी आए हैं परन्तु इस समय तो मानो बाजार में आग लगी हुई है। वस्तुओं की लागत और उनके बाजार भाव में कोई संगति नहीं रह गई है। इस मामले में आम आदमी लाचार और असहाय होते हुए जिस सरकार से आस लगाए हुए है कि वह कुछ करेगी, वह सरकार सिर्फ निर्गुण विकास, स्वदेशी और राष्ट्रवाद का बेसुरा राग अलापते हुए जनता को आत्मनिर्भर बनने की नसीहत दे रही है।

कीमतों की इस दोहरी मार ने आम आदमी के भोजन के इंतजाम को इकहरा कर दिया है। इस सिलसिले में सरकार की ओर से कभी-कभार दी जाने वाली सफाई भी कतई विश्वसनीय नहीं है। मानसून का कमजोर रहना या पर्याप्त बारिश नहीं होना, ऐसा कारण नहीं है कि इनका असर सभी चीजों पर एक साथ पड़े। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि कीमतें इतनी ज्यादा होने के बावजूद बाजार में किसी भी आवश्यक वस्तु का अकाल-अभाव दिखाई नहीं पड़ता। जब आपूर्ति कम होती है तो बाजार में चीजें दिखाई नहीं पड़ती हैं और उनकी कालाबाजारी होती है। अभी न तो जमाखोरी हो रही है, न ही कालाबाजारी। हो रही है तो सिफ ʼऔर सिफ ʼबेहिसाब-बेलगाम मुनाफाखोरी। इसे नग्न बाजारवाद का बेशर्म परीक्षण भी कह सकते हैं। जाहिर है कि सरकार या सरकारों ने अपने आपको जनता से काट लिया है। यह हमारे लोकतंत्र का बिल्कुल नया चेहरा है- घोर जनद्रोही और शुद्ध बाजारपरस्त। तीन दशक पहले तक जब किसी चीज के दाम असामान्य रूप से बढ़ते थे तो सरकारें कुछ तो हस्तक्षेप करती थीं। यह अलग बात है कि इस हस्तक्षेप का कोई खास असर नहीं होता था, क्योंकि उस मूल्य वृद्धि की वजह वाकई उस चीज की दुर्लभता या अपर्याप्त आपूर्ति होती थी। यह स्थिति पैदा होती थी उस वस्तु के कम उत्पादन की वजह से। अब तो सरकारों ने औपचारिकता या दिखावे का हस्तक्षेप भी बंद कर दिया है। वे बिल्कुल बेफिक्र हैं- महंगाई का कहर झेल रही जनता को लेकर भी और जनता को लूट रही बाजार की ताकतों को लेकर भी। कुछ साल पहले तक महंगाई पर लगाम लगाने के मकसद से रिजर्व बैंक भी हरकत में आता था और अपने स्तर पर कुछ कदम उठाता था, लेकिन अब महंगाई उसकी चिंता के दायरे में नहीं आती। उसकी स्वायत्ता का अब अपहरण हो चुका है। अब उसका पूरा ध्यान सरकार के दुलारे शेयर बाजार को तंदुरुस्त बनाए रखने और सरकार की गड़बड़ियों को छुपाने में लगा रहता है। महंगाई को लेकर सिर्फ सरकार ही नहीं, बल्कि समूची राजनीति उदासीन बनी हुई है। पहले जब महंगाई बढ़ती थी तो उस पर संसद में चर्चा होती थी। विपक्ष सरकार को सवालों के कठघरे में खड़ा करता था। सरकार भी महंगाई को लेकर चिंता जताती थी। वह महंगाई के लिए जिम्मेदार बाजार के बड़े खिलाड़ियों को डराने या उन्हें निरुत्साहित करने के लिए कठोर कदम भले ही न उठाती हो, पर सख्त बयान तो देती ही थी। अब तो ऐसा भी कुछ नहीं होता। कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल में 16 मर्तबा संसद में महंगाई के सवाल पर बहस हुई। उससे पहले एनडीए सरकार के छह वर्ष के कार्यकाल में भी 8 मर्तबा इस सवाल पर संसद में लम्बी बहसें हुई थीं। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल यानी 16वीं लोकसभा में भी तीन बार संसद में महंगाई पर चर्चा हुई, लेकिन उनके दूसरे कार्यकाल यानी 17वीं लोकसभा के किसी भी सत्र में महंगाई पर कोई चर्चा नहीं हुई। मौजूदा यानी 18वीं लोकसभा के भी अब तक चार सत्र बीत चुके हैं पर महंगाई का जिक्र तक नहीं हुआ है। विपक्ष की ओर से यह मुद्दा उठाने की कोशिश भी की गई तो उसे या तो सत्तापक्ष की नारेबाजी और शोर-गुल में दबा दिया गया या फिर स्पीकर और सभापति ने मुद्दे को उठाने से ही रोक दिया। पाकिस्तान में टमाटर और प्याज के दाम बढ़ने को लेकर कई-कई दिनों तक शोर मचाने वाला भारत का टेलीविजन मीडिया भी अपने देश की महंगाई का कभी भूले से भी जिक्र नहीं करता। याद नहीं आता कि पिछले दस वर्षों में किसी टीवी चैनल ने महंगाई के मुद्दे पर कोई बहस आयोजित की हो। किसी अन्य विषय पर बहस के दौरान विपक्षी दल का कोई प्रवक्ता अगर महंगाई का सवाल छेड़ भी देता है तो चैनल के एंकर की ओर से उसे यह कहते हुए झिड़क दिया जाता है कि वह बहस को मुद्दे से भटकाने का प्रयास न करे। इसी वजह से मुनाफाखोरों, जमाखोरों और कालाबाजारियों को मीडिया की ओर से भी अभयदान मिला हुआ है।

# इजराइल हमास युद्ध पर पूर्ण विराम से मध्य पूर्व में शांति

-कांतिलाल मांडोत-

हमास इजराइल में 738 दिन के बाद स्थायी युध्द विराम के तुरंत बाद सभी बंधकों को छोड़ दिया।इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल संसद को सम्बोधित किया। रिहा हुए इजराइली बंधकों से मिलकर परिजन भावुक हो गए।वह दृश्य वेदना देने वाला था। दूसरी तरफ बंधकों की रिहाई पर खुशी झलक रही थी। दो साल से इजराइली सेना ने हमास पर हमला किया।हजारो लोग मारे गए और लाखों लोग बेघर हुए।करोड़ो की सम्पति नष्ट हुई। लेकिन परिणाम शून्य आया। आज विश्व मे दो सौ देश है।सभी राष्ट्रों का अपना धर्म, अपनी परम्परा और अपनी संस्कृति है। उनके रास्ट्रीय आदर्श है।वे अपने आदर्श नही त्यागते है,फिर हमें आदर्श त्यागने की जरूरत क्या है।देश मे हिंसा करने की शासकीय स्वीकृति भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति पर कालिख पोतने के समान है।धर्म को जाने बिना अहिंसा का ज्ञान नही हो सकता। हम धर्म को समझकर ही धार्मिक बन सकते है।इतने वर्षों से विदेशो में गृहयुद्ध चल रहे है।लेकिन किसी भी समस्या का समाधान नही हुआ। सभी युद्धरस्त देश ज्यादा उलझते गए है। क्योंकि युद्ध से आज दिन तक कोई समस्या का समाधान होता नही दिखा है। क्योंकि हिंसा अन्यायपूर्ण है। ईरान इराक,इजराइल हमास,रूस युक्रेन ,भारत पाकिस्तान आदि अनेक देश युद्ध कर चुके है।लेकिन नतीजा वो ही ढाक के तीन पात वाली कहावत यहाँ चरितार्थ होती दिखाई देती है। कोई भी देश अपने तुच्छ स्वार्थ के लिए यदि हिंसा का सहारा लेते है तो उनके जैसा मूर्ख कौन होगा ?युद्ध को त्यागकर देश के विकास की तरफ ध्यान देना होगा। रूस युक्रेन युद्ध मे क्या खोया क्या पाया ?युक्रेन नाटो की मदद से लड़ता रहा और दोनो देश तबाही के दंश झेल रहे है।अपनी मनमानी और जिद्द में दोनो देश बर्बाद हो गए।खरबो डालर का धुआं कर सम्पति को राख में तब्दील करके शांति धारण कर बैठ गए। विश्व शांति का दिव्यास्त्र अहिंसा है।युद्ध स्थायी समाधान नही है। आज अहिंसा का स्थान हिंसा ने,आचार का स्थान अनाचार ने और शांति के स्थान पर अशान्ति ने अपने पैर फैला दिए है।दो देशो के बीच बिगड़ते रिश्ते के साथ ही युद्ध पर उतारू हो जाते है।युद्ध से निर्दोष लोगों की जाने जाती है।जानमाल की क्षति होती है।जीवन मे युद्ध को भूलकर शांति का सुमार्ग ढूंढना है तो हमे सर्वप्रथम धर्म के आंगन में उतरना होगा।धर्म को किसी एक परिभाषा में नही बांधा जा सकता है। अहिंसा के समान कोई धर्म नही है। अहिंसा परम धर्म है।अहिंसा दिव्यास्त्र है।महात्मा गांधी ने स्वराज पाने का अपना भारतीय स्वाधीनता का आंदोलन चलाया और उन्हें अपने कार्य मे पूर्ण सफलता भी मिली।कुछ नासमझ लोग हिंसा को सर्वोपरि मानते है क्योंकि वे अहिंसा से परिचित नही है।वे कहते है कि आज के युग मे अहिंसा की बात कैसे सोची जा सकती है, लेकिन अहिंसा तो जीवन जीने की सिख देती है।युद्ध थोपे गए,निदोर्षों के शवों पर राजनीति की गई ,लेकिन भारत और पाकिस्तान, रूस-युक्रेन,ईरान इराक इजराइल और हमास जैसे युद्धरस्त देशों के वहा किसी समस्या का समाधान हुआ है? निर्दोष के लहू से सियासत की राजनीति के पीछे सच्चाई कुछ और बयां कर रही है। धर्म को जानने वाला अहिंसा का पथ कभी नही त्याग सकता है। रूस के राष्ट्रपति व्लदीमिर पुतिन महत्वकांक्षी व्यक्ति है। क्योंकि मन मे अहंकार जागृत हो जाता है तो उसी क्षण मानव की प्रगति का पथ अवरुद्ध हो जाता है। क्योंकि पुतिन को इस बात का अहंकार था कि युक्रेन के पास आधुनिक टेक्नोलॉजी की कमी है। रूस शक्तिशाली देश है।लेकिन चार साल तक युक्रेन ने रूस का बराबर मुकाबला किया तब अहसास हुआ कि मेरी सोच गलत थी। दोनो देश बर्बाद हो गए।क्योकि जहाँ अहंकार जागृत हो जाता है,वही व्यक्ति स्वयं को शिखर समझने लगता है। हमास ने सबसे पहले इजरायल पर हमला किया।उसके जवाब में इजराइल ने दो साल तक युद्ध थोपे रखा।जब तक अंहकार की हवा भरी हुई रहती है,तब तक आदमी उछलता रहता है।सच्चाई का पता चलेगा तब अहसास होगा कि जीवन के सुनहरे पल हमने गंवा दिए है।मान और अहंकार ने हम भी इतिहास पढ़ चुके है कितने राज्य नष्ट किये है। कितने परिवार नष्ट हुए है। क्योंकि युद्ध तो बड़ी बात है। अहंकार में पति पत्नी में तलाक हो जाता है। बच्चो की जिंदगी माता पिता के अहं की टकराहट में तबाह हो जाती है। दुनिया में बड़े बड़े धन कुबेर हुए। इस देश मे मुगल आये,अंग्रेज आये और चले गये। इंद्रिरा गांधी में मान चढ़ा तो जनता ने वास्तविकता जता दी। कुर्सी स्थायी नही है।इसलिए भले कार्य करने के मौके ढूंढते रहना चाहिए। मान नही करना है। क्योंकि कांग्रेस में अहंकार की हवा भरी हुई थी।उसने मान किया तो सरकार चली गई।

मान-अभिमान के प्रकारों और रूपों की कोई गणना नहीं है। जाति का मान, तंदुरुस्ती का मान, रूप, परिवार, यशकीर्ति, विद्या का मान, अपने पूर्वजों का मान। यहाँ तक कि मान न होने का भी मान, निरहंकारिता का भी अहंकार। मुझमें कोई मान नहीं है, इसका भी मान होता है। मैं अहंकाररहित हूँ, यह भाव निरहंकारिता का अहंकार है। कुछ लोगों को सत्य बोलने और ईमानदार होने का भी अहंकार होता है। मैं बहुत ईमानदार हूँ, मैं कभी झूठ नहीं बोलता-इस सोच में भी अहंकार है। कभी-कभी आप भीतर अहंकार रखते हैं और वाणी में विनम्रता दिखाते हैं तो यह अपने आपको धोखा देना और परदा डालकर अहंकार को छिपाना है। याद रखें, अपने को छोटा कहना आसान है, पर छोटा समझना कठिन है और छोटा समझना ही अहंकार का अभाव होना है। युद्ध का पूर्ण विराम लगने के बाद भारत ने ट्रंप के शांति प्रयासों की सराहना की है। भारत को बड़ी खुशी हुई है। ट्रम्प ने कहा कि मैं इजराइल से इतना प्यार करता हूं कि मेरी बेटी ने भी यहूदी धर्म अपना लिया। ट्रम्प ने आश्वासन दिया कि इजराइल को किसी से खतरा नही होगा।लेकिन युद्ध विनाशकारी ही होते है।ये युद्ध विश्व युद्ध की आहट थी।लेकिन ट्रम्प के प्रयास ने मध्य पूर्व में शांति स्थापित कर दी।

> **निर्दोष के लहू से सियासत की राजनीति के पीछे सच्चाई कुछ और बयां कर रही है। धर्म को जानने वाला अहिंसा का पथ कभी नही त्याग सकता है। रूस के राष्ट्रपति व्लदीमिर पुतिन महत्वकांक्षी व्यक्ति है। क्योंकि मन मे अहंकार जागृत हो जाता है तो उसी क्षण मानव की प्रगति का पथ अवरुद्ध हो जाता है।क्योंकि पुतिन को इस बात का अहंकार था कि युक्रेन के पास आधुनिक टेक्नोलॉजी की कमी है।**

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 10/15/2025 9:25 PM Page 1



# बुलडोज़र चलने के बाद सरकारी सम्पत्ति का लगा बोर्ड अब मन्दिर समिति का



*** हसनपुर मार्ग बदायूं दरवाज़ा मे मुसाफिर खाने के निकट तोड़ी गई थी दुकानें**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** दुकानों पर बुलडोज़र चला और फिर सरकारी सम्पत्ति होने का बोर्ड लग गया। भूमाफियाओं द्वारा बैचने के लिए योजना बनाई तो योजना धड़ाम हो गई। अब यही पर सरकारी बोर्ड के अलावा मन्दिर की भूमि होने का बोर्ड लग गया है।

दरअसल नगर के हसनपुर रोड बदायूं दरवाजा स्थित भूमि गाटा संख्या 169 को राजस्व विभाग ने आदेश से विभाजित कर उस पर लोक निर्माण विभाग का नाम दर्ज कर दिया था। यह आदेश कब और किसके आदेश पर हुआ इसकी गुत्थी सुलझी नहीं। जबकि किराएदार हसीब अहमद, आसिम, मुशर्रफ अली उर्फ गुड्डू, वकार अहमद आदि को तहसीलदार की ओर से 8 अगस्त को नोटिस तहसील कार्यालय से देकर जानकारी दी गई थी कि उक्त सम्पत्ति को लेकर दीवानी अदालत सम्भल में राहत अली बनाम सलमान आदि निषेधाज्ञा का वाद विचाराधीन है। किराएदारों ने अपना पक्ष रखने के लिए समय भी मांगा था मगर उन्हें कोई अवसर दिए बिना दुकानों को बुलडोजर जस्टिस से ध्वस्त कर दिया गया था। गरीबों के मुंह से जबरन निवाला छीनने के बाद किराएदारों ने जिलाधिकारी से मिलकर इंसाफ की गुहार लगायी थी। जिस पर राजस्व प्रशासन हरकत में आ गया था और किसी तरह की फजीहत से बचने को उसने विवादित सम्पत्ति पर सरकारी सम्पत्ति होने का बोर्ड लगा दिया था। हालांकि एक राजस्व टीम का गठन कर अवैध कब्जें वाली सम्पत्ति की रिपोर्ट तीन दिन में देने के निर्देश भी दिए गए थे। लेकिन रिपोर्ट का क्या हुआ इसका भी कोई पता नहीं चल पाया। जबकि इस बीच सम्पत्ति को बेचने की कवायद की जाने लगी थी। सरकारी बोर्ड लगी भूमि को बेचने का मुद्दा अखबारों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया तो सबके कान खड़े हो गए थे और राजस्व विभाग भी सक्रिय हो गया था, लेकिन मामला सुर्खियां बनते ही खरीदार ने भी विवादित भूमि लेने से मुंह मोड़ लिया था। तब से उक्त भूमि के बेचे जाने और किसी अन्य का कब्ज़ा होने की सम्भावनाएं क्षीण मानी जाने लगी थी जबकि उस पर सरकारी सम्पत्ति होने का बोर्ड भी जस का तस लगा हुआ है लेकिन बुधवार को उक्त सम्पत्ति पर एक नया बोर्ड सूचना यह आराजी वक्फ मंदिर श्रीराम चन्द्र जी महाराज तीर्थ मनोकामना सम्भल की है जिसक प्रबंधक माधव मिश्रा एड. है लिखा लगा दिया गया है। पहले सरकारी अब मंदिर की भूमि होने के लगाए गए बोर्ड ने ऐसे अनसुलझे सवाल पैदा कर दिए हैं कि जिसका जवाब राजस्व प्रशासन से लेकर भूमि अपनी होने का दावा करने वालों के पास शायद कोई जवाब नहीं बन पायेगा। बहरहाल यह आराजी वक्फ मंदिर श्रीराम चन्द्र जी महाराज का नया बोर्ड लगने से यह सवाल जरूर पैदा हो गया कि आखिर इस सम्पत्ति का मालिक कौन है मंदिर या फिर सरकार या फिर दूसरे दावेदार। अगर सरकार है तो फिर किसके इशारे पर मंदिर वक्फ आराजी का बोर्ड लगाया गया है, अब देखना यह है कि अब आगे क्या होता है।

# नारी उत्थान समिति ने करवाचैथ व दीपोत्सव का किया भव्य आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** नारी उत्थान समिति की ओर से करवाचैथ और दीपोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम बहजोई मार्ग स्थित रॉयल पैलेस में बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर और आसपास के इलाकों की सैकड़ें महिलाओं ने भाग लिया। मंच को सुंदर फूलों, दीयों और पारंपरिक सजावट से सजाया गया था, जिससे पूरा हॉल दीपोत्सव की चमक से झिलमिला उठा। इस अवसर पर महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं जब मंच पर पहुंचीं तो पूरा वातावरण श्रद्धा और उल्लास से भर गया। नारी शक्ति और भारतीय संस्कृति की यह अनोखी झलक उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर गई। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की अध्यक्ष सीमा आर्य, तरन्नुम अकील, और प्रीति शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद मां शक्ति और भगवान गणेश की वंदना के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। दीप प्रज्वलन के साथ ही जय माँ शक्ति के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इस प्रतियोगिता में पूजा गुप्ता ने सभी को पीछे छोड़ते हुए करवा चैथ क्वीन का खिताब जीता। वहीं अंजू वार्ष्णेय को दीपावली की लक्ष्मी का सम्मान दिया गया। विजेताओं को नारी उत्थान समिति की ओर से स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# मुख्यमंत्री जी ने लखनऊ में उज्वला योजना के तहत 1500 करोड की धनराशि के 1.86 करोड़ परिवारों को किया निःशुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी वितरण

*** कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण, 100 लाभार्थियों को दिया गया सब्सिडी वितरण का प्रतीकात्मक चेक**

*** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सबको मिल रहा लाभ - जसवंत सैनी**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1500 करोड की धनराशि के प्रदेश के 1.86 करोड पात्र परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया गया। इसी क्रम में कलेक्ट्रट स्थित नवीन सभागार में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को माननीय राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास श्री जसवंत सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मांगेराम चौधरी, नगर विधायक श्री राजीव गुम्बर, विधायक रामपुर मनिहारान श्री देवेन्द्र निम, विधायक नकुड प्रतिनिधि श्री विकेश चौधरी द्वारा 100 लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण हेतु प्रतीकात्मक चेक प्रदान किये गए राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सैनी ने दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल देना मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रदेश वासियों के लिए दीपावली का तोहफा है।

मा0 मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार गरीबों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीब और पात्र को निःशुल्क राशन वितरण, आवास, आयुष्मान योजना के अन्तर्गत 05 लाख रूपये तक का इलाज और उज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस सिलेण्डर वितरित किये गए।

उन्होंने कहा कि गैस सिलेण्डर के प्रयोग से धुंए से होने वाली आंख और सांस की बीमारियों से बचा जा सकता है। पारदर्शी व्यवस्था के तहत आज डीबीटी के माध्यम से सब्सिडी का पैसा सीधा लाभार्थियों के खातों में भेजा जा रहा है।

जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि जनपद में 02 लाख 44 हजार 511 उज्वला योजना के लाभार्थी है जिनमें से 1 लाख 98 हजार 991 लाभार्थियों द्वारा आधार प्रमाणित करा लिये गये है। जिन लाभार्थियों की ईकेवाईसी नहीं हुई है वें यथाशीघ्र ईकेवाईसी करा लें ताकि योजना के लाभ से वंचित न रहे। दीपावली के अवसर पर माह अक्टूबर से दिसम्बर 2025 तक 01 सिलेण्डर निःशुल्क प्राप्त कराया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मानवीर सिंह पुण्डीर, जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा किशोरी बालिकाओं को एनीमिया मुक्त करने के लिए की गयी स्वदेशी एवं प्राकृतिक पहल

*** एनीमिया मुक्त सहारनपुर की श्रृंखला में मधुशक्ति अभियान का शुभारम्भ**

*** स्वदेशी मेले में हुई शहद की स्टिक की लांचिग, उपयोग से बढ़ेगा हिमोग्लोबिन का स्तर**

*** सीडीओं ने एनीमिया मुक्त जनपद बनाने में अधिकारियों से पूर्ण योगदान देने का किया आहवान**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** यू0पी0 ट्रेड शो, स्वदेशी मेला 2025 के अंतर्गत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग सहारनपुर के तत्वाधान में जिलाधिकारी मनीष बंसल के एनीमिया मुक्त सहारनपुर अभियान के क्रम में किशोरी बालिकाओं एवं गर्भवती महिलाओं हेतु ऑर्गेनिक मेलो इन्टरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मधुशक्ति अभियान का शुभारम्भ पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जनपद सहारनपुर के विकास खण्ड सरसावा, गंगोह, सढौली कदीम एवं नकुड में प्रारम्भ किया गया।

जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशन में 03 माह पूर्व यह कार्यक्रम किशोरियों के हिमोग्लोबिन की जांच करने हेतु आंगनवाड़ी केन्द्रों में अंगनवाड़ी कार्यकत्री, पंचायत सहायक एवं अध्यापकों के माध्यम से किया गया जिसमें 20,000 किशोरियों की एनीमिया भी जांच की गई एवं 9000 किशोरियां एनीमिया मुक्त पायी गयी। स्वदेशी मेले में शहद की स्टिक की लांचिग की गई तथा शहद के उपयोग बताए गये। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में यह स्वदेशी एवं प्राकृतिक पहल है। जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई एवं प्रकृति कुंज के संचालक राजेन्द्र अटल द्वारा सहजन की उपयोगिता एवं महिलाओं में एनीमिया के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन द्वारा कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों को प्रेरित करते हुए सहारनपुर को एनीमिया मुक्त बनाने में अपना पूर्ण योगदान देने का आहवान किया गया।

कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं को शहद की उपयोगिता के बारे में बताते हुऐ विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि शहद में आर्गेनिक एवं आयुर्वेदिक तत्व जैसे सतावरी, अर्जुन का अर्क इत्यादि उपयुक्त मात्रा में मिलाये गये है जो प्रसव एवं माहवारी के समय के जो रक्त स्त्राव होता है उसमें लाभदायक सिद्ध होगा साथ ही आयरन को शोषित करने में सहयोग करेगा जिससे हिमोग्लोबिन का स्तर बढ़ेगा।

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी डा0 पंकज कुमार एवं रचित गोयल के साथ विभाग की समस्त मुख्य सेविकाएं भी उपस्थित हैं।

# विकसित उत्तरप्रदेश—दो हज़ार सैंतालीस समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान कार्यक्रम विकासखंड नकुड




**मिशन शक्ति 5.0 के तहत नारी सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को नई उड़ान ?**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** विकास खण्ड नकुड में आज विकसित उत्तरप्रदेश ञ2047ङ्कसमृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान कार्यक्रम के अंतर्गत गोष्ठी एवं मिशन शक्ति 5.0 का भव्य आयोजन ब्लॉक प्रमुख सुभाष चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नकुड एवं अध्यक्ष प्राक्कलन समिति उत्तर प्रदेश सरकार, मुकेश चौधरी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद नकुड के अध्यक्ष श्री शिव कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त

पूर्व विधायक महिपाल माजरा, किसान मोर्चा प्रदेश सदस्य चौधरी राज सिंह माजरा एवं पवनसिंह राठोर, डायरेक्टर श्री सुभाष चौधरी,मंडल अध्यक्ष भाजपा सुंदर फ़ौजी, उप जिलाधिकारी, कोतवाल नकुड तथा विकासखंड के समस्त प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा स्वयं सहायता समूहों की दीदियाँ, प्रगतिशील कृषक, मुख्यमंत्री आवास लाभार्थी, ग्राम उपस्थित रहे। विभागीय प्रस्तुतियाँ एवं जनजागरूकता कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी राम अशीष यादव द्वारा द्वारा ग्राम्य विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं मनरेगा, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (ह्न्रुरू) के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही एडीओ पंचायत विश्वाश द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के बारे में जानकारी देते हुए त्त्क्रकोड स्कैन करवाने हेतु विकसित उत्तरप्रदेश ञ2047 से संबंधित फीडबैक एवं सुझाव साझा करने हेतु प्रेरित किया गया। विधायक मुकेश चौधरी ने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार ने प्रदेश में भयमुक्त व सुरक्षित वातावरण स्थापित किया है, जिससे महिलाएँ निडर होकर आगे बढ़ रही हैं।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद को बढ़ावा देने तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए भी उपस्थितजनों को प्रेरित किया।

विधायक द्वारा स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाएँ अपने उद्यमों को आगे बढ़ाकर वित्तीय रूप से सशक्त बनेंगी। यही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।÷ वोकल फॉर लोकल एवं महिला उद्यम कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा दीपावली के सामान एवं ऊनी कपड़े खिलौने आदि की बिक्री हेतु स्टॉल लगाए गए।

उपस्थित लोगो द्वारा उत्साहपूर्वक खरीदारी की ÷वोकल फॉर लोकल÷ को प्रोत्साहित करते हुए विधायक मुकेश चौधरी ने स्वयं समूह स्टॉल से उत्पाद खरीदकर महिलाओं का मनोबल बढ़ाया। विधायक मुकेश चौधरी ने संदेश देते हुए कहा कि ÷हमारा संकल्प है कि हर बहन और बेटी आत्मनिर्भर बने। मातृशक्ति ही विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी शक्ति है।÷ कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी (समाज-कल्याण) ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानसंघ अध्यक्ष संजय चौधरी, सम्राट नरेंद्र चौधरी मंडल उपाध्यक्ष भाजपा प्रबुद्ध जन तथा समस्त प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित बड़ी लोग उपस्थित रहे और विकसित उत्तर प्रदेश समृद्धि उत्तर प्रदेश के संबंध में अपने-अपने सुझाव दिए।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में विश्व छात्र दिवस के रूप में मनाई गई डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** आज इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी सहारनपुर में भारत के महान सपूत, मिसाइल मैन, पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती संस्था के इनोवेशन सेल द्वारा विश्व छात्र दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर संस्था में एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण तरीके से याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया व छात्रों ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता, नाटक व कविता प्रतियोगिता रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं में संस्था के कुल 38 छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हम्माद, द्वितीय स्थान नंदनी त्यागी तथा तृतीय स्थान इस्माइल ने प्राप्त किया। इसके अलावा कविता प्रतियोगिता में अमजद व अमन विजेता रहे। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। डॉ नेहा त्यागी ने कहा कि युवा वर्ग देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है उन्होंने बताया कि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने सपना देखा था कि मेरे देश का युवा ऊंचाइयों को हासिल कर ले तथा उनका है यह सपना पूरा होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा था कि हर युवा के अंदर देश का भविष्य दिखता है । उन्होंने कहा हमें डॉक्टर कलाम की किताबें जरूर पढ़नी चाहिए तथा उनकी किताबें विशेषकर युवा वर्ग को प्रेरित करती है। सूर्यकांत ने बताया कि डॉक्टर कलाम का जीवन हमें सिखाता है कि शिक्षा समर्पण और कड़ी मेहनत से कोई भी ऊंचाइयां पाई जा सकती है। वह एक सच्चे देशभक्त थे जिन्होंने जीवन भर देश की सेवा की। उन्होंने कहा हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम भी अपने जीवन में मेहनत, ईमानदारी और देशभक्ति के मार्ग पर चलेंगे और डॉक्टर कलाम के सपनों के भारत के निर्माण में योगदान देंगे। मंच का संचालन डॉ नेहा शर्मा ने किया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर ब्रजनरेश ने कराया। कार्यक्रम में संस्था का समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए फार्म भरें

**सहारनपुर।** स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए पात्र सभी नागरिक फार्म-18 स्नातक हेतु व फार्म-19 शिक्षक हेतु भरकर वांछित साक्ष्य सहित अपने से संबंधित मतदान केन्द्र पर पदनामित अधिकारी को प्रस्तुत करें - निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं आयुक्त मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद सहारनपुर। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र एवं आयुक्त मेरठ मण्डल श्री हृषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि अर्हता तिथि 01-11-2025 के आधार पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु दिनांक 30-09-2025 से 06-11-2025 तक संबंधित मतदान केन्द्रों पर फार्म-18 (स्नातक) एवं फार्म-19 (शिक्षक) पदनामित अधिकारी/अतिरिक्त पदनामित अधिकारी द्वारा प्राप्त किये जा रहे है। आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र द्वारा दिनांक 30-09-2025 को लोक सूचना जारी की जा चुकी है।

# दि सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन की चुनावी प्रक्रिया पूरी नई कार्यकारिणी की घोषणा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** दि सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन संभाल के पूर्व नियोजित कार्यक्रम अनुसार चुनाव वर्ष 2025-26 के पदाधिकारी के नियत समय अनुसार सचिव पद के उम्मीदवार सुंदर पाल सिंह एडवोकेट ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया। जिस कारण उनका नामांकन पत्र एल्डर्स कमेटी द्वारा वापस किया गया तथा सभी पदों हेतु नामांकन पत्रों की जांच की गई। जिसमें सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। अब किसी भी पद पर दो उम्मीदवार नहीं है। इस कारण 18 अक्टूबर को नियत मतदान की कोई आवश्यकता नहीं है। सभी पदों पर नियमानुसार बार एसोसिएशन की वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी के पदाधिकारी निर्वाचित घोषित किए गए जिसमें अध्यक्ष पद हेतु नरेंद्र कुमार गुप्ता एडवोकेट, सचिव पद हेतु सचिन पाल सिंह एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार पाथुरिया एडवोकेट, कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रथम योगेंद्र सिंह एडवोकेट, द्वितीय योगेंद्र शर्मा एडवोकेट, कोषाध्यक्ष प्रणवदीप एडवोकेट, संयुक्त सचिव प्रथम जीतपाल सिंह एडवोकेट, द्वितीय दुर्वेश कुमार एडवोकेट तृतीय राम किशोर एडवोकेट कार्यकारिणी सदस्य हेतु लव रस्तोगी एडवोकेट, सुशील कुमार एडवोकेट बृजेश कुमार एडवोकेट, ब्रजेश कुमार एडवोकेट, विजयपाल सिंह एड0 आदि रहे।

# प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मातृ शक्ति का सम्मान, उज्ज्वला से प्रकाशमान, दीपावली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत 1500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन लखनऊ से किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं विशिष्ट अतिथि मा. जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव एवं पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू तथा नगर पालिका बहजोई के अध्यक्ष राजेश शंकर राजू एवं जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह खाद्य विभाग के अधिकारी गण तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों के द्वारा देखा एवं सुना गया। कलक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों के किये गये गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को एक पुष्प एवं एक पुस्तक तथा तुलसी का पौधा देकर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी कमलेश चन्द्र, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी सतेन्द्र पाल सिंह तथा खाद्य विभाग के अधिकारी तथा गैस सब्सिडी के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# दीपावली के मद्दे नज़र मिष्ठान भण्डारों पर छापामारी करते खाद्य विभाग के अधिकारी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैय्यादूज पर्व के दृष्टिगत खाद्य/ पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी कार्यवाही हेतु आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी डॉ0 राजेन्द्र पेंसिया के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में आज को मिलावट का सन्देह होने पर निम्नानुसार खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला प्रेषित किये गये। सरायतरीन, सम्भल स्थित रॉयल स्वीट्स से खाद्य पदार्थ, मावा तथा सरायतरीन, सम्भल स्थित दक्ष स्वीट्स से खाद्य पदार्थ - छैना रसगुल्ला, सरायतरीन, सम्भल स्थित मटरू स्वीट्स से खाद्य पदार्थ - रंगीन रसगुल्ला उपर्युक्त दक्ष स्वीट्स एवं मटरू स्वीट्स पर खाद्य पदार्थों का भण्डारण अस्वच्छकर दशा में पाये जाने पर 150 किग्रा. रंगीन रसगुल्ला एवं अन्य मिठाईयाँ नष्ट करायी गयीं। नगर पालिका सम्भल स्थित टैम्पटेशन फूड से खाद्य पदार्थ - रेड वैलवेट कुकीज का नमूना संग्रहित किया गया। मौके पर किचन एवं फ्रिज में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी गयी जिस हेतु खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम - 2006 की धारा-32 के अन्तर्गत सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया है जिसका अनुपालन न करने पर खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैय्यादूज पर्व के दृष्टिगत जारी अभियान के दौरान से विभिन्न खाद्य पदार्थों के 30 नमूने संग्रहित कर जॉच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किये गये हैं। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# कल्कि महोत्सव मे मौलाना तौसीफ रज़ ने बताया महिलाओं का योगदान

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सम्भल कल्कि महोत्सव, विकासोत्सव 2025 जोकि बज़ मैदान बहजोई में चल रहा है के अंतिम दिवस मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन थीम के साथ पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में मिशन शक्ति 5.0 नारी ही नूर है कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया रहे तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिका सम्भल अध्यक्ष आशिया मुशीर चैधरी रहीं। कार्यक्रम के अन्तर्गत तौसीफ रजा मिसवाई ने अपने संबोधन में भारत के इतिहास में महिलाओं के योगदान के विषय में बताया उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के विषय में बताया कि उन्होंने भारत के लिए अंग्रेजों से लड़ते लड़ते अपने प्राणों की आहुति भी दे दी थी। उन्होंने कहा कि बेटियां नीट, यूपीएससी आदि की परीक्षाओं की तैयारी कर आगे बढें उन्होंने कहा कि बेटियां बहुत कुछ कर सकती हैं आगे बढ सकती हैं। उन्होंने इतिहास में सफल व्यवसायी खदीजा बिन्त खुवेलिद के विषय में बताया। उन्होंने




कहा कि इस्लाम साफ रुप से कहता है कि बेटी हो तो बाप के लिए रहमत है, बहन हो तो भाई के लिए रहमत है, बीबी हो तो शौहर के लिए रहमत है और अगर यही औरत माँ हो तो इनके पैरों के नीचे जन्नत है। उन्होंने कहा कि इंसान अगर ठान ले तो वह कुछ भी कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज आप संकल्प लें कि आप भारत की नारी हैं, आप मजबूत हैं तथा किसी से कमजोर नहीं हैं। आप लोग अपने घरों में शिक्षा को आगे बढाएं शिक्षा का माहौल बनाएं, किताबें पढने का शौक रखें। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तथा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथि गणों को एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया गया। निदा अहमद ने कहा कि नारी अपनी ताकत को पहचाने, नारी को आगे बढ़ना है। आप सबमें बहुत ताकत है, एक माँ की कोख से ही पुरुष का जन्म होता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में नारी शक्ति ने ही नेतृत्व किया है। बेटियां कमजोर नहीं हैं। एक महिला समाज और संसद की दिशा और दशा तय कर सकती है। मंच का संचालन सीडीपीओ रचना यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष तथा डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी सहित अन्य अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत तथा नारी शक्ति उपस्थित रही।

## दी विद्या प्रचारक सभा, गंगोह (सहारनपुर)

प्रबन्ध समिति चुनाव सूचना एंव कार्यक्रम का प्रेषण

पत्रांक– दी वि0प्र0स0/चुनाव/2025–26 दिनांक–13.10.2025

**चुनाव विज्ञप्ति**

दी विद्या प्रचारक सभा गंगोह (सहारनपुर) की साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सभा की प्रबन्ध समिति का पंचवर्षीय चुनाव निम्न कार्यक्रमानुसार विद्यालय हिन्दू राष्ट्रीय इण्टर कालेज के भवन में होगा।

(क). प्रबन्ध समिति हेतुः– चुनाव जिन पदो पर होना है।

(1). अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष (प्रत्येक एक पद) (2) सदस्य (आठ पद)।

**चुनाव कार्यक्रम**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 27.10.2025 | (सोमवार) | अनुमोदित साधारण सभा की सूची का प्रकाशन | प्रातः 10 बजे विद्यालय सूचना पट पर |
| 2. | 29.10.2025 | (बुधवार) | साधारण सभा की सूची पर आपत्ति | प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक |
| 3. | 30.10.2025 | (गुरूवार) | आपत्तियो का निस्तारण | प्रातः 10 बजे |
| 4. | 30.10.2025 | (गुरूवार) | अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन | आपत्ति निस्तारण के पश्चात |
| 5. | 03.11.2025 | (सोमवार) | नामांकन पत्र भरकर जमा करना | प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक |
| 6. | 03.11.2025 | (सोमवार) | नामांकन कर्ताओ की सूची का प्रकाशन | अपरान्ह 1.30 बजे |
| 7. | 04.11.2025 | (मंगलवार) | नामांकन पत्रो की आपत्ति जाँच एंव उनका निस्तारण | पूर्वान्ह 10.00 बजे से 12.00 बजे तक |
| 8. | 04.11.2025 | (मंगलवार) | वैद्य नामांकन कर्ताओ की सूची का प्रकाशन | अपरान्ह 12:30 बजे |
| 9. | 05.11.2025 | (बुधवार) | नाम वापसी | प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक |
| 10. | 05.11.2025 | (बुधवार) | अन्तिम प्रत्याशी सूची का प्रकाशन | अपरान्ह 12:30 बजे |
| 11. | 05.11.2025 | (बुधवार) | चुनाव चिन्ह आबंटन | अपरान्ह 1:00 बजे |
| 12. | 17.11.2025 | (सोमवार) | मतदान (यदि आवश्यक हुआ) | प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक |
| 13. | 17.11.2025 | (सोमवार) | मतगणना | अपरान्ह 3 बजे से |
| 14. | 17.11.2025 | (सोमवार) | चुनाव परिणाम की घोषणा | मतगणना के पश्चात |

(मुकेश कुमार गर्ग)
चुनाव अधिकारी एंव प्रधानाचार्य
गॉधी इण्टर कॉलेज अम्बेहटा पीर (सहारनपुर)
मौ0–8171454360

# वोट चोर गद्दी छोड़ेंगे और राहुल गांधी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ेगा : बब्लू

* राहुल गांधी का संदेश गांव-गांव और घर-घर तक पहुंच चुका है : निक्कू पंडित

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित ने रामपुर जिले में 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान की सफलता आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि 'वोट चोर गद्दी छोड़' का नारा गांव-गांव और घर-घर तक गूंज रहा है। जनता जागरुक हो चुकी है और अब चुनावी धांधली नहीं चलेगी। आगे यह अभियान जन आंदोलन का रूप लेगा। उन्होंने कहा कि देश की खुशहाली, रोजगार, भाईचारे और विकास के लिए राहुल गांधी के रोडमैप पर चलना होगा।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुतिउर्रहमान खां बब्लू ने कहा कि अब पूरा देश वोट चोरी को पकड़ चुका है। जननायक श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में जारी अभियान ने वोट चोरों की गद्दी हिलाकर रख दी है। जल्दी ही वो समय आएगा जब देश में वोट चोर गद्दी छोड़कर जाने पर विवश होंगे और देश में श्री राहुल गांधी की कियादत में विकास और भाईचारे का सूर्य उदय होगा। श्री बब्लू ने 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत अपनी कर्मभूमि चमरौआ विधान सभा के माठखेड़ा गांव में आयोजित सभा में जुटे लोगों को श्री राहुल गांधी के विजन और मिशन के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में देश के करोड़ों लोगों ने भाग लेकर राहुल जी पर अपने अटूट विश्वास का प्रमाण दिया है।



## लाभार्थियों को मिला सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का लाभ

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दीपावली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पात्र महिला लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से गैस रिफिल सब्सिडी के चेक वितरित किये गये। इस दौरान उपस्थित लाभार्थियों ने लखनऊ से सीधे प्रसारित मा0 मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना और योजना से प्राप्त लाभ के लिए प्रसन्नता व्यक्त की।

जिला पूर्ति अधिकारी श्री पूरन सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को रसोई के धुएं से मुक्ति मिली है तथा उनके स्वास्थ्य, पारिवारिक वातावरण और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि जनपद में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत अब तक हजारों पात्र लाभार्थी परिवारों को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।



## हाकी प्रतियोगिता का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पं0 दीन दयाल जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय एवं जिला प्रशासन के द्वारा जूनियर बालक हाकी प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स सींगन खेड़ा में किया गया जिसमें जनपद की 08 टीमों, राजकीय वाकर इ0का0, स्मार्ट इण्डियन मॉडल स्कूल, सिम्स कलब, ग्लोबल इण्टरनेशनल स्कूल आईडेन्टी स्कूल, उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपूर कला, उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंगनखेड़ा बालक हाकी छात्रावास की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री रणजीत सिंह द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा भी दी तथा ग्रामीण से निकलने वाली प्रतिभा को भी बताया। इस अवसर पर प्रभारी क्रीड़ाधिकारी श्री सन्तोष ने बताया कि इस प्रतियोगिता का पहला मैच बालक हाकी छात्रावास एवं राजकीय वाकर इण्टर कालेज के मध्य खेला गया, जिसमें छात्रावास की टीम ने राजकीय वाकर इण्टर कालेज की टीम को 6-2 से पराजित किया। छात्रावास की टीम के मानवेन्द्र ने 4 गोल तथा पूजन ने 1 गोल आकाश पटेल 1 गोल तथा राजकीय वाकर इण्टर कालेज के सानिध्य आर्येन कनौजिया ने 1-1 गोल किया।

## पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत आज दिनांक 15.10.2025 को मिशन शक्ति टीम थाना सिविल लाइन द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत स्मार्ट इंडियन मॉडल पब्लिक स्कूल में बालक एवं बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया । जागरुकता के क्रम में महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।



## बालक एवं बालिकाओं को जागरुक किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत आज दिनांक 15.10. 2025 को मिशन शक्ति टीम थाना शाहबाद द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत सेंट पॉल% स्कूलथाना शाहाबाद में बालक एवं बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया।

जागरुकता के क्रम में महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।



## रामपुर को क्षेत्र का लक्ष्य प्राप्त हुआ

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी श्री कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि रबी की विभिन्न फसलों की बुवाई हेतु जनपद रामपुर को क्षेत्र का लक्ष्य प्राप्त हो गया है, जिसके अन्तर्गत गेहूँ 137109 हे0, मक्का 560 हे0 का लक्ष्य बुवाई के लिए रखा गया है। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग एवं शासन की मंशा के अनुरूप दलहनी एवं तिलहनी फसलों के क्षेत्रफल को बढ़ावा देने हेतु चना 66 हे0, मटर 3187 हे0, मसूर 1646 हे0, तोरिया 3880 हे0 सरसों 5145 हे0 तथा अलसी 33 हे0 के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। शासन द्वारा गेहूं का 6800 कुन्तल जिसमें डी0बी0 डब्ल्यू0 303 आ0 3174 कुन्तल, डी0बी0 डब्ल्यू0 187 प्रमा0 1982 कुन्तल, डी0बी0 डब्ल्यू0 372 आ0 141 कुन्तल, 1जेडएन आ0 514 कुन्तल, डी0बी0 डब्ल्यू0 327 0 488 कुन्तल तथा डी0बी0 डब्ल्यू0 222 प्रमा0 500 कुन्तल बीज का आवंटन प्राप्त हुआ है।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होगा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** अत्यंत हर्ष के साथ सूचित किया जा रहा है कि सेंट पॉल्स स्कूल रामपुर अपने विद्यालय प्रांगण में एक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य जनपद रामपुर के सीबीएसई बोर्ड में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यशैली से परिचित कराना है । यह आयोजन जनपद रामपुर में प्रथम बार आयोजित किया जा रहा है । इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में जनपद रामपुर के विभिन्न सीबीएसई बोर्ड के विद्यालय प्रतिभाग करेंगे और संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा का एक प्रतिदर्श प्रस्तुत करेंगे । अतः आपसे अनुरोध है कि समय से उपस्थित होकर हमें अनुग्रहित करें और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें।

## शोभा यात्रा का किया उद्घघाटन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** आज नगर पालिका क्षेत्र स्वार में माश विधायक शफीक अहमद अंसारी ने लुधियाना होजरी व वाल्मीकि शोभा यात्रा का किया उद्घघाटन किया, विधायक शफीक अहमद अंसारी ने अपनी विधानसभा के नगर पालिका स्वार में लुधियाना नामक होजरी का उद्घघाटन किया इसके बाद वाल्मीकि समाज द्वारा निकाली जा रही वाल्मीकि शोभा यात्रा का शुभारंभ कराया, विधायक जी ने कहा यह हमारे स्वार की एक मिसाल है की यहां पर हर धर्म के लोग एक दूसरे की खुशी में शामिल होते हैं विधायक जी के साथ मलंग बाबा दीपक नागर सलाहकार दीप सिंह राही कपिल वाल्मीकि देवेंद्र दिवाकर सर्वेश वाल्मीकि सुनील वाल्मीकि महेंद्र दिवान जी कैलाश एकलव्य रवि वाल्मीकि रवि सुदीप गौरव राजेश चौधरी कदीर राणा आदि



## अश्लील हरकतें करने पर पंजीकृत कराया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** वादिनी श्रीमति जैनब पुत्री स्व0 जाकिर अली निवासी ग्राम बरहैनी थाना बाजपुर जनपद उधमसिंहनगर ने थाना पर मु0अ0सं0 418/2025 74/76/351(2) बीएनएस बाबत अभि0 इसरार पुत्र नन्हें शाह निवासी ग्राम मानपुर उत्तरी थाना स्वार जनपद रामपुर द्वारा वादिनी के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकतें करना व कपडे फाड देना व कोई कानूनी कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले जाने के सम्बन्ध में पंजीकृत कराया था। दौरान विवेचना व वादिनी/पीडिता के धारा 183 बीएनएसएस के कथनो के अवलोकन से अभियोग में धारा 63बी बीएनएस की वृद्धि की गयी।



## महासभा का आयोजन किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** सेंट पॉल्स स्कूल रामपुर में एक ऐतिहासिक , जनपद रामपुर में प्रथम बार आयोजित प्रतिदर्श संयुक्त राष्ट्र महासभा का आयोजन किया गया । जिसका मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा के कार्य एवं कार्यो के संपादन को छात्र छात्राओं के सामने प्रदर्शित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत और दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ फुरकान मिब्रा निदेशक , रामपुर रजा लाइब्रेरी , ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का मतलब विश्व के सभी राष्ट्रों का एक मंच पर आकर आपस में मिलकर वैश्विक समस्याओं का समाधान करना है । इसकी स्थापना मानव जगत के कल्याण और सभी राष्ट्रों की सामूहिक उन्नति के लिए की गई है जिसकी जागरूकता होना अत्यंत आवश्यक है।



## कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज रामपुर में साइबर क्राइम से जागरूकता के संबंध में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद स्तरीय साइबर क्राइम टीम के श्री नितिन कुमार ने छात्राओ को साइबर क्राइम क्या होता है ,किस तरह से होता है ,और इससे किस प्रकार बचना चाहिए, अपने अपने मोबाइल फोन को हैक होने से किस प्रकार बचा सकते हैं और अपने जीमेल अकाउंट, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स इन सब पर भी सोच समझकर पोस्ट डालनी चाहिए और साइबर अपराध होने से बचना चाहिए ।यह सभी बातें उन्होंने छात्रओं को विस्तार पूर्वक समझाई।



## निकाली गई भव्य वाल्मीकि शोभा यात्रा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ( भावाधस )के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही के नेतृत्व में नगर में भव्य भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती स्वार वार्ड 01 से माननीय विधायक शफीक अहमद अंसारी जी ने फीता काट कर किया उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी सभी धर्मो के लिए आदर्श है समाज को उनके बताए मार्ग पर चल कर एक आदर्श समाज की स्थापना करे जिससे देश तरक्की करे शोभा यात्रा बड़ा शिव मन्दिर,घास मण्डी, सब्जी मंडी, कोतवाली रोड, बाजपुर रोड, रामपुर रोड,मैन बाजार , गंगा दास की पुलिया,दलीप गुप्ता चौक होकर स्वार खास वाल्मीकि बस्ती में समाप्त हुई।



## क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

क्विज़ प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें छात्राओं को सड़क सुरक्षा और नियम से सम्बंधित प्रशन पूछे गए। जिसमें आदिति गौतम ने प्रथम, अंशिका सक्सेना और मधु ने द्वितीय तथा जुबिया जुनैद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ अंकिता और डॉ योगेश चन्द्र ने निर्णायक की भूमिका निभाई।



## छात्र-छात्राओं को जागरुक किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत आज दिनांक 15.10. 2025 को क्षेत्राधिकारी, स्वार द्वारा महिला सुरक्षा दल थाना स्वार के साथ थाना स्वार क्षेत्रान्तर्गत बालक- बालिका जे0एच0 स्कूल, स्वार में छात्र-छात्राओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया । जागरुकता के क्रम में महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।



## पुलिस कार्यालय पर की जनसुनवाई

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं/ शिकायतों को सुना गया, जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



## तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लाक शाहबाद की मासिक पंचायत पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हुई। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लाक शाहबाद की मासिक पंचायत पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हुई तहसीलदार अमित कुमार को ज्ञापन सोपा मासिक पंचायत में किसानों के विभिन्न मुद्दे मंडी समिति में धान क्रय केंद्र पर किसनो के धान तोल ना करना सभी समितियां पर खाद की उपलब्धता कराई जाएस्मार्ट मीटर पर रोक लगाई जाए चौधरी सुनील कुमार सिंह पश्चिमी उत्तर प्रदेश सचिव रंजीत यादव युवा जिला अध्यक्ष चौधरी सुंदर पाल सिंह तहसील अध्यक्ष शाहबाद खुशीराम यादव ब्लॉक अध्यक्ष शाहबाद राजवीर सिंह यादव युवा ब्लॉक अध्यक्ष शाहबाद नरेंद्र यादव आदि थे।



## पुलिस कार्यालय पर की जनसुनवाई

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** क्षेत्राधिकारी नगर, रामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं/ शिकायतों को सुना गया, जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



## थीम पार्टनर्स फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन एंड चिल्ड्रेन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा थीम पार्टनर्स फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन एंड चिल्ड्रेन कार्यक्रम का आयोजन वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा जुल्फिकार इंटर कॉलेज गंज, कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं एवं कस्तूरबा गांधी नगर क्षेत्र में छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति थीम पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही छात्राओं को महिला कल्याण विभाग की सभी योजनाओं व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई।



## आपसी रंजिश में पशुशाला में लगाई आग

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र रायपुर का माजरा। आपसी विवाद और पुरानी रंजिश के चलते गांव रायपुर का माजरा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां तीन लोगों ने एक ग्रामीण सुखबीर की पशुशाला को पेट्रोल डालकर फूंक दिया। इस जघन्य वारदात में एक बेजुबान कटिया (भैंस का बच्चा) की मौके पर ही जलकर मौत हो गई, जबकि एक कटरा और एक अन्य पशु भी गंभीर रूप से झुलस गए हैं। आग बुझाने के प्रयास में पीड़ित की मां परमेश्वरी भी झुलस गई हैं। जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर शाम (या जो भी दिन हो) जब पीड़ित की मां परमेश्वरी पशुओं को चारा डालने गई थीं, तभी गांव के सर्वेश और उसके पुत्र पप्पू व नेकपाल वहां आ गए। बताया जाता है कि नेकपाल ने केन में भरा पेट्रोल पशुओं की कोठरी के छप्पर पर फेंक दिया और सर्वेश व पप्पू ने माचिस से आग लगा दी। आग लगते ही पशुशाला धू-धू कर जलने लगी और आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित सुखबीर ने बताया कि लगभग चार दिन पूर्व उनका कटरा आरोपियों के घर में घुस गया था, जिसको लेकर कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश के चलते उन्होंने यह क्रूर घटना की। घटना में परमेश्वरी का एक हाथ भी जल गया है। ग्रामीणों ने मुश्किल से आग पर काबू पाया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## घर के अंदर बंधे 4 बकरे और 1 बकरी चोरी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के ग्राम छितौनी में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए, वहाँ बंधे चार बकरे और एक बकरी चोरी कर लिए। सुबह जब पशु मालिक ने खाली खूंटे देखे, तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। छितौनी निवासी इस्लाम ने बताया कि रोज की तरह मंगलवार की रात को उन्होंने अपने चार बकरे और एक बकरी को घर के अंदर खूंटों से बांधा था।बुधवार की सुबह जब उनकी आंख खुली, तो उन्होंने देखा कि खूंटों पर बंधे बकरे गायब हैं और खूंटे खाली पड़े हैं। यह देखते ही पशु मालिक के होश उड़ गए। घर के चारों तरफ और आस-पड़ोस में काफी तलाश किया,लेकिन चोरी हुए पशुओं का कहीं कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित इस्लाम ने बताया कि इन पशुओं की कीमत हजारों रुपए में थी, और यह उनके परिवार की आजीविका का साधन थे। चोरी की इस घटना से परिवार को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित बकरा मालिक ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी और थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई और न्याय की गुहार लगाई है।

## दढ़ियाल में सोलर पैनल के शोरूम का उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**दढ़ियाल।** नगर में काशीपुर मार्ग पर सोलर पैनल के एक शोरूम खुला है। जिसका बुधवार को विधि विधान द्वारा पूजा कर उद्घाटन किया गया। सोलर पैनल का शोरूम खुलने के बाद नगर सहित क्षेत्र के लोगों को सब्सिडी पर पैनल मिल सकेंगे। बुधवार को नगर के काशीपुर मार्ग पर सोलर पैनल का शोरूम खोला गया । शोरूम खोलने से पूर्व पंडित सुरेश कुमार ने विधि विधान द्वारा पूजा अर्चना की इसके बाद चौधरी प्रभु सिंह ने फीता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया । शोरूम के मलिक लक्ष्य दहिया और विजेंद्र चौधरी ने बताया कि कि नगर सहित क्षेत्र के लोगों को पीएम सूर्य योजना के तहत सब्सिडी पर सूर्य पैनल उपलब्ध कराए जाएंगे। इस दौरान शोरूम के मालिक लक्ष्य दहिया , बिजेंद्र सिंह चौधरी , प्रभु सिंह चौधरी, कृष्णा सिंह चौधरी, रामकरण सिंह चौधरी ,बलजीत सिंह चौधरी, सुरजीत सिंह चौधरी, सरपाल सिंह चौधरी ,धर्मपाल सिंह चौधरी,ओमप्रकाश सिंह चौधरी आदि सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग और किसान मौजूद रहे।



## आगामी त्यौहारों को लेकर पटवाई में की पैदल गस्त

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटवाई।** बुधवार को आगामी त्यौहारो को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा साम्प्रदायिक संवेदनशीलता के दृष्टिकोण उपजिलाधिकारी शाहबाद आशुतोष कुमार के निर्देशन एवं नेतृत्व में पटवाई थाना प्रभारी पुष्कर सिह के मार्गदर्शन में थाना पटवाई के समस्त फोर्स को साथ लेकर मय दंगा नियन्त्रण उपकरणो के दंगा नियन्त्रण योजना का पूर्वाभ्यास किया गया तथा कस्वा पटवाई में पैदल गस्त की गयी एवं दीपावली के अवसर पर जुबैर शम्सी के खेत में लगने वाले पटाखा की दुकानों जगह का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस मौके पर थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## पूर्व ठेकेदार गिरफ्तार भेजा जेल

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** पुलिस ने युवती के साथ छेड़छाड़ करने और धमकी देने के मामले में मानपुर उत्तरी के बाजार के पूर्व ठेकेदार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बाजपुर थाना क्षेत्र के गांव बरहनी निवासी जैनब पुत्री जाकिर अली ने 4 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह मानपुर उत्तरी में कर्बला मैदान स्थित गनठी शाह बाबा के मजार पर हाजिरी देने आती थी। रास्ते में गांव मानपुर उत्तरी निवासी इसरार पुत्र नन्हें शाह मिल जाता था और बाइक पर बैठाने की जिद करता था। छेड़छाड़ के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देता था इसरार मानपुर उतरी की साप्ताहिक बाजार का पूर्व ठेकेदार है। इस मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस में की गई कार्रवाई न होने पर युवती ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक से शिकायत की पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्वार कोतवाली पुलिस ने पूर्व ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## बोर्ड की बैठक न होने से सभासदों में नाराजगी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।**बिलासपुर पालिका में बोर्ड की बैठक न होने से गुस्साएं करीब आधा दर्जन सभासदों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया।साथ ही डीएम की गैर-मौजूदगी में एसडीएम सदर को अपना पत्र सौंपकर समस्या के निदान की मांग की।स्थानीय नगरपालिका परिषद के तमाम सभासद मोहसिन खां के नेतृत्व में एकत्र होकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचें।इस दौरान सभासद जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की गैरमौजूदगी में एसडीएम सदर अनुराग सिंह से मिले और उन्हें अपना प्रार्थना पत्र सौंपा।




# संक्षिप्त समाचार

## पटवाई थाने में की पीस कमेटी मीटिंग

**पटवाई।** बुधवार को आगामी त्योहारों को लेकर शाहाबाद एसडीएम अतुतोष कुमार ने थाना पटवाई पर वर्तमान परिदृश्य में आगामी त्यौहारो को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा साम्प्रदायिक संवेदनशीलता के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए थाना पटवाई ने शांति समिति की मीटिंग आहूत की गई जिसमे सौहार्दपूर्ण माहौल में संवेदनशील रहकर त्योहार मनाने की की अपील की गयी।




## चौपाल लगाकर आमजन को जागरुक किया

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत आज दिनांक 15.10.2025 को विशेष महिला सुरक्षा दल जनपद स्तरीय, मिशन शक्ति केन्द्र टीम महिला थाना एवं महिला सुरक्षा दल थाना शहजादनगर की संयुक्त टीम द्वारा थाना शहजादनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जसमोली में चौपाल लगाकर आमजन को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया । जागरुकता के क्रम में महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।



## नवीन मंडी में धान खरीद का लिया जायजा

**बिलासपुर।**सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने कार्यकर्ताओं के साथ हाईवे स्थित नवीन मंडी पहुंचकर धान खरीद का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने किसानों से वार्ता कर केंद्र प्रभारियों के प्रति नाराजगी जताई।सांसद ने कहा कि धान खरीद में अगर धांधली की गई तो इस मुद्दे को वह पार्लियामेंट में उठाने में भी गुरेज नहीं करेंगें। किसानों के हक पर डाका नहीं डालने दिया जाएगा। उन्होंने किसानों से वार्ता की और केंद्र प्रभारियों पर नाराजगी जताई। कहा कि किसानों के हक पर डाका डालने वालों को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा। बापू मॉल में हबीबी कुतुबखाना का मुफ्ती ए आज़म मौलाना युनुस मिस्बाही ने किया इफ़्तिताह



## बच्चों को मिलेगी दीनी और दुनिया की तालीम

**रामपुर।** तोपखाना स्थित बापू मॉल में हबीबी कुतुबखाना का मुफ्ती ए आज़म मौलाना युनुस मिस्बाही, मुफ्ती बली मोहम्मद, मौलाना जिशान और जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने इफ़्तिताह किया। इस मौके पर दरूद फातिहा व मिठाई भी बांटी गई। मुफ्ती ए आज़म मौलाना युनुस मिस्बाही ने हबीबी कुतुबखाना की शुरुआत करते हुए कहा कि आज के दौर में सुन्नत जमात की किताबे मिलने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब हबीबी कुतुबखाना में सभी किस्म की किताबे मिल सकेंगी।



## सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**शाहबाद।** नगर में बुधवार को सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। नगर के मोहल्ला फर्राशान निवासी फईम पुत्र नहीम किसी जरूरी काम से बाइक से सवार होकर जा रहा था और सड़क हादसे का शिकार हो गया परिजन घायल को लेकर सीएचसी शाहबाद पहुंचे डॉक्टर ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर घर वापस भेज दिया।

## अब्दुल कलाम का विद्यार्थियों ने मनाया जन्मदिन

**रामपुर।** बुधवार को साई विहार महाराणा प्रताप लेन 1 स्थित, फर्स्ट इंप्रेशन पब्लिक स्कूल में भारत के मिसाइल मेन पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन मनाया गया। आज के कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा भारत रत्न, पद्म विभूषण और वीर सावरकर जैसे पुरस्कार प्राप्त भारत के 11वे राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन मनाया गया। शिक्षकों ने एपीजे अब्दुल कलाम जी की जीवनी के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों द्वारा कलाम जी के प्रमुख विचारों को सभी के सामने प्रस्तुत किया गया।




## पी डी ए मीटिंग का किया गया आयोजन

**रामपुर।** समाजवादी बाबा अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर के आवास पर पी डी ऐ मीटिंग का आयोजन हुआ अध्यक्षता की समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सतीश सागर जी ने मुख्य अतिथि के रूप में रहे राम बहादुर सागर जी ने बताया की मौजूदा सरकार समाज में धर्म फैलाकर राजनीति कर रही है फर्जी प्रचार कर रही है बहुत सारे ऐसे गांव हैं जहां पानी की टंकी तो लग गई है लेकिन टूटी में पानी नहीं आ रहा है और सरकार प्रचार कर रही है जल जीवन मिशन के तहत हर गांव में जल पहुंचा दिया गया है यह सारा साल झूठ है सरकार को अपनी झूठी बाबा भाई लूटने में अच्छा लगता है जो सरासर गलत है।



## त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने बढ़ाई पैदल गश्त

**शाहबाद।** त्योहारों के मौसम में सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न हो, इसके लिए कोतवाली शाहबाद पुलिस ने अपनी सतर्कता बढ़ा दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बुधवार को नगर के प्रमुख भीड़-भाड़ वाले बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पैदल गश्त बढ़ा दी है। उन्होंने बताया के इस कदम का उद्देश्य लोगों का विश्वास बढ़ाना और अपराधियों में भय पैदा करना है। पुलिस की टीमें अब लगातार गश्त कर रही हैं, खासकर भीड़-भाड़ वाले बाजारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान भारी आवाजाही वाले इलाकों में।



## पुलिस द्वारा आम जन को किया गया जागरूक

**रामपुर।** साइबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत थाना साइबर क्राइम, थाना शाहबाद, रामपुर पुलिस व राजस्व टीम द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम माहूनागर थाना शाहाबाद में साइबर जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर साइबर क्राइम टीम एवं प्रभारी निरीक्षक थाना शाहबाद व राजस्व टीम थाना शाहबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम माहूनागर में बैठक कर साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वकजानकारी दी गई।



## फीता काटकर किया रामलीला का शुभारंभ

**शाहबाद।** मंगलबार देर शाम को तहसील क्षेत्र के ग्राम काशवनगला में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार एवं हल्का इंचार्ज अरविंद दीक्षित ने ग्राम में आयोजित हुई रामलीला मंचन का फीता काटकर शुभारंभ किया इस दौरान ग्राम प्रधान धुरियाई नरेश यादव ,रिंकू यादव एडवोकेट, दान सिंह यादव, जीवन सिंह ,टीटू यादव, ग्राम प्रधान गुल मोहम्मद आदि भी मंच पर मौजूद रहे।



P-09:28 paga09_jhn.qxd 10/15/2025 7:45 PM Page 1



# दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

● महामहिम के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** प्रदेश में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला बढ़ता जा रहा है। दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर अब सभी अनुसूचित जाति जनजाति के सभी सामाजिक धार्मिक एवं राजनीतिक संगठन सडक पर उतर आए हैं। गुरुग्राम में विभिन्न संगठनों ने श्री प्रेम मंदिर से मिनी सचिवालय तक प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकाला और उपायुक्त के माध्यम से देश की महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। दलित नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रताप सिंह कदम का कहना है कि आजादी के बाद भी जातिगत भेदभाव जारी है। दलित व पिछड़े समाज से आने वाले अधिकारियों को जाति के नाम पर दबाने का काम किया जा रहा है, जोकि लंबे समय से जारी है। एडीजीपी वाई पूरन कुमार भी जातिगत उत्पीडड्ढ का शिकार हुए हैं। न्याय के लिए किसी प्रकार की सुनवाई न होने पर उन्होंने थक हारकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले 8 पेज का विस्तृत फाइनल नोट पूरे प्रकरण पर लिखा। निराशा की बात यह है कि चंडीगढ़ पुलिस प्रशासन ने उक्त नोट के अनुसार संविधान संगत एक एफआईआर तक न्याय के पक्ष में लिखकर जांच शुरू नहीं की है। उनका कहना है कि ऐसे बहुत बड़ी घटना जिसमें भारत के मुख्य न्यायधीश के ऊपर एडवोकेट द्वारा जूता फेंका गया जो कि बहुत ही निन्दनीय है उन जूता फेंकने वाले के खिलाफ भी आज तक कोई करवाई न करना सरकार ऊपर सवालिया निशान लगाता है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में दलित समाज से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें हुकम चंद पुनिया, बलवान सिंह रंगा, रतन सिंह बडगुजर, जय भगवान बौद्ध, जितेंद्र कुमार, पर्ल चौधरी, कैप्टन प्रेम सिंह, ओमप्रकाश कायत, अनिल धानक, डॉ. के.लाल, राजकुमार ढिकवा, सुल्तान सिंह चांवरिया आदि मौजूद रहे।

# भारतीय क्रिकेटर मोहित शर्मा ने इंदिरा आईवीएफ फर्टिलिटी क्लिनिक का किया शुभारंभ



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** प्रदेश में रिप्रोडक्टिव हेल्थकेयर सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए इंदिरा आईवीएफ अस्पताल प्रबंधन ने सैक्टर 83 क्षेत्र में फर्टिलिटी क्लिनिक का शुभारंभ किया है। अस्पताल के प्रबंध निदेशक नितिज मूर्दिया का कहना है कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय क्रिकेटर मोहित शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ. अरविंद वैद शामिल हुए। मोहित शर्मा ने कहा कि यह उन दंपत्तियों के लिए आशा की किरण साबित होगी, जो परिवार शुरू करने का सपना पूरा करने के लिए विश्वसनीयता व अपने प्रारंभिक रिप्रोडक्टिव सेवाओं की तलाश कर रहे हैं। डॉ. अरविंद वैद ने कहा कि समय समय पर फर्टिलिटी हैल्थ के प्रति आमजन को जागरुक करने में भी प्रबंधन पीछे नहीं रहेगी। समारोह में भारतीय क्रिकेटर मोहित शर्मा ने कहा ह्नकेंद्र इंदिरा आईवीएफ की विशेष और फर्टिलिटी केयर सेवाएं हमारे सेक्टर 83, गुरुग्राम में शुरू हुई हैं। यह दंपतियों के लिए आशा की किरण हैं जो परिवार शुरू करने का सपना पूरा करने के लिए विश्वसनीयता व अपने प्रारंभिक रिप्रोडक्टिव सेवाओं की तलाश कर रहे हैं ह्नइंदिरा आईवीएफ के एमडी नितिज मूर्दिया ने कहा कि हमारा लगातार विस्तार यह दशार्ता है कि इंदिरा आईवीएफ भारत के विभिन्न हिस्सों में फर्टिलिटी केयर को अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। गुरुग्राम का चयन एक महत्वपूर्ण स्थान बनकर उभरा है जो विश्वसनीय फर्टिलिटी उपचार की तलाश में परिवारों के लिए उपयुक्त है। इस केंद्र के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जिन लोगों को इसकी आवश्यकता है, उन्हें समय पर देखभाल और क्लिनिकल सहायता प्राप्त हो।गायनेकॉलोजिस्ट एंड आईवीएफ स्पेशलिस्ट, इंदिरा आईवीएफ, पटेल नगर सेंटर हेड डॉ. अरविंद वैद ने कहा कि गुरुग्राम सेंटर का मकसद दंपतियों को उनकी फर्टिलिटी यात्रा के दौरान आवश्यक मार्गदर्शन और स्पष्टता प्रदान करना है। हमारा दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि हर कपल उपचार विकल्पों को पूर्णतः समझ सके और हर स्टेप पर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सके इस अवसर पर डा. दिव्याशा वालिया, अस्पाल प्रबंधन व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

# दीपावली महोत्सव का आयोजन कर मरीजों को किया सम्मानित




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** स्वास्थ्य सेवाओं में गुरुग्राम विश्व में अपनी पहचान बना चुका है। गुरुग्राम को स्वास्थ्य हब भी कहा जाता है। विश्व के कई देशों के लोग स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए गुरुग्राम का रुख कर रहे हैं। यह तभी संभव हो पाया है, जब उन्हें किफायती व गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकी हैं। इसी क्रम में पारस अस्पताल प्रबंधन ने अपने परिसर में दीपावली महोत्सव का आयोजन किया, जिसमें 500 से ज्यादा ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट कराने वाले मरीजों की सफल रिकवरी होने पर उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस आयोजन में मरीजों व चिकित्सकों ने अपने एक प्रजेंटेशन भी दिए। उन्होंने सर्जरी की प्रक्रियाओं, रिहैबिलिटेशन के तरीके और नियमित एक्सरसाइज से बेहतर रिकवरी होने के बारे में बताया। ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट स्पोर्ट्र्स इंजरी सेंटर के डॉयरेक्टर डॉ विवेक लोगानी ने कहा कि ज्वॉइंट डिसऑर्डर से युवा आबादी ज्यादा प्रभावित हो रही है। सीमा विग ने कहा कि हमारी कोशिशें सदैव यही रही है कि मरीजों का पूरा ध्यान रखा जाए, ताकि वे जल्दी से रिकवरी कर सकें। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल रहे।

# नगर पालिका कर्मचारी संघ ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सर्वोच्य न्यायालय के मुख्य न्यायधीश पर जूता फैंकने वाले व एडीजीपी वाई पूर्ण कुमार की आत्महत्या मामले में उच्च स्तरीय न्यायिक जांच व दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर नगरपालिका कर्मचारी संघ ने गुरुग्राम इकाई के प्रधान बंसत कुमार की अध्यक्षता में प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी संघ के बसंत कुमार, सुशीला देवी, राजेश कुमार, सुरेश नोहरा, महेश कुमार आदि ने दिवंगत परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह आत्महत्या नहीं, अपितु संस्थागत हत्या है। जिसके लिए संस्थानों व समाज में निरंतर जारी जातिगत भेदभाव व उत्पीडड्ढ जिम्मेदार है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि आईपीएस अधिकारी पूरन कुमार की मृत्यु की निष्पक्ष जांच कराए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। इसी प्रकार सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फैंकने वाले के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जाए। संघ नेताओं ने आज जारी बयान में मांग की है कि आईपीएस अधिकारी पूरन कुमार की मृत्यु के हालात की त्वरित निष्पक्ष जांच करके सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा उनके परिवार को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए।अधिकारी द्वारा लिखे गए अंतिम नोट में हालात और घटनाक्रम का जो विवरण सामने आया है वह स्तब्ध करने वाला है तथा जातिगत पूर्वाग्रह में निहित उत्पीड़न, अपमान और भेदभाव के एक पैटर्न की ओर इशारा करता है।

यह बहुत ही खेदजनक है कि जातिगत पूर्वाग्रह और उत्पीड़न को उजागर करने के लिए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को अपनी जान देकर कीमत देनी पड़ी है। विरोध प्रदर्शन में शम्मी बोहत, ज्ञान चंद, योग पाल, सीमा देवी, संजीव कुमार, अनिता देवी, मीनू, रविंदर कुमार, सुनील यादव आदि शामिल रहे।

## समाचार

# देवउठनी ग्यारस पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रशासन सतर्क

**–बाल विवाह में शामिल सभी व्यक्तियों व संस्थानों पर होगी कानूनी कार्रवाई**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** देवउठनी ग्यारस पर सामाजिक प्रथा बाल विवाह होने का अंदेशा बना रहता है, जो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कानूनी अपराध है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध विभाग द्वारा देवउठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकने के लिए अभियान चलाकर खण्ड स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी गुरुग्राम मधु जैन ने बताया कि जागरुकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व आमजन को बाल विवाह जैसी बुराई को जड़ से खत्म करने का आह्वान किया जा रहा है, जिसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लडकी व 21 वर्ष से कम आयु के लडके को नाबालिग माना जाता है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है। ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है तो 2 साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। उन्होंने विवाह में सेवा देने वाले टेंट, हलवाई, पंडित, केटरर, प्रिटिंग प्रेस वालो से भी आह्वान किया कि ऐसे किसी भी विवाह कार्यक्रम में न तो शामिल हो और न ही अपनी सेवायें दे। अन्यथा उनके विरूद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बाल विवाह के आयोजन से सम्बन्धित जानकारी देने के लिए आमजन बाल विवाह निषेध अधिकारी, पुलिस हेल्पलाइन 112, मैजिस्ट्रेट या चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर सम्पर्क कर सूचना दे सकते हैं, ताकि समय पर हस्तक्षेप करके नाबालिग के विवाह को रुकवाया जा सकें।

# अमेजन कंपनी के माल से भरा कंटेनर लूटा, आरोपी गिरफ्तार

● आरोपियों ने कर्नाटक राज्य के चित्रदुर्ग जिला में लूटा था कंटेनर
● आरोपी 18 लाख रुपये में लूटा हुआ सामान बेचने की फिराक में थे

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** ऑनलाइन सामान विक्रेता कंपनी अमेजन के सामान से भरे ट्रक को कर्नाटक राज्य के चित्रदुर्ग जिले में लूट के आरोपियों को नूंह से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने यह लूट तब की, जब सामान से भरा ट्रक मुंबई से बेंगलुरू जा रहा था। बताया जा रहा है कि आरोपी लूट के सामान को 18 लाख रुपये में बेचने की फिराक में थे। काबू किए गए आरोपियों को मुंबई पुलिस लेकर गई है।

जानकारी के अनुसार भिवानी जिला के गांव रतेरा निवासी राजेश कुमार ने एक शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि राजेश कुमार कॅमियॉन्स लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में एक्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत हैं। उनकी कंपनी की गाड़ी में अमेजन के बुक किए गए पार्सल लोड कर मुंबई से बेंगलुरू के लिए रवाना की गई थी। गाड़ी को चलाने के लिए कंपनी की ओर से दो ड्राइवर मथुरा जिले के नगला किशनपुर रहने वाला मुबारिक और नूंह जिला के तावडू निवासी पंकज कुमार को नियुक्त किया था। एएसपी आयुष यादव ने बताया कि 10 से 11 अक्टूबर 2025 की रात को माल लेकर गई गाड़ी का जीपीएस सिग्नल अचानक बंद हो गया। कंपनी की ट्रैकिंग टीम ने लोकेशन ट्रेस की तो पता चला कि वाहन गोरलदाकू गेट, तहसील हीरियूर, जिला चित्रदुर्ग के पास सडक किनारे खड़ा है। टीम मौके पर पहुंची। वहां गाड़ी के एक ड्राइवर मुबारिक ने बताया कि रास्ते में बेलगावी के पास उसके साथी ड्राइवर पंकज कुमार ने उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाया। जिसके बाद वह बेहोश हो गया। जब उसे होश आया तो पंकज गायब था और गाड़ी के कंटेनर का पिछला हिस्सा काटा हुआ मिला। जांच करने पर पता चला कि गाड़ी में रखे अमेजन के 18 लाख 67 हजार 838 रुपये कीमत के 432 पैकेट गायब मिले। इस शिकायत पर 12 अक्टूबर को हीरियूर ग्रामीण थाना जिला चित्रदुर्ग, कर्नाटक में केस दर्ज किया गया। तभी से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। एएसपी आयुष यादव के मुताबिक अमेजन कंपनी द्वारा दी गई शिकायत पर कर्नाटक पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। जांच के दौरान यह सामने आया कि चोरी में शामिल आरोपी सामान को हरियाणा के नूंह और पलवल क्षेत्र में बेचने की फिराक में थे। तावडू सीआईए पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने चार आरोपियों सलमान, शाहरुख, शौकीन व तैय्यब को काबू किया। तीन आरोपी पलवल जिला के हथीन क्षेत्र के गांव मामोला के रहने वाले हैं। एक आरोपी सबरस जिला नूंह का रहने वाला है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक टाटा 709 सफेद रंग की गाड़ी भी बरामद की, जिसका इस्तेमाल चोरी किए गए सामान को ले जाने में किया गया था। गिरफ्तार सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद कर्नाटक पुलिस की टीम को सौंप दिया गया।

# समस्त अनुसूचित जाति वर्ग सोहना ने राष्ट्रपति के नाम एस डी एम को सौंपा ज्ञापन



**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** समस्त अनुसूचित वर्ग सोहना की ओर से संगठन के लोग भीमराव अंबेडकर भवन में एकत्रित हुए जहां उन्होंने पैदल रोष मार्च निकालते हुए आई पी एस वाई पूर्ण कुमार द्वारा की गई आत्महत्या और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने को लेकर रोष प्रदर्शन किया ।जिसमें शहर के अनुसूचित वर्ग के लोग मौजूद थे ।सभी एकत्रित होकर एस डी एम कार्यालय पहुंचे और एक लिखित ज्ञापन एस डी एम की अनुपस्थिति में सुप्रिटेंडेंट विनोद धनखड़ को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम सौंपा।।दिए गए ज्ञापन में उन्होंने मांग की कि आज अनुसूचित जाति जनजाति पर विद्वेषपूर्ण प्रताड़ित और भेदभाव बरतने जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। जो कि इस जाती की भावना के विपरीत है और इसकी गरिमा की सुरक्षा के लिए खतरा है ।जिसके चलते बीते दस दिन पूर्व आई पी एस वाई पूर्ण कुमार का आत्महत्या करना,देश के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश पर जूता फेंकने और बरेली में बाल्मिकी समाज के युवक की हत्या निंदनीय घटना को दशार्ती है। हमारी मांग है ऐसी घटनाओं पर प्रतिबंध लगाया जाए और एस सी एस ती एक्ट की पूर्णतया पालन किया जाए ।इन सभी घटनाओं की जांच निष्पक्ष की जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएइस अवसर पर सही राम तंवर,मूल चंद नंबरदार,लेखराज पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि, राकेश पार्षद वार्ड नम्बर 6 ,विक्रम सफाई ठेकदार,महेंद्र जाजोरिया, सहित अन्य अनुसूचित जाति जनजाति संगठन के लोग मौजूद थे।

# गुरुग्राम में होलसेल एवं रिटेल शॉप पर एमटीपी बिक्री पर रोक

**–सेक्टर 31 पॉलीक्लिनिक से मिलेगी किट**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार पूरे राज्य में एमटीपी किट की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। यह निर्णय जनस्वास्थ्य की सुरक्षा एवं दवा वितरण प्रणाली को नियंत्रित और नियमित करने के उद्देश्य से लिया गया है। सिविल सर्जन डॉ. अलका सिंह ने बताया कि इन निदेर्शों के तहत सभी होलसेलर और रिटेलर को उक्त किट की बिक्री तुरंत बंद करने और संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। सिविल सर्जन ने बताया कि सभी मान्यता प्राप्त एमटीपी सेंटर्स को निर्देश दिया गया है कि आवश्यकता अनुसार गर्भ संबंधी उपचार हेतु टैबलेट मिफेप्रिस्टोन 200 एमजी को जिला सेंट्रल स्टोर पॉलीक्लिनिक सेक्टर–31 गुरुग्राम से ही प्राप्त करें। साथ ही वे स्टॉक रजिस्टर का सही रखरखाव करें और प्रत्येक माह अपनी सकारात्मक रिपोर्ट विभाग को प्रस्तुत करें, ताकि दवाओं की उपलब्धता और उपयोग पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके।

# गुरुग्राम जेल लोक अदालत: पांच विचाराधीन बंदी रिहा

**विचाराधीन बंदियों को न्यायिक प्रक्रिया और मुफ्त अधिवक्ता सेवाओं की सुविधा**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष वाणी



गोपाल शर्मा के दिशा–निर्देश पर जिला विधिक सेवायें प्राधिकरण, गुरुग्राम की ओर से जिला कारागार भोंडसी में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल का निरीक्षण करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश कादियान ने बताया कि जेल लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य विचाराधीन बंदियों के मामलों का शीघ्र निपटारा करना और उन्हें राहत प्रदान करना है। इस अवसर पर पांच विचाराधीन बंदियों को रिहा किया गया। राकेश कादियान ने बंदियों को विधिक सहायता, अधिवक्ता की सुविधा और कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जेल में संचालित लीगल ऐड क्लिनिक का भी निरीक्षण किया और बताया कि बंदी एक साधारण प्रार्थना–पत्र के माध्यम से मुफ्त अधिवक्ता सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। सचिव ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि बंदियों के परिवार से मुलाकात, महिला बंदियों की समस्याएं, चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा, खेलकूद, स्वच्छता, रहन–सहन और खान–पान सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय कानूनी सहायता हेल्पलाइन 15100 पर कॉल करके आपातकालीन कानूनी सहायता घर बैठे प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, उप अधीक्षक, जेल स्टाफ, पैनल अधिवक्ता और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जीएसटी डिपार्मेंट व डीएचबीवीएन के साथ मीटिंग



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** कादीपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा ने बताया कि कादीपुर इंडस्ट्रियल एरिया में एमएसएमई व लीन की तरफ से अमित ममगाई डी आईं सी से कैलाश चंद डीएचबीवीएन से एसडीओ मनीष वधवा केंद्रीय जीएसटी डिपार्मेंट से असिस्टेंट कमिश्नर करण सिंह व उनकी टीम के साथियों के साथ मीटिंग हुई अमित ममगाई ने लघु उद्योगों के लिए सरकारी स्कीम के बारे में डिटेल से बताया बिजली डिपार्टमेंट की ओर से एसडीओ मनीष वधवा ने कहा कि हम आपको बिजली की तरफ से कोई समस्या नहीं होने देंगे। केंद्रीय जीएसटी डिपार्मेंट की तरफ से अधिकारियों ने जीएसटी के फायदे बताएं और विश्वास दिलाया कि हमारी तरफ से आप लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी आप कभी भी हमारे कार्यालय आ सकते हैं आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा हम सभी एक दूसरे से जुड़े हुए हैं आईडीएफसी बैंक के भी कई साथी शामिल रहे। एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा ने बताया कि मीटिंग में शामिल सभी अधिकारियों को सोल ओढ़ाकर व फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मान किया गया। सम्मान करने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा नंद गाबा के एस बढ़ाना राजवीर यादव दीक्षित राज ओम चावला राजेंद्र सिंह विनोद वशिष्ट हरि प्रकाश कौशिक जितेंद्र चौधरी विक्रम जांगड़ा मनोज सोनी संजय यादव गोपाल माल हरिओम यादव महेंद्र लूथरा आदि काफी सदस्य शामिल रहे।

# दिवाली के पावन पर्व पर स्वदेशी उत्पादों को दे बढ़ावा : सौरभ सिंगला

● सोहना के बाजार में भाजपा मंडल ने व्यापारियों को स्वदेशी उत्पाद के लिए किया जागरूक




**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** भारतीय जनता पार्टी, गुरुग्राम महानगर के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह के निदेर्शानुसार आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सोहना भाजपा मण्डल में एक महत्वपूर्ण स्वदेशी अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य दिवाली के पावन पर्व पर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और स्थानीय व्यापारियों को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था ।इस अभियान में मंडल अध्यक्ष सौरभ सिंगला की अध्यक्षता में आत्मनिर्भर भारत जिला सह संयोजक प्रिंसी चहर, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा रीना यादव , विधानसभा संयोजक नरेश सैनी, आईटी प्रमुख चिराग भूटानी , और मंडल संयोजक कपिल सैनी ने सोहना बाजार में स्वदेशी उत्पादों को प्रदर्शित किया और व्यापारियों से स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने और अपनी दुकानों पर स्वदेशी समान बेचने का अनुरोध किया ।आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत यह प्रयास देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा, जैसा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के उद्देश्यों में शामिल है – स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना, आयात पर निर्भरता कम करना, और देश को आत्मनिर्भर बनाना ï इस अभियान में सोहना भाजपा मण्डल के महामंत्री गौरव दायमा, सतबीर सुथार, दिनेश गुप्ता, हरिचंद्र जांगिड़, त्रिलोक, धर्मपाल, महेश, बिजेंद्र, सौरभ राघव, सुभाष, महिला मोर्चा सोहना मण्डल से संगीता शर्मा, प्रिया , और निशा ने भी भाग लिया।

# सर्कस जैसी पारंपरिक कलाएं भारतीय संस्कृति का हैं अभिन्न हिस्सा : गार्गी कक्कड़

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** गौशाला ग्राउण्ड में रॉयल सर्कस का शुभारंभ हो गया है, जिसका उद्घाटन भाजपा की प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़ ने विधिवत रुप से किया। इस अवसर पर भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे। गार्गी कक्कड़ ने कलाकारों से भेंट कर उनकी कला की सराहना करते हुए कहा कि सर्कस जैसी पारंपरिक कलाएं भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। जिन्हें ये कलाकार आज भी जीवंत रखे हुए हैं। अपनी कला के माध्यम से वे आमजन का मनोरंजन भी करते रहे हैं। सर्कस प्रबंधन का कहना है कि



गुरुग्रामवासियों की मांग पर सर्कस का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिदिन 3 शो होंगे। इस अवसर पर विपिन जायसवाल, प्रकाश राय, बीएन लाल, रणधीर राय सहित बड़ी संख्या में सर्कस प्रेमी भी मौजूद रहे।

# तावडू में एम&एम द्वारा फिर लगाया गया निःशुल्क हैल्थ जांच शिविर

उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। उपमंडल के गांव बावला मे स्थित हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय के कैंपस में एम&एम फाउंडेशन के सर्वोदय स्वास्थ्य यात्रा अभियान के तहत हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे मरीजों को निःशुल्क परामर्श तथा दवाइयां दी गई। इस हेल्थ कैंप में एम&एम फाउंडेशन के स्वास्थ्य विभाग तथा इनकी फील्ड टीम से डॉक्टर अभिषेक,




● विद्यालय परिवार तथा नामांकित युवाओं के लिए एम&एम फाउंडेशन द्वारा की गई इस पहल का राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य ऋषि कुमार जून द्वारा स्वागत किया गया। इस तरह के पहलों में हमेशा सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। हेल्थ कैंप के समापन के अवसर पर प्राचार्य द्वारा एम&एम फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ पायल कनोडिया तथा संस्था के प्रेसिडेंट डॉ ऐश्वर्य महाजन को इस पहल के लिए धन्यवाद प्रेषित किया

पूनम, विक्रम, कपिल, दीपांशु, जान मोहम्मद की भी पूरी सहभागिता रही। इस कैंप में महाविद्यालय के छात्राओं, प्रोफेसर तथा क्षेत्र के नागरिकों समेत लगभग 206 लोगों का मधुमेह, उह्नच रक्तचाप, लिपिड प्रोफाइल, थायराइड, लीवर तथा किडनी आदि कई तरह की जांचे निशुल्क की गई। साथ ही शिविर के दौरान प्रतिभागियों को इन अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा आहार तथा पोषण की जानकारी भी प्रदान की गई। जो कि इस उम्र के युवाओं लिए एक बहुत ही आवश्यक जानकारी है। विद्यालय परिवार तथा नामांकित युवाओं के लिए एम&एम फाउंडेशन द्वारा की गई इस पहल का राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य ऋषि कुमार जून द्वारा स्वागत किया गया। इस तरह के पहलों में हमेशा सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। हेल्थ कैंप के समापन के अवसर पर प्राचार्य द्वारा एम&एम फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ पायल कनोडिया तथा संस्था के प्रेसिडेंट डॉ ऐश्वर्य महाजन को इस पहल के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सार्वजनिक स्थानों व चौक-चौराहों पर छोटे-छोटे बच्चे मांग रहे भीख प्रशासन मौन



उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। शहर के कई सार्वजनिक स्थानों व चौक-चौराहों पर छोटे- छोटे बह्लचे भीख मांगते देखे जा सकते हैं। वहीं इन बच्चों के कुछ अभिभावक भी इनसे भीख मंगवाते देखे जा सकते हैं। ये बच्चे जहां खुद के ग्रुप बना कर भीख मांगते हैं। इनके साथ कुछ महिलाएं भी होती हैं हालाकि बाल श्रम विभाग इस ओर से जान बूझकर अनजान बना हुआ है। बाजार, चौक-चौराहों सहित बस स्टैंडों पर से भीख मांगते हैं। इनके साथ महिलाएं भी होती है। कुछ महिलाएं बच्चों को गोद में लेकर भीख मांगती हैं। जो बच्चों के उपचार, भूख का वास्ता देकर भीख मांगते हैं। पुलिस प्रशासन भी जान बूझ कर इस संबंध में अनजान बना हुआ है। शहर निवासी शंकर, मनोज कुमार, राहुल सिंह, मंगल राम, राम स्वरूप आदि का कहना है कि यह बह्लो दुकानों, बाजार, चौक, बस स्टैंड पर आसानी से देखे जा सकते हैं। जबकि बाल श्रम विभाग के अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी सब कुछ देख और जानकर भी अंजान बने हुए हैं।

### प्रतिबंधित पटाखों को खुलेआम बेचने व चलाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, एसडीएम

उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। उपमंडल अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 202 की धारा 16 व विस्फोटक अधिनियम के तहत जिला प्रशासन की तरफ से आदेश पारित है कि क्षेत्र में किसी प्रकार के पटाखों को छोडना व बेचने पर प्रतिबंध है। उन्होंने बताया कि यह आदेश जनहित में पटाखों के प्रयोग से जन जीवन के स्वास्थ्य को बचाने व पर्यावरण को गंभरी खतरे को रोकने, आगजनी, ध्वनि प्रदूषण व वायु प्रदूषण जैसी समस्याओं से बचने के उद्देश्य से जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि पटाखों का प्रभाव बह्लों, बुजुर्गों व बीमार लोगों पर अत्याधिक पडता है। इसलिए सभी की सुरक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंधित पटाखों को खुलेआम बेचने व चलाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### उपमंडल के गांव चीला की पहाडी में गौकशी करने वाले लोगों पर मामला दर्ज

उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। उपमंडल के गांव चीला में गौकसी कर रहे 6 लोगों पर पुलिस ने गौरक्षक दल के सदस्य की शिकायत पर गौवध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को सूचना मिली कि आसिफ , मकसूद उर्फ मोटा, सहीद, नदीम, आबिद, आकूब, निवासीयान गांव चीला गौकसी का धंधा करते हैं। जो बुधवार को सूचना मिली कि उक्त एक गाय को गोकशी करने के लिए गांव चीला जंगल में लेकर जा रहे है। पुलिस गोरक्षा दल टीम के साथ वहां पहुंची तो देखा कि आकूब अपने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर गाय के पैरो को काट रहा था व आशिफ, मकसूद, महीद, नदीम गाय के टुकड़े टुकड़े कर रहे थे और आबिद तराजू से गाय मांस को तोल रहा था। उक्त लोग पुलिस को देखकर अंधेरा का फायदा उठाकर जंगल में भाग गए। पुलिस ने गौरक्षक दल के रोहित बादल की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ गौवध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मिट्टी के दीपक की जगह ली चाईनीज सामान ने, कुमहार वर्ग परेशान

उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। शहर व क्षेत्र के बाजारों में फिर चाइनीज बल्बों वाली लडियां व अन्य इलक्ट्रोनिक सामान के आ जाने से मिट्टी के दीपक बनाकर अपना गुजर-बसर करने वालों कुम्हारों को संकटों से जुझना पड रहा है। एक समय वह था जब लोग मिट्टी के दीपकों से अपने घरों को रोशन करते थे। अब जैसे-जैसे आधुनिकता ने पैर पसारे तो लोगों का दूसरे घरेलू उत्पदों की तरह मिट्टी के दीपकों से मोह भंग हो गया और चाइनीज उत्पादकों ने इसकी जगह ले ली।

क्षेत्र के सतबीर, विजयपाल, विनोद कुमार, सुरेश कुमार, मदनलाल, सतीश कुमार, किशनलाल, बाबूलाल, सतपाल, बबली, राजू, गुरदयाल आदि ने बताया कि मिट्टी के दीपक व अन्य उत्पाद बनाना पहले की तरह इतना आसान नहीं रहा है।

# वाई पूरण मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को मिले सख्त सजा : नरेश

## कर्मचारियों ने वाई पूर्ण कुमार व संदीप लाठर के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की




उत्तम भारत, फरीदाबाद (नवीन शाह)। आईपीएस अधिकारी वाई पूर्ण कुमार के साथ जातीय भेदभाव के खिलाफ व संस्थागत हत्या की निष्पक्ष जांच, व माननीय मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर जूता उछालने वाले वकील के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा संदीप लाठर ए एस आई की मौत की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर आज नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियो एवं दलित संगठनों के दर्जनों कार्यकर्ता नेताओं ने निगम मुख्यालय पर एक विरोध सभा का आयोजन किया ।

सभा की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला प्रधान दिलीप सिंह बहोत ने की तथा मंच का संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के नेता वीरेंद्र भंडारी ने किया। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के आह्वान पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं। आज के प्रदर्शन एवं विरोध सभा में मुख्य रूप से नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, जिला सचिव अनिल चण्डाल, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगोहर, एन आई टी नंबर 5 जी ब्लॉक वाल्मीकि मंदिर के प्रधान राजेंद्र चांडाल, वाल्मीकि अखाड़ा आदर्श कॉलोनी के प्रधान राजकुमार वाल्मीकि, संघर्षील दलित नेता एवं बाटा यूनियन के पूर्व नेता सुखचैन तंवर, सीवरमैन यूनियन के नेता अनूप वाल्मीकि, वाटर सप्लाई यूनियन के नेता देवी चरण शर्मा, ड्राइवर यूनियन के नेता परसराम अधना, बेलदार यूनियन के नेता शहाबुद्दीन, तथा महिला नेता सुरेश देवी व ललिता देवी भी मुख्य रूप से उपस्थिति रही। विरोध सभा को बाद नगर निगम मुख्यालय से नीलम चौक तक जोरदार प्रदर्शन भी किया गया। जिला प्रशासन की ओर से बडखल एसडीम त्रलोक चन्द बीके चौक पर ज्ञापन लेने पहुंचे ज्ञापन देते हुए प्रतिनिधि मंडल ने सरकार से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। विरोध सभा को संबोधित करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि आईपीएस अधिकारी के अपने अंतिम नोट सहित रिपोर्टों, जातिगत पूर्वाग्रहो में निहित उत्पीडन अपमान और भेदभाव के एक पैटर्न की और इशारा करती हैं। ऐसा कृत्य कोई अकेली त्रासदी नहीं है, बल्कि उन संरचनात्मक असमानताओं का प्रतिबिंब है, जो हास्य पर पड़े समुदायो के सदस्यों को यहां तक की लोक सेवा के सर्वोच्च पदों पर होते हुए भी उन्हें खतरे में डालती रहती है। इसी तरह के पूर्वग्रहो का एक परिणाम हाल ही में तब देखने को मिला जब सर्वोच्च न्यायालय में बैठे भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर जूता फेंका गया। सभी सफाई कर्मचारी एवं दलित संगठनों द्वारा वाई पूरण कुमार व संदीप लाठर के शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए सत्य और न्याय की जांच में उनके साथ पूरी एकजुट प्रकट करने का ऐलान भी किया । उन्होंने कहा कि हम संयुक्त रूप से मांग करते हैं, की सरकार इस घटनाक्रम पर गंभीरता से संज्ञान लेकर अधिकारी एवं पुलिसकर्मी की मृत्यु के कारणों की न्यायिक जांच करवाई और दोषियों को किसी भी हाल में बक्सा ना जाए। आज के प्रदर्शन को अन्य के अलावा कुर्मी नेता श्रीनन्द ढाकोलिया, रामरतन कर्दम, धर्म सिंह मुला, सुदेश कुमार, देवकीनंदन, प्रेमपाल, नरेश भगवान, बल्लू चंडालिया आदि ने भाग लिया ।

## अत्याचार के खिलाफ बुधवार को बहुजन समाज रोष प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा




उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। क्षेत्र के दलित समाज पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बुधवार को बहुजन समाज रोष प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस दौरान लोगों में भारी रोष दिखाई दिया। ज्ञापन में दशार्या गया कि सीजेआई जीवीएआई पर जूते फेंकने की नीच हरकत की गई। एडीजीपी पूरण कुमार को जातिगत भेदभाव के आधार पर प्रताडित करके आत्महत्या करने पर मजबूर किया गया। रायबरेली में हरिओम वाल्मीकि के साथ हुए जातिगत भेदभाव के कारण निर्मम हत्या कर दी गई। अनिल मिश्रा द्वारा संविधान निमार्ता बाबा अम्बेडकर के लिए अभद्र टिप्पणी का प्रयोग किया गया। जिसको लेकर बुधवार को बहुजन समाज ने रोष प्रदर्शन किया। जिसमे समाज के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पुन्हाना सीआईए मुठभेड़ के बाद कुख्यात अपराधी आबिद पुत्र खुस्सी उर्फ.खुर्शीद निवासी बिछौर सहित एक अन्य गिरफ्तार



उत्तम भारत संवाददाता, नूंह। नूंह जिले में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत निरीक्षक संदीप मोर के नेतृत्व में सीआईए स्टाफ पुन्हाना टीम को देर रात बड़ी सफलता मिली है । मंगलवार-बुधवार की रात बिछौरझईन्दाना रोड पर हुई पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात वांछित अपराधी आबिद पुत्र खुर्शीद निवासी बिछौर को उसके साथी जाहिद हुसैन पुत्र सहीद निवासी खैचतांन थाना शहर पुन्हाना सहित गिरफ्तार कर लिया गया है । मुठभेड़ में आबिद के सीधे पैर में गोली लगी, जिसे पुलिस टीम ने तुरंत अस्पताल पहुंचाकर इलाज के लिए भर्ती कराया। जितेंद्र कुमार, उप-पुलिस अधीक्षक पुन्हाना ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि पुन्हाना सीआईए इंस्पेक्टर संदीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम ईन्दाना रोड पर गश्त में थी । इस दौरान सूचना मिली की एक मामले में वांछित अपराधी आबिद अपने साथी जाहिद हुसैन के साथ मोटरसाइकिल पर गौ-तस्करी के इरादे से इलाका पार करने वाला है । सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नाकेबंदी की । करीब 10 मिनट बाद एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल नाकेबंदी से पहले ही वापस मुड़कर भागने लगी । पुलिस टीम ने पीछा कर मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया । इसी दौरान बाइक गिर गई । खुद को घिरा देखकर आबिद ने अपने पास मौजूद अवैध हथियार से पुलिस पर फायरिंग कर दी । उसकी गोली एएसआई सूरज की बुलेटप्रूफ जैकेट पर सीधी लगी । आत्मरक्षा में इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने जवाबी फायर किया, जिसमें गोली आबिद के दाहिने पैर में लगी और वह गिर पड़ा। उसके साथी जाहिद हुसैन को पुलिस टीम ने पीछा कर दबोच लिया । गिरफ्तारी के बाद दोनों से पूछताछ करने पर उनकी पहचान की पुष्टि हुई और मौके से मोटरसाइकिल एवं आबिद से एक अवैध देसी पिस्तौल व एक खाली खोल और जाहिद हुसैन से दो जिंदा कारतूस बरामद किये । आरोपी आबिद घायल हालत में था, इसलिए मानवता को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम ने उसे तुरंत सीएचसी पुन्हाना भिजवाया, जहां से उसे आगे इलाज के लिए शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ नूंह रेफर किया गया।

## फरीदाबाद में ड्राइवर ने ट्रक के केबिन में लगाई फांसी



उत्तम भारत, फरीदाबाद। सेक्टर-58 थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में मंगलवार देर रात एक ट्रक ड्राइवर ने अपने ही ट्रक के केबिन में मोबाइल की डेटा केबल से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले निवासी 35 वर्षीय कुसबीर के रूप में हुई है। घटना की सूचना बुधवार सुबह मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, मृतक कुसबीर लंबे समय से फरीदाबाद में ट्रक ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। वह निजी कंपनियों के लिए कार्य करता था और अक्सर ट्रांसपोर्ट नगर में ही अपने ट्रक के साथ रहता था। मंगलवार रात करीब 9 बजे कुसबीर की मुलाकात उसके साथी ड्राइवरों से हुई थी। बातचीत के दौरान उसने कहा कि वह शराब पीने जा रहा है। रात करीब 11 बजे उसने शराब पी भी ली थी और फिर अपने ट्रक की ओर लौट गया। बुधवार सुबह जब उसके साथी ड्राइवर सोनू सिंह और अन्य ड्राइवरों ने ट्रक की ओर देखा, तो पाया कि कुसबीर ट्रक के केबिन में लटका हुआ था। केबिन का दरवाजा अंदर से बंद था। ड्राइवरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सेक्टर-58 थाना पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में केबिन का दरवाजा खुलवाया और शव को बाहर निकलवाया। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे कंट्रोल रूम के माध्यम से उन्हें सूचना मिली थी कि ट्रांसपोर्ट नगर में एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है, और उनके आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कुसबीर ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया। प्राथमिक जांच में किसी तरह की बाहरी चोट या झगड़े के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# खेड़ी कला पीएचसी में सिजेरियन डिलीवरी शुरू, गर्भवती महिलाओं को मिलेगी सुविधा




उत्तम भारत, फरीदाबाद (दीपक जैन)। जिले की गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक नई पहल की शुरूआत की है, अब फरीदाबाद के पब्लिक हेल्थ सेंटर में भी सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा शुरू कर दी गई है। जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहूजा ने बताया कि पहले पीएचसी केंद्रों पर केवल सामान्य डिलीवरी होती थी, लेकिन अब यहां सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा भी शुरू कर दी गई है।

डॉ. जयंत आहूजा ने कहा कि पहले जब किसी गर्भवती महिला को सिजेरियन की आवश्यकता होती थी, तो उसे पीएचसी से सिविल अस्पताल रेफर किया जाता था। जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब यह दिक्कत खत्म हो जाएगी, क्योंकि यह सुविधा अब उनके घर के नजदीक ही मिल सकेगी। सिविल सर्जन ने बताया कि पहले चरण में खेड़ी कला, सेक्टर-55 और सिकरी स्थित पीएचसी केंद्र पर यह सुविधा शुरू की गई है। इन केंद्रों पर 24 घंटे सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आने वाले समय में जिले के अन्य पब्लिक हेल्थ सेंटरों में भी सुविधा को शुरू करने की जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित मातृत्व सेवाएं उनके घर के पास ही उपलब्ध कराना है। इन पीएचसी केंद्रों पर अनुभवी डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्टाफ की मौजूदगी में डिलीवरी करवाई जाएगी, जिससे मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। अब गर्भवती महिलाओं को सिजेरियन डिलीवरी के लिए सिविल अस्पताल या बड़े निजी अस्पतालों में दूर तक नहीं जाना पड़ेगा। वे अपने नजदीकी पब्लिक हेल्थ सेंटर पर जाकर यह सुविधा प्राप्त कर सकती हैं। सिविल सर्जन ने महिलाओं से अपील की है कि वे इन सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का पूरा लाभ उठाएं।

## राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नूंह-1 में मेगा जागरुकता सह सेवा शिविर का आयोजन आज



उत्तम भारत संवाददाता, अनिल मोहनियां नूंह। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नेहा गुप्ता ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से गुरुवार को प्रातः 9:30 बजे राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह-1 में मेगा जागरुकता सह सेवा कैंप आयोजित किया जाएगा। इस कैंप में आमजन, वरिष्ठ नागरिक, विद्यार्थी आदि सभी भाग ले सकते हैं। इस कैंप का उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं, विधिक अधिकारों एवं नागरिक कल्याण से जुड़ी सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। सीजेएम नेहा गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर संबंधित विभागों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों, योजनाओं व सहायता सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्यायिक जागरुकता और सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम की सफलता व अधिकतम जन जागरुकता सुनिश्चित करने के लिए लोगों तक सूचना पहुंचाई जा रही है।

## सड़क सुरक्षा मुहीम अंतर्गत पुलिस विभाग लगातार पढा रहा है विधार्थियों को यातायात नियमों का पाठ



उत्तम भारत संवाददाता, नूंह। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात एवं हाईवे (हरियाणा) करनाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला में सडक्क सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक नूंह राजेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में स्कूल स्तरीय सडक्क सुरक्षा प्रतियोगिता करवाई गई। इस परीक्षा को लेकर अजायब सिंह,डीएसपी फिरोजपुर झिरका एवं थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक सुखबीर द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर सभी तैयारियां की गई थी। इस दौरान करीब 2,95,413 विद्यार्थियों को यातायात नियमों बारे जागरूक भी किया गया । जानकारी देते हुए अजायब सिंह,डीएसपी फिरोजपुर झिरका ने बताया कि आज 15 अक्तूबर को हुई परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग के साथ मिलकर एक प्लान तैयार किया गया था। उन्होंने बताया कि जिला के मदरसा, राजकीय/ प्राइवेट स्कूल एवम आईटीआई/कॉलेज सहित 1120 शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे 2 लाख 95 हजार 413 विधार्थी इस परीक्षा में बैठे। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा का मतलब हर बच्चे को शिक्षा के साथ-साथ यातायात नियमों की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रारम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना ही परीक्षा का मकसद है क्योंकि बचपन से सीखा हुआ सबक जिन्दगी भर याद रहता है। इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

# तावडू में व्यक्ति ने लगाए नामजद 12 व अन्य 10 लोगों पर विभिन्न आरोप, मामला दर्ज

● पुलिस ने अदालत के आदेश पर नामजद व अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी

उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। उपमंडल के गांव छारौडा निवासी एक व्यक्ति ने अपने ही गांव के 12 नामजद व 10 अन्य लोगों पर विभिन्न आरोप लगाए हैं। पुलिस ने अदालत के आदेश पर नामजद व अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

नूंह अदालत की जज छवि गोयल ने गांव छारौडा निवासी असरू की शिकायत पर जुबैर, उन्नस, नाजिम, जुनैद, उम्मर, राजा, अजक, नासर, आगिर, बिलाल, असगर, मिर्जानिवासीयान गांव छारोडा व 9-10 अन्य आरोपियों पर इस्तगासे में दशार्या कि वह गांव छारौडा में आकर बसा हुआ है और वह जेरोली का रहने वाला है। जो उक्त गांव छारोडा के पुराने बाशिंदे है। जो गांव में आरोपीयान का काफी बडा परिवार है। वह गरीब आदमी है और रिश्तेदारी में आकर बसा है। गत 29 अगस्त को सांय साढे 6 बजे वह मस्जिद से नमाज पढकर अपने सर्विस स्टेशन नूह-तावडू रोड सीलखों के अड्डे के नजदीक भारत पैट्रोल पम्प के सामने सीलखो की तरफ पैदल जा रहा था। रास्ते में उक्त से हन्नू के साथ झगड़ा हो रहा था, जो आपस में लड़ रहे थे। उसने कहा कि झगडा मत करो लडाई झगडा अच्छी बात नहीं है। इसी बात पर जुबेर तैश में आ गया और उसके साथ गाली गलौच करने लगा और कहा कि पहले तुझे ही जान से मार देते हैं। जुबैर के इतना कहते ही उक्त ने उस पर हमला कर दिया। जुबैर ने हाथ में लिया हुआ फरसा उसके सिर की तरफ चलाया जो उसके कान के पास लगा। असगर ने अपने हाथ में ली हुई लाठी उसकी पसलियों में मारी। उन्नस ने अपने हाथ में ली हुई लाठी हाथ में मारी। उक्त ने उसे पीटकर अधमरा कर दिया। उसके शौर मचाने पर ग्रामीण आ गए और उसे तावडू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज नल्हड के लिए रेफर कर दिया। वहां से डाक्टरों ने उसकी नाजुक हालत देख उसे पीजीआई रोहतक के लिए रैफर कर दिया। पुलिस ने अदालत के आदेश पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# फूड पाइप के कैंसर की रोकथाम के लिए हाईब्रिड 'एपीसी- प्रक्रिया कारगर : डा. बालकिशन गुप्ता

● यथार्थ हॉस्पिटल ने की जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रक्रिया की सांझा




उत्तम भारत, फरीदाबाद। जीआई (गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल) रोगों से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और समय पर इलाज की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फरीदाबाद के डॉक्टरों ने एक जन-जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फरीदाबाद के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं हेपेटोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. ध्रुव कांत मिश्रा और सर्जिकल डिसिप्लिन्स विभाग के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. बालकिशन गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उन दो मरीजों को भी शामिल किया गया जिन्हें हाल ही में जटिल प्रक्रियाओं द्वारा सफलतापूर्वक उपचार दिया गया था। फरीदाबाद में पहली बार सफलतापूर्वक की गई हाइब्रिड ह्यएसीपीइ प्रक्रिया के बारे में जानकारी साझा करते हुए, यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फरीदाबाद के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं हेपेटोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. ध्रुव कांत मिश्रा ने बताया, 70 वर्षीय पुरुष मरीज लंबे समय से एसिड रिफ्लक्स की समस्या से पीड़ित थे। जांच में उन्हें बैरेट्स इसोफेगस विद लो-ग्रेड डिसप्लेसिया पाया गया, जो फूड पाइप का एक प्री-कैंसरस स्टेज होता है और यदि समय पर इलाज न मिले तो यह कैंसर में बदल सकता है। अब तक ऐसे मामलों का उपचार पारंपरिक रूप से लम्बी और दर्दनाक प्रक्रिया के जरिए किया जाता था, जिनकी सफलता दर सीमित थी। सावधानीपूर्वक मूल्यांकन और मल्टीडिसिप्लिनरी चर्चा के बाद, हमने हाइब्रिड एपीसी विद एसेटिक एसिड क्रोमोएंडोस्कोपी नामक एक अत्याधुनिक मिनिमली इनवेसिव एंडोस्कोपिक प्रक्रिया का चयन किया — जो इस क्षेत्र में पहली बार की गई।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 10/15/2025 8:33 PM Page 1



## वीरपुर चौकी का एसएसपी ने किया उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता, भगतपुर।** भगतपुर थाने कि दो चौकी करेंगी दो राज्यों की निगरानी , वीरपुर चौकी का एसएसपी ने किया उद्घाटन, एसएसपी सतपाल अंतिल ने बुधवार को भगतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी वीरपुर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ एसपी देहात व क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा भी मौजूद रहे। भगतपुर थाना क्षेत्र में उत्तराखंड की सीमा पर ग्राम वीरपुर में पुलिस चौकी का काफी दिनों से निर्माण कार्य चल रहा था जिसके अंतर्गत बुधवार को अधिकारियों ने चौकी का उद्घाटन किया। उत्तराखंड की सीमा पर पहले से ही नेपा पुलिस चौकी बनी हुई है अब दूसरे क्षेत्र में उत्तराखंड की सीमा पर वीरपुर चौकी का निर्माण किया गया है जिसके चलते अब भगतपुर क्षेत्र में उत्तराखंड सीमा पर दो चौकी हो गई हैं। मिशन शक्ति फेस - 5 के तहत महिला सशक्तिकरण की भावना को बल देने के लिए छात्राओं से फीता कटवाया गया। बुधवार की शाम को चौकी के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे एसएसपी सतपाल अंतिल व एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, सीओ ठाकुरद्वारा आशीष प्रताप सिंह, थाना प्रभारी भगतपुर रविंद्र प्रताप सिंह आदि ने क्षेत्रवासियों को संबोधित किया। अधिकारियों ने कहा कि लोगों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिहाज से चौकी का निर्माण कराया गया। थाना चौकीदारों को टॉर्च और लाठी वितरण की गई। इस दौरान पूर्व प्रधान धर्मेंद्र सिंह, प्रधान साजिद अली, पूर्व प्रधान सरवर हुसैन, पूर्व प्रधान नेपाल सिंह, जैनुल अली, ओमकार प्रधान, रामसिंह पधान, शदीक प्रधान, बल्बन्त सिंह सही बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित मौजूद रहे। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।



## संसदीय अध्ययन समिति ने अधिकारियों के साथ की बैठक

● जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर कार्यवाही की स्थिति को लेकर की समीक्षा।



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सभापति किरणपाल कश्यप, सदस्य बहोरन लाल मौर्य, सदस्य हंसराज विश्वकर्मा द्वारा सर्किट हाउस सभागार में बुधवार को जिले के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में वर्तमान सरकार के गठन के पश्चात विभिन्न विभागीय कार्यालयों को सांसद और विधान मंडल के सदस्यों द्वारा भेज गए पत्रों पर अधिकारियों के स्तर से की गई कार्यवाही की स्थिति के बारे में विस्तृत समीक्षा की गई।

सभापति ने नगर निगम मुरादाबाद, समस्त नगर पालिका और नगर पंचायतों के साथ-साथ पंचायती राज विभाग, लोक निर्माण विभाग, नलकूप, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, राजस्व, पशुपालन, गन्ना, बेसिक शिक्षा, वन, भू तत्व एवं खनिकर्म, पर्यटन और मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से जन प्रतिनिधियों के स्तर से भेजे गए विभिन्न प्रकार के पत्रों के सापेक्ष की गई कार्रवाई के बारे में विस्तृत जानकारी ली तथा जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सांसद और विधायक गणों द्वारा भेजे गए पत्रों के सापेक्ष कार्यवाही करने के उपरांत संबंधित जनप्रतिनिधि को कृत कार्रवाई अथवा यथा स्थिति से अवश्य अवगत कराएं। कार्यालयों में अभिलेखों का रखरखाव बेहतर तरीके से होना चाहिए तथा अभिलेखीय दुरुस्तीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। नलकूप विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि किसानों को सिंचाई के लिए समय पर पानी की उपलब्धता हो इसके लिए सरकार काफी संवेदनशील है इसलिए यदि जनप्रतिनिधियों द्वारा किसानों की सिंचाई, खाद, बीज या अन्य कृषि से जुड़ी समस्याओं के संबंध में कोई पत्राचार किया जाता है तो संबंधित अधिकारी द्वारा गंभीरता पूर्वक कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस विभाग के कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों के स्तर से प्राप्त पत्रों की समीक्षा के दौरान सभापति ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कहा कि साइबर क्राइम और ऑनलाइन सट्टा जैसे अपराधिक कृत्यों पर प्रभावी रोकथाम के लिए भी स्थानीय स्तर से जरूरी कदम उठाए जाएं, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपद में साइबर अपराध एवं अन्य ऑनलाइन माध्यमों से होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराधों पर कड़ी निगरानी रखने एवं कार्यवाही की स्थिति के बारे में सभापति को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान सभापति ने जिलाधिकारी अनुज सिंह से कहा कि पारिवारिक लाभ योजना प्रभावित परिवार को त्वरित रूप से आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा संचालित है इसलिए समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से जनपद में संचालित गौशालाओं की स्थिति और इन गौशालाओं में हरा चारा और भूसे की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि आवारा पशुओं को संरक्षित करने के लिए भी नियमानुसार जरूरी कदम उठाए जाएं। जनपद में चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों के मूल्य भुगतान की स्थिति के बारे में भी उन्होंने जानकारी प्राप्त की तथा जिलाधिकारी से कहा कि जिन चीनी मिलों द्वारा मूल्य भुगतान में लापरवाही बरती जा रही है उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए मा. मुख्यमंत्री जी के निर्देश हैं इसलिए किसानों का समय पर मूल्य भुगतान न करने वाली चीनी मिलों को तत्काल भुगतान के लिए निर्देशित कर दें।

## नो अक्टूबर को लखनऊ मे बहन जी की रैली को देख अन्य दलों के उड़े होस



**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** पूर्व सांसद ग्रीस चंद जाटव द्वारा बुद्धि विहार स्थित अपने निजी कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस वैठक का अयोजन किया गया! वैठक मे बसपा मुख्य रूप से डॉ रणविजय सिंह एडवोकेट रहे! प्रेस वार्ता में वेस्ट यूपी प्रभारी एवं नगीना के पूर्व सांसद गिरीश चंद्र ने कहा कि नो अक्टूबर को बसपा पार्टी की लखनऊ रैली में उमड़ी भीड़ ने विपक्षी दलों में खलबली मचा दी है।2027 में उत्तर प्रदेश में फिर से बसपा की सरकार बनेगी साथ ही बहन जी मुख्यमंत्री बनेंगी। इस महारैली को देखकर सभी विपक्षी दलों में हाहाकार मचा हुआ है! बसपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी तरह पार्टी को समर्पित है। मुरादाबाद 9 अक्टूबर को भारी तादात में लखनऊ पहुंचे कार्यकताओं का उन्होंने धन्यवाद दिया। कहा सभी विधानसभाओं के कार्यकताओं ने अपनी कड़ी मेहनत के साथ लखनऊ रैली को सफल बनाया! बसपा कार्यकताओं ने भीड़ के मामले में इतिहास रच दिया। उन्होंने लंबे समय तक बसपा में रहे! पूर्व राज्यसभा सांसद वीर सिंह को भी निशाना साधा। ओर कहा की बहुजन समाज उनके विश्वासघात को कभी माफ नहीं करेगा। पूर्व सांसद ने कहा कि हाल में उन्होंने जो पार्टी के नेताओं के प्रति बयान दिया है वह सभी कार्यकताओं के लिए निंदनीय है। बहुजन समाज पार्टी इस तरह के गद्दार नेताओं को कभी माफ नही करेगी! प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता इस प्रकार डॉ रणविजय सिंह एडवोकेट मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल अरुण कुमार उर्फ रिंटू, गजेंद्र सिंह, अमर सिंह, एडवोकेट निर्मल सिंह सागर जिला अध्यक्ष, बसपा मुरादाबाद, एडवोकेट सुनील कुमार आजाद, जिला प्रभारी, एडवोकेट शिव शंकर सागर, चंद्रपाल सैनी जिला संयोजक भाईचारा मुरादाबाद, वेद प्रकाश उर्फ मोनू भैया, सुरेश चंद दिवाकर, जितेंद्र कुमार जाटव आदि बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बेटे की तरह बेटियों को भी समान शिक्षा और समान अवसर दिया जाए: तनीषा दिवाकर



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** मिशन शक्ति फेस-5.0 जागरूकता अभियान के अंतर्गत पार्टनर फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन एंड चिल्ड्रन थीम पर मानसरोवर एकेडमी कैच की पुलिया अगवानपुर मुरादाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर तनीषा दिवाकर, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता ने बताया कि लड़के और लड़कियां एक समान है, परन्तु व्यवहारिक रूप से कुछ लोग इसे अपने पर लागू नही करते है। बचपन से ही उनके साथ भेदभाव शुरू हो जाता है। बेटा- बेटी का फर्क मिटाने के बाद ही सही मायने में नारी सशक्तिकरण की अवधारणा चरितार्थ होगी। आज बेटियां हर क्षेत्र में बेटों से आगे है। बेटे की तरह बेटियों को भी समान शिक्षा और समान अवसर दिया जाए, तो बेटियां सफलता का परचम लहरा सकती हैं। समाज में भेदभाव करने वाले लोगों को अपनी रूढ़िवादी सोच बदलनी होगी। वन स्टॉप सेंटर केस वर्कर युक्ति पांडे और विधिक सेवा प्राधिकरण से नीतू सक्सेना ने आयोजित स्वावलंबन कैंप के माध्यम से विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं एवं अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में बालक एवं बालिकाओं को जागरूक किया। साथ ही मिशन शक्ति के पंपलेट का वितरण कर प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098 तथा समस्त टोल फ्री नंबर 181, 112, 1076, 1090 आदि की भी जानकारी दी गई।

## दयानंद कल्चरल क्लब व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन..



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** दयानंद डिग्री कॉलेज के तत्वावधान मे महाविद्यालय की छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने हेतु शारदीय महोत्सव का आयोजन किया गया। शारदीय नवरात्रि को धर्म की अधर्म पर और सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक माना जाता हैद्य महोत्सव जीवन की बुराइयों और राक्षसी प्रवृत्तियों के दमन का प्रतीक है, और इसका उद्देश्य व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शुद्धि की ओर प्रेरित करना है। यह पर्व नारी के महत्व, संस्कृति, और सदाचार को बढ़ावा देता है, तथा जीवन में सफलता के लिए प्रेरणा देता है। हमारे भीतर नई ऊर्जा, नई शक्ति के साथ उमंग का संचार करती है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य,गायन, वादन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण करके किया गया। इसके पश्चात सभी विद्वत जनों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ अंजलि उपाध्याय एवं संचालन महाविद्यालय की छात्रा कुमारी काशी तथा प्राची के द्वारा किया गया। इसके साथ ही इस कार्यक्रम की निर्णायक मंडली में महाविद्यालय की प्रो. कंचन सिंह, तथा श्रीमती अनीता फर्सवान उपस्थित रहीं। इसके साथ ही विषय विशेषज्ञ के रूप में श्रीमती सुरप्रीत सिंह उपस्थित रहीं। गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आश्का ( बीएसी प्रथम सेम)द्वितीय स्थान पर काशी तथा तृतीय स्थान पर सयुंक्त रूप से गुरमीत कौर ( बीएड प्रथम सेम) तथा मंजू तथा सांत्वना पुरस्कार कुमारी उषा को दिया गया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से वर्षा तथा नम्रा,द्वितीय स्थान पर खुशी गुप्ता तथा खुशी दयाल तथा तृतीय स्थान पर सयुंक्त रूप से सृष्टि यादव, पलक ठाकुर रही तथा सांत्वना स्थान पूजा तथा वैष्णवी को दिया गया। वादन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मनस्वी रहीं द्य कार्यक्रम के सफल आयोजन, समिति की मेंटोर प्रो. सुजाता कुमारी, प्रो. अर्चना राठौर, प्रो. ऋतु दीक्षित के मार्गदर्शन में समिति की सदस्याओं प्रो. संतोष सिंह, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. श्रुति जायसवाल, डॉ. नेमिका, श्रीमती स्नेहा कुमारी, डॉ अभिलाषा वाजपेयी, डॉ. कंचन सिंह के द्वारा विशेष योगदान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त सम्मानित प्रवक्ताएं उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में छात्राओं की बढ़-चढ़कर सहभागिता रहीं।

## डॉ अम्बेडकर के खिलाफ अमर्यादित भाषा बोलने के विरुद्ध देशद्रोही का मुकदमा की मांग



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** बुधवार को डॉ अम्बेडकर पार्क, सिविल लाइन मुरादाबाद में समस्त शोषित वंचित समाज के संगठनों ने संगठित होकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को सम्बोधित दिया गया जिसमें अज्ञानी वकील अनिल मिश्रा द्वारा बोद्धिसत्व डॉ अम्बेडकर के खिलाफ अमर्यादित भाषा बोलने के विरुद्ध देशद्रोही का मुकदमा चलाने, सीजेआई आरएस गवई पर अभद्र व्यवहार करने के खिलाफ वकील पर दंडात्मक कार्यवाही करने, हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या करने वालों को मृत्यु दण्ड देने एवं पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता एवं परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की गई । आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार को प्रताड़ित करने तथा उनको आत्म हत्या करने के लिए विवश करने वालों के खिलाफ मृत्यु दण्ड जैसी कार्यवाही करने, आज चौनल की एंकर अंजना ओम कश्यप द्वारा महर्षि बाल्मीकि के बारे में गलत टिप्पणी करने के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने तथा विज्ञानिक एवं पर्यावरण विद सोनम वांगचुक को शीघ्र रिहा करने की मांग की गई है। अखिल भारतीय अंबेडकर संघ के अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य ने कहा है कि इस प्रकार की घटनाओं से देश कमजोर होगा इसलिए दोषियों पर सख्त कार्रवाई किया जाना नितांत आवश्यक है यदि यह घटनाएं नहीं रुकी तो भविष्य में जल्द भारत बैंड का आवाहन किया जाएगा जिसकी जिम्मेवारी शासन प्रशासन की होगी आंदोलन में चंदन सिंह रविदास महावीर प्रसाद मौर्य लाला बाबू द्रविड़ संजीव वाल्मीकि दिनेश पासी अभिषेक रत्नाकर विमल कुमार धीर गजेंद्र कुमार सिंह सुरेश पाल सिंह जयराम सिंह मेघराज सिंह चेतन पाल सिंह एडवोकेट अनीता सिंह आरपी सिंह नारायण सिंह दौलत सिंह परमाल सिंह प्रेम सिंह हर स्वरूप सिंह आदि सैकड़ो की संख्या में आंदोलनकारी उपस्थित रहे ।

## रामलीला देखने आए युवकों ने डॉक्टर पर किया जानलेवा हमला, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** रामलीला मंचन के दौरान एक शांतिपूर्वक रामलीला देखने की सलाह देना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। तीन युवकों ने उस पर अवैध तमंचे से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टाण्डा अफजल निवासी सुशील कुमार पुत्र कृपाल सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि दिनांक 4 अक्टूबर 2025 की रात उनके ग्राम में रामलीला मंचन हो रहा था। इसी दौरान पड़ोसी ग्राम खैरुल्लापुर निवासी रचित कुमार पुत्र गजराम सिंह, मनीष पुत्र शंकर सिंह, और विवेक कुमार पुत्र राकेश सिंह निवासी टाण्डा आलम रामलीला देखने पहुंचे थे।सुशील कुमार के अनुसार, जब उन्होंने तीनों को शांतिपूर्वक रामलीला देखने के लिए कहा, तो वे भड़क गए और अवैध तमंचे से जानलेवा हमला करने लगे। इसके बाद तीनों आरोपी उसके क्लीनिक पर पहुंचकर गाली-गलौच करने लगे और फिर देखने की धमकी देकर फरार हो गए।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीनों युवकों के खिलाफ धमकी, मारपीट और शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।



## भारतीय युवा कांग्रेसस ने युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर आनन्दु अजी को न्याय दिलाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा ।** केरल के रहने वाले युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर आनन्दु अजी की आत्महत्या के मामले में न्याय दिलाने की मांग को लेकर भारतीय युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने बुधवार को राष्ट्रपति सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। नगर में यूथ कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष दानिश सैफी नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि आनन्दु अजी को आरएसएस से जुड़े लोगों द्वारा शोषण व मानसिक उत्पीड़न का शिकार बनाया गया, जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाया। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। यह मामला केवल एक युवा की असमय मृत्यु नहीं, बल्कि समाज में बढ़ती अमानवीयता और असहिष्णुता की दुखद मिसाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा और संस्कार का पाठ पढ़ाने वाले संगठन आज नफरत और हिंसा फैलाने में जुटे हैं। आनन्दु अजी प्रकरण की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए। दोषी आरएसएस पदाधिकारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता व सरकारी संरक्षण प्रदान किया जाए। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आरएसएस की शाखाओं पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है। इस दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने घटना की तीव्र निंदा करते हुए कहा कि वे तब तक आंदोलन जारी रखेंगे जब तक आनन्दु अजी को न्याय नहीं मिलता। इस दौरान नगराध्यक्ष लारेब मंसूरी, संजीव सिंघल, डॉ हनीफ ,हाजी याकूब कुरैशी, सादिक सिद्दीकी, इस्लाम सलमानी,सलमान अल्वी, जुबैर आलम नईम मंसूरी, अनुज वाल्मीकि सहित अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## सीएचसी कांठ में आज तक एक्स-रे मशीन और अल्ट्रासाउंड मशीन

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में आज तक एक्स-रे मशीन और अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित नहीं की गई है, जिसके कारण चिकित्सा और मरीज सभी परेशान रहते हैं। क्षेत्रवासी हरपाल सिंह, सतबीर सिंह, राम सिंह, रतन सिंह, राकेश कुमार आदि ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में एक-रे मशीन व अल्ट्रासाउंड की मशीन लगवाने की मांग जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से करते हुए अवगत कराया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ की स्थापना कई वर्ष पहले हुई है जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्टार की सुविधाएं जैसे एक्स्ट्रा मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन, ब्लड बैंक सभी की स्थापना होनी चाहिए। वह आज तक नहीं हो पाई है। इससे पहले भी लोगों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रार्थना पत्र देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में इन मशीनों के उपलब्ध कराने की मांग की थी जिससे क्षेत्र की 3 लाख से अधिक की आबादी के मरीजों को इन सुविधाओं का लाभ मिले। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और स्टाफ तो अपनी ड्यूटी अच्छी तरह से निभा रहे हैं परंतु पर्याप्त सुविधाएं न होने के कारण मरीज परेशान होकर निजी अस्पतालों एक्स-रे अल्ट्रासाउंड पर अपनी महंगी जांच करने को लेकर मजबूर हैं। क्षेत्रवासियों ने यह सुविधा अस्पताल में उपलब्ध कराने की मांग की है जिससे जनता को इसका लाभ मिल सके।

## विवाहिता को दी तीन तालाक,पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के आदेश पर थाना क्षेत्र के गांव चकबेगमपुर निवासी रेहाना पुत्री इब्राहीम की तहरीर पर पति मौहम्मद कासिद, ससुर मेहंदी हसन,सास रूखसाना और ननद अक्शा परवीन के खिलाफ तीन तालाक एवं दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया है कि जनवरी माह में थाना पाकबड़ा निवासी मौहम्मद कासिद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से विवाह हुआ था। पिता ने हैसियत के अनुसार कार के लिए नकद पांच लाख रुपए सहित बीस लाख रुपए खर्च किए थे। ससुराल वाले बीस लाख की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। इन दिनों सात माह की गर्भवती हूं। कुछ दिनों पहले ससुरालियों ने एक राय होकर मारपीट कर घायल कर दिया। फोन पर पिता को मारपीट की जानकारी दी।

## समाचार

## किशोर लापता, परिजनों की तहरीर पर गुमसुदगी दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलपुरा लक्ष्मीपुर निवासी एक किशोर रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने काफी तलाश करने के बाद पुलिस से गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मलपुरा लक्ष्मीपुर निवासी सोमनाथ पुत्र राजाराम ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि उनका पोता सचिन (17 वर्ष) बुधवार की सुबह घर से गांव में सामान लेने गया था, लेकिन इसके बाद से वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। लापता सचिन का कद लगभग 5 फुट 5 इंच, रंग सांवला, चेहरे पर हल्की दाढ़ी, और उसने गुलाबी धारीदार शर्ट तथा काली लोअर पहन रखी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

## 22 दिन बीतने के बाद भी फूलवती हत्याकांड का पुलिस नहीं कर सकी पदार्फाश, व्यापारियों ने दी चेतावनी

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** 65 वर्षीय फूलवती हत्याकांड के 22 दिन बीत जाने के बाद भी ठाकुरद्वारा पुलिस अपराधियों का पदार्फाश नहीं कर पाई है। मामले में पिछले सप्ताह व्यापारियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी (बी) को चेतावनी दी थी कि 2 दिन के अंदर हत्याकांड का खुलासा किया जाए, लेकिन एक सप्ताह से अधिक बीत जाने के बावजूद पुलिस इस मामले में नाकाम साबित हो रही है। ठाकुरद्वारा के गांव माधोवाला निवासी मनोज कुमार चौहान, जो फोटो बाजार में रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान करते हैं, ने बताया कि उनकी माता फूलवती 30 सितंबर को अपने गांव से ठाकुरद्वारा आ रही थीं, लेकिन अचानक गायब हो गईं। उन्हें न तो दुकान पर और न ही गांव में कोई पता चला। 27 सितंबर को कमालपुरी, माधोवाला की जंगल में नहर की पटरी किनारे उनका शव मिला। उस दिन व्यापारियों ने रामू वाला गणेश चौराहे पर रोड जाम लगाकर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस ने समझा-बुझा कर महिला का पोस्टमार्टम कराया। व्यापारियों की चेतावनीरू 22 दिन बीत जाने के बाद भी खुलासा नहीं होने पर व्यापारी एक बार फिर पुलिस प्रशासन को चेतावनी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि अगले 3 दिन में हत्याकांड का खुलासा नहीं हुआ, तो वे प्रदेश के मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे। पुलिस कार्रवाईरू मनोज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। उच्च अधिकारियों ने बताया कि इस हत्याकांड के खुलासे के लिए 10 टीम लगातार अपराधियों की तलाश में लगी हुई हैं। इसके बावजूद 22 दिन बाद भी परिणाम न निकलने से व्यापारियों में पुलिस के प्रति आक्रोश बढ़ गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने कहा कि जल्द ही इस प्रकार का खुलासा किया जाएगा।

## गौ सेवा गतिविधि टीम ने कराया मृतक गाय का अंतिम संस्कार

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** गौ सेवा गतिविधि टीम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को सुबह फोन पर डॉ अशोक चौहान ने सूचना दी की मौढ़ी चौराहे से आगे एक निराश्रित गाय को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है। वह गाय काफी तड़प रही थी। गौ सेवा गतिविधि की टीम के पहुंचने से पहले ही गाय की मौत हो गई। टीम ने मृतक गाय का अंतिम संस्कार कराया। घटना की सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य गोयल को दी गई। ग्राम प्रधान एवं सेक्रेटरी को भी सूचना दी गई। मौके पर आकर पशु चिकित्सा अधिकारी ने गाय का परीक्षण किया। उनके द्वारा बताया गया की गाय को किसी अज्ञात बाहन ने टक्कर मारी है। इस कारण इसकी मौत हो गई। विकास शर्मा द्वारा इसकी सूचना तहसीलदार कांठ को दी। उनके द्वारा नगर पंचायत से जेसीबी मंगाकर गाय का अंतिम संस्कार कराया गया। इस अवसर पर,विकास शर्मा जिला संयोजक, अमित चौहान, विभाग संयोजक, पशु चिकित्सा अधिकारी आदित्य गोयल, डॉ अशोक चौहान, गौ सेवक गजेंद्र पाल सिंह, ग्राम प्रधान, जयप्रकाश, आदि लोगों के सहयोग से गौ माता का अंतिम संस्कार कराया गया।

## बाइक चुराकर अज्ञात चोर फरार

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर ने एक ग्रामीण की बाइक चुरा ली और फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ के ग्राम कासमपुर निवासी फहीम पुत्र मनन मंगलवार को दोपहर 2.00 बजे के करीब ग्राम मुख्तियारपुर नवादा में अपनी बाइक लेकर गया था। वहां से अज्ञात चोर ने उसकी स्प्लेंडर बाइक चुरा ली और फरार हो गया। पहले उसने बाइक की इधर-उधर तलाश की। इसके बाद अन्य लोगों से भी जानकारी ली। बाइक न मिलने पर वह थाना कांठ पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## कांठ क्षेत्र में आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** विद्युत विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार आज ( 16 अक्टूबर 2025 ) गुरुवार को कांठ क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। अधिशासी अधिकारी संजीव रस्तोगी ने बताया कि 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र अगवानपुर से निकलने वाली 33 केवी लाइन के निकट आ रहे पेड़ों की कटाई-छंटाई एवं लाइन की मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस कारण 33/11 केवी उपकेंद्र कांठ से पोषित 11 केवी फीडरों (कांठ टाउन, तहसील टाउन एवं कृषि फीडर) से जुड़े मोहल्लों, गांवों और निजी नलकूपों की बिजली आपूर्ति प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी सचिन रस्तौगी ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने आवश्यक कार्य पूर्व निर्धारित समय में निपटा लें। उन्होंने बताया कि इस कार्य से लगभग 7000 उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

## जमीनी विवाद में गाली गलौंज व मारपीट का लगाया आरोप

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** तहसील क्षेत्र के ग्राम दाढ़ी महमूदपुर में जमीनी विवाद को लेकर आपस में गाली गलौंज व मारपीट हो गई। पीड़ित ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम दाढ़ी महमूदपुर निवासी जाकिर ने थाना छजलेट में दिए गए प्रार्थना पत्र द्वारा अवगत कराया कि मेरे पास मेरे पूर्वजों की संपत्ति है। जिस पर मैं काबिज हूं। ग्राम डहरा निवासी एक व्यक्ति अपने साथ आधा दर्जन लोगों को लेकर आया और मेरी जमीन को अपना बताकर कब्जा करने लगा। मेरे मना करने पर उक्त सभी मेरे साथ गाली-गलौंज व मारपीट करने लगे। उक्त सभी ने मेरे घर पर भी तोड़फोड़ की है। मेरी गैर मौजूदगी में मेरे बच्चों के साथ घर पर आकर मारपीट व झगड़ा कर झूंठे आरोप में फंसाने की धमकी देते हुए चले जाते हैं। जबकि मेरा मुकदमा अदालत में विचाराधीन है। उक्त सभी लोग मेरी जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। पीड़ित व्यक्ति ने थाना छजलैट पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## पीपलसाना में बनी पुलिस चौकी, छात्राओं ने किया शुभारंभ

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल और एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने गांव पीपलसाना में नवनिर्मित पुलिस चौकी का शुभारंभ किया। इस मौके पर एसएसपी सतपाल अंतिल ने कहा कि क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने एवं आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव पीपलसाना में पुलिस चौकी की स्थापना की गई है। इस दौरान मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की भावना को आगे बढ़ाते हुए पीपलसाना निवासी छात्राओं ने अधिकारियों की उपस्थिति में चौकी का फीता काटकर शुभारंभ किया।

# जैसलमेर बस हादसा: सीएम भजनलाल ने अस्पताल में भर्ती घायलों से की मुलाकात



जोधपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती जैसलमेर जिले में बस में आग लगने से हुए हादसे के भर्ती घायलों की कुशलक्षेम पूछी। शर्मा जैसलमेर जिले के थईयात गांव के पास हुए इस हादसे के स्थल का दौरा करने के बाद मंगलवार देर रात जोधपुर पहुंचे जहां उन्होंने महात्मा गांधी अस्पताल में बर्न यूनिट में भर्ती घायलों की कुशलक्षेम पूछी और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने घायलों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढ़स बंधाया। उन्होंने घायलों को समुचित चिकित्सीय उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से प्रत्येक मरीज की चिकित्सकीय रिपोर्ट, जलन का प्रतिशत, उपचार पद्धति और आवश्यक संसाधनों की जानकारी विस्तार से प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जरूरत पड़ने पर बर्न स्पेशलिस्ट टीमों को तत्काल बुलाया जाए। साथ ही शर्मा ने बर्न यूनिट में वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सपोर्ट, इंटेंसिव केयर बेड्स और आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी भी ली। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिया कि हर मरीज के लिए विशेष चिकित्सकीय निगरानी दल (डेडिकेटेड डॉक्टर और नर्स) तैनात किया जाए ताकि 24 घंटे मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घायल के परिजन को अस्पताल में ठहरने, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये। शर्मा ने हादसे पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने पीड़ितों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया और कहा कि दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार परिजनों के साथ खड़ी हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री इस हृदयविदारक घटना की सूचना प्राप्त होते ही विशेष विमान से जयपुर से जैसलमेर पहुंचे जहां उन्होंने अधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने थईयात आर्मी एरिया में संबंधित अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त बस का निरीक्षण भी किया।

● शर्मा ने हादसे पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की

## संक्षिप्त समाचार

### उचित वेतन की मांग को लेकर अमेरिका के हजारों स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल पर

लॉस एंजिल्स। अमेरिका में हजारों स्वास्थ्यकर्मी उचित वेतन और समुचित सेवाशर्तों की मांग को लेकर पांच दिन के हड़ताल पर चले गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पश्चिमी तटीय इलाके में हुई इस हड़ताल से 500 से ज्यादा अस्पताल और चिकित्सा सुविधाएं प्रभावित हुये हैं। इनमें कैलिफोर्निया और हवाई इलाके के अस्पताल और लॉस एंजिल्स क्षेत्र के कई अस्पताल शामिल हैं। हड़ताल का मकसद उचित वेतन एवं सेवा शर्तें और रोगी देखभाल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह पांच दिवसीय हड़ताल मंगलवार को सुबह सात बजे शुरू हुई और रविवार सुबह सात बजे तक चलेगी। इसमें कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले यूनाइटेड नर्सेस एसोसिएशन ऑफ कैलिफोर्निया/यूनियन ऑफ हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स संगठन के 50 साल के इतिहास में यह सबसे बड़ी हड़ताल है। इस यूनियन ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि उनके न चाहते हुए भी हड़ताल का तरीका अपनाना पड़ा है।

### वेनेजुएला तट के पास जहाज पर अमेरिकी हमले में छह लोगों की मौत

वाशिंगटन, 15 अक्टूबर (वेब वार्ता)। अमेरिकी सेना ने मंगलवार को वेनेजुएला तट के पास अंतर्राष्ट्रीय समुद्री इलाके से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे एक जहाज पर हमला किया, जिससे उसमें सवार छह लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर यह जानकारी दी है। श्री ट्रम्प के अनुसार, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने कहा है कि जहाज मादक पदार्थ के आतंकवादी नेटवर्क से जुड़ा था। इस नए अभियान के साथ, सितंबर से अब तक वेनेजुएला के निकट मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले संदिग्ध जहाजों पर अमेरिकी सैन्य हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 27 हो गयी है। इस महीने की शुरूआत में, ट्रम्प प्रशासन ने देश की संसद या कांग्रेस को बताया था कि अमेरिका उन नशे का सामान बेचने वालों के साथ एक 'गैर-अंतर्राष्ट्रीय सशस्त्र संघर्ष' में है जिन्हें उसने आतंकवादी संगठन घोषित किया है और उनके सदस्यों के साथ 'गैरकानूनी लड़ाकों' जैसा व्यवहार करेगा। प्रशासन ने इन नशे के कारोबारियों के नाम उजागर नहीं किए। उधर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने बार-बार अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह देश में सत्ता परिवर्तन और लैटिन अमेरिका में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाने के बहाने कार्टेल की धमकियों का इस्तेमाल कर रहा है।

### उत्तरपूर्व ऑस्ट्रेलिया में घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत

सिडनी। उत्तरपूर्वी ऑस्ट्रेलियाई राज्य क्वींसलैंड में सुबह एक घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी। सुबह स्थानीय समयानुसार लगभग छह बजे, ब्रिस्बेन से 400 किलोमीटर उत्तर में स्थित ग्लैडस्टोन शहर में एक दो मंजिला घर में लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन और बचाव दल को तैनात किया गया। बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 6 बजे, ब्रिस्बेन से 400 किलोमीटर उत्तर में स्थित ग्लैडस्टोन शहर में एक दो मंजिला घर में लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन और बचाव दल को तैनात किया गया। जब तक टीमें पहुंचीं तब तक घर पूरी तरह से आग की चपेट में आ चुका था और आग पर काबू पाने से पहले ही आंशिक रूप से ढह गया था। तीन लोगों के शव बाद में तलाशी के दौरान मिले जो शुरू में लापता बताए जा रहे थे। अधिकारियों को आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने आग लगने की परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी।

### चीन में हैनान के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप

बीजिंग। दक्षिण चीन के हैनान प्रांत के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी लुओ जेंगबिन पर रिश्वत लेने के आरोप में अभियोग लगाया गया है। यह जानकारी सर्वोच्च जन अभियोजक ने बुधवार को दी। श्री लुओ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की हैनान प्रांतीय समिति की स्थायी समिति के सदस्य और हैनान की राजधानी हाइकोऊ की सीपीसी नगरपालिका समिति के सचिव रह चुके हैं। लुओ पर आरोप है कि उन्होंने सिचुआन प्रांत और हैनान प्रांत में विभिन्न पदों पर रहते हुए दूसरों को लाभ पहुंचाया जबकि बदले में उन्होंने अवैध रूप से बहुत बड़ी मात्रा में धन एवं उपहार स्वीकार किया। यह मामला मध्य चीन के हुनान प्रांत के चेनझोउ शहर के जन अभियोजक द्वारा शहर की मध्यवर्ती जन अदालत में दायर किया गया है।

### संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में राहत अभियान तेज किया

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के विशेषज्ञों ने मंगलवार को कहा कि युद्धविराम के बाद से गाजा में राहत अभियान तेज हो रहे हैं। हालांकि, इस बीच इजरायल ने राहत सामग्री से भरे ट्रकों की संख्या पर नई सीमा तय कर दी है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, रविवार को इजराइली अधिकारियों ने 817 राहत ट्रकों को गाजा में प्रवेश की अनुमति दी। सोमवार के आंकड़े अभी नहीं मिले हैं और और मंगलवार को कोई राहत सामग्री नहीं पहुंचाई गई। न्यूज एजेंसी के अनुसार, बताया गया कि सोमवार को आए कुछ ट्रक अब भी सीमा चौकियों पर खड़े हैं और उन्हें गाजा के भीतर वितरण के लिए नहीं ले जाया गया है।

# बांग्लादेश में फैक्ट्री में लगी भीषण आग, झुलसने से 16 लोगों की मौत



**सुबह करीब 11:40 बजे आग बुझाने के लिए कम से कम 12 फायर ब्रिगेड की यूनिट मौके पर पहुंचीं। अधिकारी के अनुसार, सात मंजिला कपड़ा फैक्ट्री में आग तीसरी मंजिल से लगी थी और काफी हद तक बुझ चुकी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अग्निशमन कर्मी अभी भी केमिकल फैक्ट्री में आग पर पूरी तरह से काबू पाने के लिए काम कर रहे हैं। दरअसल, यहां ब्लीचिंग पाउडर, प्लास्टिक और हाइड्रोजन पेरोक्साइड सहित खतरनाक सामग्री रखी हुई थी। इस वजह से यहां आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।**

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक कपड़ा फैक्ट्री और एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस घटना में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। हवाले से बताया कि ये दोनों इमारतें बांग्लादेश यूनिवर्सिटी ऑफ बिजनेस एंड टेक्नोलॉजी के सामने अगल-बगल में स्थित हैं। ढाका के अग्निशमन सेवा मुख्यालय के अधिकारी तल्हा बिन जशीम ने शिन्हुआ को बताया, 'ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल और ढाका स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 12 शव लाए गए।'

सुबह करीब 11:40 बजे आग बुझाने के लिए कम से कम 12 फायर ब्रिगेड की यूनिट मौके पर पहुंचीं। अधिकारी के अनुसार, सात मंजिला कपड़ा फैक्ट्री में आग तीसरी मंजिल से लगी थी और काफी हद तक बुझ चुकी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अग्निशमन कर्मी अभी भी केमिकल फैक्ट्री में आग पर पूरी तरह से काबू पाने के लिए काम कर रहे हैं। दरअसल, यहां ब्लीचिंग पाउडर, प्लास्टिक और हाइड्रोजन पेरोक्साइड सहित खतरनाक सामग्री रखी हुई थी। इस वजह से यहां आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। एक अन्य अग्निशमन अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर चेतावनी दी कि आग में मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है। दूसरी ओर आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। सुरक्षा अधिकारियों की ओर से अभी तक इस घटना पर कोई बयान सामने नहीं आया। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश (यूएनबी) की रिपोर्ट के अनुसार, अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा के निदेशक (संचालन एवं रखरखाव) लेफ्टिनेंट कर्नल ताजुल इस्लाम चौधरी ने बताया कि अब तक नौ लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा, 'तलाशी अभियान अभी भी जारी है। ताजुल इस्लाम ने कहा कि उन्हें संदेह है कि मजदूरों की मौत केमिकल विस्फोट के बाद जहरीली गैस की वजह से हुई होगी। हालांकि, सटीक कारण जांच के बाद पता चलेगा। उन्होंने कहा कि 'रासायनिक गोदाम में लगी आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है, इसलिए यह इलाका बेहद जोखिम भरा बना हुआ है। किसी को भी कारखाने के पास जाने की अनुमति नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से आग लगने वाली जगह से कम से कम 300 गज की दूरी बनाए रखने का आग्रह किया। अग्निशमन सेवा एवं नागरिक सुरक्षा मीडिया विभाग के अधिकारी तल्हा बिन जशीम ने बताया कि आग सुबह लगभग 11:40 बजे (स्थानीय समयानुसार) लगी और तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। सूचना मिलने के बाद, सात अग्निशमन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयासों में जुट गईं।

## हवाला की राशि अपने पास रखने के मामले में 8 पुलिसकर्मी गिरफ्तार, 3 फरार



सिवनी। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में लगभग एक करोड़ 45 लाख रुपए की हवाला की रकम के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 पुलिसकर्मियों के खिलाफ लखनवाड़ा थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में अब तक 8 आरोपी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 3 अन्य अभी भी फरार हैं।

यह एफआईआर जबलपुर आईजी के निर्देश पर दर्ज की गई। इससे पहले, आईजी ने जबलपुर एडिशनल एसपी क्राइम आयुष गुप्ता को मामले की जांच सौंपी थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही आईजी ने लखनवाड़ा थाने में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। आरोपियों में सीएसपी पूजा पांडे और बंडोल थाना प्रभारी (एसएचओ) अर्पित भैरम समेत कुल 11 पुलिसकर्मी शामिल हैं। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, छिंदवाड़ा डीआईजी राकेश सिंह भी सिवनी पहुंचे हैं। इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का भी गठन किया गया है। चार सदस्यीय यह विशेष टीम पूरे मामले की जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। एसआईटी ने अपनी जांच शुरू कर दी है। पुलिसकर्मियों पर डकैती, अपहरण और आपराधिक षड्यंत्र जैसी गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीआईजी राकेश सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा, पुलिसकर्मियों ने चेकिंग के दौरान एक आदमी के वाहन से लगभग 2 करोड़ 96 लाख रुपए बरामद किए थे। लेकिन उस राशि को जमा न करके उस रकम का एक बड़ा हिस्सा अपने पास रखना और कोई कानूनी कार्रवाई न करना अपने आप में एक गंभीर अपराध है। उन्होंने बताया कि जिसका पैसा था उसने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। मामले की जानकारी होने पर मामले की जांच की जा रही है। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों से भी पूछताछ की जा रही है। इस घटना में 11 पुलिसकर्मी दोषी बनाए गए हैं, जिनमें से 8 पुलिसकर्मी गिरफ्तार कर लिए गए हैं।

# पाली में 11 लाख रुपए का 4,660 किलो मिलावटी मावा जब्त



पाली। त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले ही खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों पर बड़ी नकेल कसी है। राजस्थान के खाद्य विभाग की टीम ने पाली शहर में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 4,660 किलोग्राम मिलावटी मावा जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रुपए बताई जा रही है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश शर्मा के नेतृत्व में विभाग की टीम ने यह कार्रवाई पाली शहर के बांगड़ अस्पताल के पास उस समय की, जब बीकानेर से आई दो ट्रेवल बसें यहां रुकी हुई थीं। ये बसें मावा भरकर पाली, सुमेरपुर, शिवगंज, सिरोही और अहमदाबाद जैसे विभिन्न जिलों की ओर जा रही थीं। विभाग ने बसों से 231 डिब्बों में भरा यह मावा जब्त किया। मावे के साथ-साथ रसगुल्ला और सोनपापड़ी के कुछ पैकेट भी जब्त किए गए हैं। टीम को मावा की ढुलाई से संबंधित कोई वैध बिल या स्वीकृति पत्र नहीं मिला। प्रारंभिक जांच में जब्त मावे में स्टार्च की मात्रा अत्यधिक पाई गई है। स्वास्थ्य विभाग ने इस गंभीर मिलावट को देखते हुए तुरंत आदेश दिए हैं कि इस पूरे मावे को बाजार तक पहुंचने से रोकने के लिए गड्ढा खुदवाकर नष्ट किया जाएगा।

विभाग की इस बड़ी कार्रवाई से त्योहारी सीजन में मिलावट करने वालों में हड़कंप मच गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने साफ कर दिया है कि वह आने वाले त्योहारों में उपभोक्ताओं को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए लगातार सतर्क रहेगा और ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई जारी रखेगा। खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि मावा कहां सेलाया जा रहा था और इसको कहां पहुंचाना था, पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। इसके साथ ही मावा किसका है और बस ने कहां-कहां उतारा है, उसके खिलाफ भी जांच की जा रही है। फिलहाल अभी सभी मावा को गड्ढा खुदवाकर नष्ट करा दिया गया है। दुकानदारों को भी सलाह दी गई है कि कोई मिलावटी का सामान न बेचें।

## सीएम माझी की दूरदर्शी परियोजना, ओडिशा को क्योंझर के सनाघागरा में मिलेगा दूसरा क्षेत्रीय पादप संसाधन केंद्र

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने लोक सेवा भवन में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और क्योंझर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में क्योंझर जिले के सनाघागरा में राज्य के दूसरे क्षेत्रीय पादप संसाधन केंद्र (आरपीआरसी) की स्थापना पर चर्चा की गई। यह आगामी केंद्र मुख्यमंत्री माझी की एक स्वप्निल परियोजना है, जिसे भुवनेश्वर स्थित मौजूदा आरपीआरसी के बाद राज्य का दूसरा प्रमुख जैव-विविधता एवं अनुसंधान केंद्र माना जा रहा है। इसे लगभग 134 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, यह केंद्र जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण-पर्यटन, अनुसंधान, शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देगा। प्रस्तावित केंद्र में थीम आधारित उद्यान और प्राकृतिक अनुभव क्षेत्र होंगे, जहां ओडिशा की विविध आर्किड प्रजातियां, गुलाब, बांस, कैक्टस और जंगली फलों का आकर्षक प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री माझी ने निर्देश दिया कि इस स्थल को सालभर खुला रहने वाला पर्यटक आकर्षण बनाया जाए। उन्होंने क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही को देखते हुए मानव-हाथी संघर्ष रोकने के उपाय जैसे गहरी खाइयों के निर्माण का निर्देश दिया। साथ ही, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए मच्छकंदना नदी के प्राकृतिक जल प्रवाह को संरक्षित रखने पर बल दिया। परियोजना में आर्किड संरक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र, कमल उद्यान, फर्न उद्यान, जंगली खाद्य फलों का उद्यान, औषधीय पौधों का उद्यान, पुष्प बाजार और बच्चों के खेल क्षेत्र शामिल होंगे। निर्माण में स्थानीय पत्थर और लकड़ी जैसी सामग्रियों का उपयोग किया जाएगा।

मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी

# तमिलनाडु में भारी बारिश: 12 जिलों के लिए अलर्ट जारी



चेन्नई। तमिलनाडु के कई हिस्सों में, खासकर चेन्नई में बुधवार को भारी बारिश जारी रही। लगातार हो रही बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और मौसम विभाग ने राज्य के 12 जिलों में अलर्ट जारी किया है।

चेन्नई स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने चेतावनी दी है कि राज्य के पहाड़ी और तटीय इलाकों में तेज से बहुत तेज बारिश हो सकती है। दक्षिण और पश्चिम के कई जिलों में आंधी और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार, कोयंबटूर, नीलगिरी, डिंडीगुल, थेनी, विरुधुनगर, मदुरै, शिवगंगा, रामनाथपुरम, थूथुकुडी, तेनकासी, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी सहित कई जिलों में दिन के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी से भरी पूर्वी हवाएं दक्षिण भारत के ऊपर बने वायुमंडलीय दबाव तंत्र से टकरा रही हैं, जिससे बारिश बढ़ रही है। चेन्नई में सुबह से शुरू हुई बारिश रुक-रुक कर दिनभर जारी रही, जिससे कई जगह पानी भर गया। आसमान आंशिक रूप से बादलों से ढका रहेगा और शाम के समय कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ मध्यम से तेज वर्षा हो सकती है। शहर में अधिकतम तापमान करीब 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। दक्षिण और पश्चिमी जिलों में बारिश तेज होने के कारण जिला प्रशासन को स्कूल और कॉलेज बंद करने का निर्णय स्थानीय मौसम स्थिति के आधार पर लेने को कहा गया है। हालांकि चेन्नई और चेंगलपट्टू में लगातार बारिश के बावजूद शाम तक स्कूल बंद करने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई थी। मौसम विभाग ने मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी है। मन्नार की खाड़ी, कुमारी सागर, केरल तट, दक्षिण-पूर्व अरब सागर और लक्षद्वीपझ्मालदीव क्षेत्र में 35 से 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और कभी-कभी 55 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है। इन क्षेत्रों में समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं, इसलिए मछुआरों को तट पर ही रहने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, जलभराव वाले इलाकों से दूर रहें और स्थानीय प्रशासन तथा आपदा प्रबंधन टीमों की सलाह का पालन करें।

## हत्या के प्रयास के आरोपी को वायरल वीडियो के बाद पुलिस ने दबोचा

महाराष्ट्र। नासिक पुलिस ने अपराध शाखा इकाई-1 की त्वरित कार्रवाई के जरिए हत्या के प्रयास के एक फरार आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक और सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) संदीप मिटके के निर्देश पर की गई। गिरफ्तारी तब हुई, जब आरोपी का हमला करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। दोपहर में पंचवटी थाना क्षेत्र के नागचौक में चेतन उर्फ युवराज परदेशी और निरंजन वाघमारे ने स्थानीय निवासी इस्मा पर मोटरसाइकिल से पीछा कर हमला किया। दोनों आरोपियों ने धारदार हथियार से इस्मा पर वार किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। इस हमले से इलाके में दहशत फैल गई। पंचवटी पुलिस ने इस मामले में महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 109(1), 3(5), और 135 के तहत मामला दर्ज किया। हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने अपराध शाखा को तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया। 14 अक्टूबर को अपराध शाखा इकाई-1 के पुलिसकर्मी विशाल काटे और मुक्तार शेख को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी चेतन परदेशी भद्रकाली क्षेत्र के शिवाजी चौक में देखा गया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक डॉ. आंचल मुद्गल के मार्गदर्शन में टीम ने तुरंत जाल बिछाकर चेतन को गिरफ्तार कर लिया। उसे आगे की कार्रवाई के लिए पंचवटी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। इस ऑपरेशन में पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक, उपायुक्त (अपराध) किरण कुमार चव्हाण, सहायक आयुक्त संदीप मिटके और वरिष्ठ निरीक्षक डॉ. आंचल मुद्गल के मार्गदर्शन में अपराध शाखा की टीम ने हिस्सा लिया। शामिल पुलिसकर्मियों में सुदाम सांगले, विशाल काटे, मुक्तार शेख, नाजिम पठान, संदीप, और अन्य शामिल थे।

## जहरीले पदार्थ मिलने के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर बढ़ाई गई सतर्कता

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के औषधि एवं खाद्य नियंत्रण संगठन (डीएफसीओ) ने तीन कफ सिरप ब्रांड्स की बिक्री, वितरण और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। ये कदम तब उठाया गया है जब इन दवाओं की लैब जांच में यह पाया गया कि इनमें जहरीला पदार्थ डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में मौजूद है। बता दें कि डीईजी एक ऐसा रसायन है, जो काफी जहरीला होता है और इससे स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। इस जहरीले तत्व के कारण पहले ही मध्य प्रदेश और राजस्थान में कई बच्चों की मौतें हो चुकी हैं। सरकारी बयान में कहा गया कि इस कार्रवाई के पीछे केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत काम करने वाली केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण कार्यक्रम की रिपोर्ट है। इस रिपोर्ट में इन तीन कफ सिरप ब्रांड्स में डीईजी की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई। यह जानकारी मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर के स्वास्थ्य विभाग ने तुरंत प्रभाव से इन दवाओं को प्रतिबंधित कर दिया। इन तीनों दवाओं में रिलीफ सिरप, रेस्पीफ्रेश-टीआर सिरप और कोल्ड्रिफ सिरप शामिल हैं। रिलीफ सिरप, जो कि एम्ब्रोक्सोल एचसीएल, टरबुटालाइन सल्फेट, गुइफेनेसिन और मेंथॉल युक्त है, इसे गुजरात की शेप फार्मा प्राइवेट लिमिटेड बनाती है और लियो लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड इसके विपणन की जिम्मेदारी संभालती है। वहीं रेस्पीफ्रेश-टीआर सिरप, जिसमें ब्रोमहेक्सिन हाइड्रोक्लोराइड, टरबुटालाइन सल्फेट, गुइफेनेसिन और मेन्थॉल होते हैं, उसे अहमदाबाद की रेडनेक्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड बनाती है, और स्मार्टवे वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड इसे बेचती है। तीसरा सिरप कोल्ड्रिफ है, जिसमें पेरासिटामोल, फिनाइलफ्राइन हाइड्रोक्लोराइड और क्लोरफेनिरामाइन मैलेट शामिल हैं, जिसे तमिलनाडु की श्रीसन फार्मास्युटिकल्स बनाती है।

## 48 साल से फरार हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार, 1977 में दर्ज हुआ था मामला

मुंबई। मुंबई पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो पिछले 48 सालों से फरार था। कोलाबा पुलिस ने 71 वर्षीय चंद्रशेखर मधुकर कालेकर को लालबाग से गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफ 1977 में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, 1977 में, जब वह 23 वर्ष का था, कालेकर को अपनी प्रेमिका पर धोखा देने का शक हुआ और उसने कथित तौर पर कोलाबा में उसे चाकू मार दिया। उस समय उसे गिरफ्तार किया गया, लेकिन बाद में कोर्ट से जमानत मिल गई। हालांकि, जमानत पर रिहा होने के बाद वह किसी भी अदालती तारीख पर हाजिर नहीं हुआ। इसके चलते अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था और पुलिस कई सालों से उसकी तलाश कर रही थी, लेकिन चॉल के पुनर्विकास के कारण वह कई बार ठिकाना बदल चुका था, जिससे पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। छह महीने पहले कोलाबा पुलिस ने इस पुराने मामले को फिर से खोला। टीम ने लालबाग स्थित उसके पुराने घर का दौरा किया, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। पुलिस ने मुंबई के कई इलाकों में उसकी खोज की, मतदाता सूची की जांच की, लेकिन उसका नाम कहीं नहीं मिला। जांच के दौरान, पुलिस ने आरटीओ और अदालती मामलों की जानकारी के लिए आवेदनों की जांच की, जिसमें रत्नागिरी जिले के दापोली पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ दर्ज 2015 के एक आपराधिक मामले का रिकॉर्ड मिला, जिसमें गाड़ी चलाते समय एक व्यक्ति को घायल करने के आरोप में उसकी गिरफ्तारी हुई थी। दापोली पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के आधार पर, कोलाबा पुलिस की एक टीम उसके घर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। 48 साल बाद पुलिस को अपने दरवाजे पर देखकर 71 वर्षीय कालेकर हैरान रह गया और लगभग उस मामले को भूल चुका था। पुलिस अधिकारी के अनुसार, पुरानी तस्वीरों से उसे पहचानना मुश्किल था, लेकिन पूछताछ करने पर उसने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।

